# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-11-2022

# दो आरोपी गिरफ्तार

फुटहवा ईनार। चौरी चौरा थाना प्रभारी मय फोर्स के साथ मुखबिर की सूचना पर दो फरार अभियुक्तों अमन पुत्र रघुवीर तथा आजाद पुत्र नियाजुद्दीन निवासी डुमरी खुर्द थाना चौरी चौरा को गुरुवार की दोपहर में डूमरी खुर्द तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। डुमरी खुर्द निवासी श्याम सुन्दर सिंह ने बैल छोड़ने से मना किया तो दोनो आरोपियों ने लाठी तथा राड से मारपीट कर बुरी तरह घायल करने के आरोप में पुलिस ने दोनो के खिलाफ धारा 336,308,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनो की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के दोनो आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## जालसाज ने एचडीएफसी बैंक का फर्जी ग्राहक सेवा केंद्र खुलवा दिया

जगदीशपुर। खोराबार थाना क्षेत्र के कुसम्ही बाजार में एचडीएफसी बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र का फर्जी शाखा खुलवा दिया। बताया जाता है कि जालसाज युवक झांसा देकर पैसा ले लिया। कुसम्ही बाजार निवासी रोहित कुमार पुत्र अशोक कुमार मोदनवाल इसका शिकार हो गये। जालसाजी करने वाला युवक आलोक शर्मा पुत्र प्रमोद कुमार शर्मा है। वह निवासी गोपालगंज बिहार राज्य का रहने वाला है रोहित कुमार ने मैनेजर से बात किया तो तब पता चला कि फर्जी ब्रान्च खुलवाया है। रोहित ने जालसाजी करने वाले युवक के खिलाफ खोराबार थाने पर तहरीर दिया है।

# आरोपी युवक के खिलाफ दुराचार का केस

**खोराबार (एसएनबी)।** खोराबार थाना क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक सम्बंध बनाने तथा शादी करने से इंकार कर देने के मामले में पुलिस युवती की तहरीर पर शाहपुर थाना क्षेत्र के पादरी बाजार मोहनापुर के रहने वाले एक युवक के खिलाफ धारा 376आई पी सी के तहत मुकदमा दर्ज कर आ अभियुक्त की तलाश कर रही हैं। सनद रहे कि युवती का एक रिस्तेदार युवक उससे शादी करने का वादा करके चार साल से शारीरिक सम्बंध बनाता रहा। युवती जब शादी करने के लिए दबाव बनाने लगी तो युवक मुकर गया। युवती खोराबार थाने पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी थी। जिसके आधार पर पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ धारा 376 आई पी सी के तहत केस दर्ज करके अभियुक्त की तलाश कर रही है।

# फर्जी दस्तावेज के सहारे नौकरी करने वाले पर केस

**भटहट (एसएनबी)।** गुलरिहां इलाके के रामपुर बुजुर्ग में स्थित प्रावि में पूर्व में तैनात सहायक अध्यापिका के खिलाफ फर्जी व कूटरचित दस्तावेज एवं दूसरे के स्थान पर नौकरी करने का आरोप है पुलिस ने केस दर्ज कर लिया गया है। दो माह पहले ही शिक्षिका की सेवा समाप्त कर दी गई थी। बीएसए के निर्देश पर बीईओ भटहट ने थाने पर तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। भटहट में तैनात बीईओ अमित चौहान ने थाने में दिए तहरीर में लिखा है कि ममता कुमारी पुत्री शंकर प्रसाद जो प्रावि रामपुर बुजुर्ग विकास खण्ड भटहट में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थी। शिक्षिका का स्थायी पता सेवा पंजिका में ग्राम विशुनपुरा, पोस्ट डोल छपरा, सलेमपुर-देवरिया व पत्र व्यवहार का पता 94 सी अशोकनगर बशारतपुर गोरखपुर अंकित है। इस अध्यापिका की सेवा बीएसए द्वारा 13 सितंबर द्वारा समाप्त कर दी गयी है। ममता द्वारा फर्जी व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर दूसरे के स्थान पर नौकरी किया जा रहा था। जिसके सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा गुलरिहां थाने मे प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए अधीकृत किया गया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर एमके पाण्डेय ने बताया कि दूसरी ममता के स्थान पर नौकरी हकरने वाली शिक्षिका आरोपित ममता के खिलाफ धारा 420,467,468 471 आईपीसी के तहत केस दर्ज विवेचना किया जा रहा है।

# मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने मारी ठोकर, दो पुलिसकर्मी घायल

**टिकरीया रोड (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरहरी चौकी अंतर्गत टिकरीया रोड पर मलंगस्थान चौराहे पर मिट्टी लदी अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली की ठोकर से महराजगंज जनपद के पनियरा थाना क्षेत्र के मुजूरी पुलिस चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल उमेन्द्र सिंह और हरेंद्र सिंह जो बाइक से विभागी कार्यो हेतु गोरखपुर जा रहे थे गंभीर रूप से घायल हो गए जिसकी सूचना पर मौके पर पहुंची सरहरी पुलिस और स्थानीय लोगो की मदद से निजी साधन से दोनों घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजा गया हेड कस्टेबल उमेंद्र सिंह और हरेंद्र सिंह महराजगंज जनपद के पनियरा थाना अंतर्गत मुजुरी पुलिस चौकी पर तैनात है दोनों विभागीय कार्य के लिए गोरखपुर जा रहे थे की मलंगस्थान चौराहे के पास अनियंत्रित मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली ने ठोकर मार दिया बाइक सड़क से कुछ दूर झाड़ियों में चला गया और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए ट्रैक्टर ट्राली चालक लेकर फरार हो गया।सूचना पर पहुची गुलरिहा पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से घायलों को मेडिकल कालेज भेजवा दिया।सरहरी चौकी क्षेत्र में मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली और डम्पर का तेज गति से आना जाना लगा रहता है।

# मुकदमा दर्ज, फिर भी धमकी दे रहे अभियुक्त

**गोरखपुर (एसएनबी)।** दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखा सारा सामान फेंक दिया गया। यही नहीं काउंटर में रखा चार लाख, दुकान का एग्रीमेंट और बैंक पासबुक व अन्य कागजात दबंगों द्वारा लूट लिया गया। कैंट पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन अभियुक्त अभी भी बेखौफ धमकी दे रहे हैं। इधर पीड़ित कभी थाने तो कभी पुलिस अधिकारियों के यहां चक्कर लगा रहा है। कैंट थाना क्षेत्र के कूड़ाघाट सोनार गली में गुप्ता वाच सेंटर नामक दुकान पिछले 22 वर्षो से कमलेश गुप्ता चलाते थे। 6 नवंबर की रात में मकान मालिक के दामाद के सहयोगियों ने दुकान का ताला तोड़कर सारा सामान दुकान के बाहर फेंक दिया। घटना की जानकारी जब दुकान मालिक को हुई तो दुकान मालिक ने सड़क पर फेंका हुआ सामान दुकान के अंदर रख दिया और देखा कि कैश काउंटर में रखा नकदी व दुकान का मूल एग्रीमेंट, बैंक का पासबुक व आवश्यक कागजात गायब है। पीड़ित ने कैंट थाने में तहरीर दी। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया। दुकान में ताला कमलेश लगा दिये थे लेकिन अभियुक्तों ने ग्राइंडर से पुलिसिया सहयोग से तोड़ दिया। चौकी की पुलिस सहयोग नहीं कर रही है व अभियुक्त जानमाल की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित 90 दिनों से दुकान बंद रखा है जिसके चलते परिवार भूखमरी की स्थिति में आता जा रहा है। अपर पुलिस महानिदेशक से भी पीड़ित मिल चुका है। जनता दरबार में सीएम को अपने बातों से अवगत कराया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई और अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं।

# पंचायत में दामाद ने ससुरालियों पर चाकू से किया हमला, छह घायल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम बरईपार में बुधवार की देर रात पंचायत के जीजा ने साले के ससुराल पक्ष के लोगों पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें दो महिला समेत चार घायल लोग घायल हो गए हैं । घायलों में दो की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया है।

**तीन साल पहले बहन की हुई थी शादी, लगातर हो रहा था उत्पीड़न**

**पंचायत में सुलह समझौता के लिए बुलाया गया था दामाद**

**पाली प्रतिनिधि** के मुताबिक संत कबीर नगर जनपद के मगहर चौकी क्षेत्र के रानी बाग निवासी अरुण कुमार गुप्ता अपनी बहन की शादी तीन वर्ष पूर्व सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम बरईपार निवासी राजीव कुमार गुप्ता से किया था । ससुराल में बहन का लगातार उत्पीड़न हो रहा था । भाई ने बहन के घर बुधवार को पंचायत बुलाया जिसमें दोनों पक्षों के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद भी उपस्थित थे । पंचायत चल ही रही थी कि बहन के घर का दामाद राजीव गुप्ता घर के अंदर से चाकू लेकर बाहर आया और हमला बोल दिया । लोग कुछ समझ पाते कि पंचायत में मौजूद सुरजीत कुमार गुप्ता,बंशीधर यादव, विद्याधर यादव,शंभू यादव समेत सरोजा देवी और युवती सुषमा घायल हो गईं हैं । घायलों में शंभू यादव व सुरजीत की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है इन्हें इलाज के लिए मेडिकल कलेज में भर्ती कराया गया है । वहीं विद्याधर यादव, सरोज व सुषमा, वंशीधर यादव को जिला अस्पताल गोरखपुर में ले जाया गया।

मुख्य आरोपी राजीव कुमार गुप्ता को पुलिस ने बरईपार चौराहे के पास से चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया है । पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने- बलवा, मारपीट, आर्म एक्ट व जानलेवा हमले जैसै धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई को तेज कर दिया है। इस मामले में सीओ कैंपियरगंज योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है। आरोपित राजीव कुमार गुप्ता को चाकू के साथ गिरफ्तार भी कर लिया।

# मोबाइल कोर्ट में साढ़े तीन सौ दिव्यांगों की समस्याओं पर विचार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जनपद में पहली बार दिव्यांगजनों की शिकायत एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित कोर्ट में 350 दिव्यांगजन उपस्थित हुए।

**शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक समस्याओं का होगा त्वरित समाधान**

उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन आयुक्त अजीत कुमार सिंह ने बताया कि मोबाइल कोर्ट के माध्यम से प्रदेश के सभी दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा दिव्यांगता प्रमाण पत्र तथा यूडीआईडी कार्ड बनवाने में आ रही समस्याओं का निराकरण निर्धारित समय के अंदर करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

राज्य आयुक्त ने बताया कि दिव्यांगजनों की शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया है। कोर्ट में 18 वर्ष तक की आयु के दिव्यांग बच्चों की निःशुल्क एवं उचित वातावरण में शिक्षा, शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश हेतु आरक्षण, शासकीय रोजगार एवं नौकरियों में आरक्षण, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत शासकीय आदेश एवं अन्य सरकारी निर्देशों के तहत प्रदत्त अधिकारों एवं सुविधाओं से संबंधित शिकायतें सुनी गई। इसके अलावा दिव्यांगता के आधार पर किसी भी प्रकार की भेदभाव और दिव्यांगों के अधिकारों के हनन से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है।



बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह में राज्य आयुक्त दिव्यांगजन उ.प्र. के तत्वावधान में दिव्यांगजनो की समस्याओं के निराकरण हेतु मोबाइल कोर्ट में दिव्यांगजन छात्र/छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते राज्य आयुक्त दिव्यांगजन अजीत कुमार साथ में उप आयुक्त शैलेन्द्र कुमार सोनकर व अन्य।

उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन उपायुक्त शैलेंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि मोबाइल कोर्ट में दिव्यांगता प्रमाण पत्र के अलावा राशन कार्ड, दिव्यांगता पेंशन, कानूनी सहायता सहित कई सुविधाओं के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार निःशक्तजनों के अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति काफी संवेदनशील है। प्रयास है कि विभिन्न योजनाओं में निःशक्तजनों की भागीदारी बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं में दिव्यांगजनों की पूरी भागीदारी सुनिश्चित कराना सरकार की प्राथमिकता में हैं। नए अधिनियम में निःशक्तजनों की उपेक्षा करने पर दंड का भी प्रावधान कर दिया गया है। जिसमें जुर्माना से लेकर सजा तक हो सकती है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि दिव्यांगजनों के साथ भेदभाव न हो सके। निःशक्त जनों से भेदभाव करना सामाजिक और कानूनन दोनों तरह से अपराध है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी संदीप मौर्य ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगों के लिए जरूरत के हिसाब से हर प्रकार के अत्याधुनिक संसाधन निशुल्क देने की व्यवस्था है। इसमें व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, कृत्रिम हाथ, कृत्रिम पैर, कान की मशीन और मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल शामिल है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन पुरूषोत्तम दास गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ,जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशुतोष पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) वेद प्रकाश मिश्र,लक्ष्मी शंकर जायसवाल रविकांत पांडेय, सचिंद्रनाथ मिश्र, आशीष कुमार सहित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हेराफेरी के मामले में ग्राम पंचायत अधिकारी गिरफ्तार

## प्रधानमंत्री आवास योजना में किया था लाखों का हेराफेरी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पिपराइच इलाके के जंगल धूषण गांव में प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत छह आपात्रों को सात लाख बीस हजार रुपये के हेराफेरी के मामले में पिपराइच पुलिस ने वृहस्पतिवार को ग्राम विकास अधिकारी प्रियंका नायक को शाहपुर इलाके से गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि हेराफेरी के मामले में चारगांवा खंड विकास अधिकारी की जांच में गबन का राज खुला था। इस मामले में एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर पिपराइच पुलिस ने 306 ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश में जुटी थी।

पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पीएम आवास योजना के तहत गरीब लोगों को आवास निर्माण के लिए सरकार द्वारा पैसा अवमुक्त किया जाता है। इसी क्रम में चारगांवा ब्लॉक के जंगल धूषण के रहने वाले छह आपात्र लोगों का ग्राम विकास अधिकारी प्रियंका नायक ने सात लाख बीस हजार रुपये अवमुक्त कर दिया। सरकारी धन का बंटरबांट का मामला सामने आने के बाद चारगांव खंड विकास अधिकारी ने जांच किया तो हेराफेरी का मामला खुलकर सामने आ गया।

पिपराइच प्रतिनिधि के मुताबिक खंड विकास अधिकारी ने हेराफेरी के मामले में एसएसपी को पत्र देकर केस दर्ज कराने की बात कहीं। एसएसपी के आदेश पर बीते 21 सितम्बर 22 को वर्तमान ग्राम सचिव वकील कुमार ने पिपराइच थाने में मुकदमा संख्या 558/22 धारा 409 का मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमा दर्ज होने के बाद ग्राम विकास अधिकारी पुलिस से बचने के लिए



पिपराइच पुलिस हिरासत में जंगल धूषण ग्राम पंचायत अधिकारी प्रियंका नायक।

**बीडीओ चारगांव की जांच में खुला राज**

**पिपराइच पुलिस शाहपुर इलाके में छापेमारी कर प्रियंका को पकड़ा**

**सात लाख बीस हजार रुपये का किया था हेराफेरीः एसपी सिटी**

इधर -उधर भागने लगी। इस दौरान मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि ग्राम विकास अधिकारी प्रियंका पत्नी संतोष कुमार निवासी ग्राम व पोस्ट इन्द्रपुर थाना कैंपियरगंज जनपद गोरखपुर हाल मुकाम एलआईडी 56 राप्ती नगर पोस्ट आरोग्य मन्दिर निकट हिमांशु गैस सर्विस चरगावा थाना शाहपुर में रहती है। पिपराइच थानेदार सूरज सिंह, एसएसआई राजकुमार सिंह, उपनिरीक्षक जय प्रकाश यादव दिनेश कुमार साहनी और महिला पुलिसकर्मियों के साथ प्रियंका के बहन के घर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस पर जानलेवा हमला करने के जुर्म में सात साल की कैद

गोरखपुर (एसएनबी)। पुलिस वालो पर जानलेवा हमला करने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के गोरपाडीह बनकटा निवासी अभियुक्त सत्यम सिंह यादव उर्फ रामनाथ यादव को सात साल के कठोर कारावास एवं 17 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।



अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि वादी अजीजुर्रहमान अपने हमराहियों के साथ चेकिंग करता हुए दुधरा में इलाहाबाद बैंक पर पहुंचा। सूचना मिली कि दो बदमाश रकौली बाजार की ओर से दुधरा तिराहे की ओर आ रहे है।सूचना पाकर पुलिस वाले मौके पर पहुंचे।जहां बदमाश मोटर साइकिल पर आते दिखाई दिया जिसे रोका गया तो वह पुलिस वालो को जान मारने की नियत से असलहे से फायर करते हुए गाड़ी मोड़कर भागने लगा। जिन्हे आवश्यक बल प्रयोग कर घेर कर पकड़ लिया गया।पकड़े गए व्यक्ति से नाम पता पूछा गया और तलासी के दौरान उसके पास से तमंचा बरामद हुआ। फायर की आवाज से जनता में भगदड़ मच गई और लोक शांति व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गई।

# प्रॉपर्टी डीलर का केस दर्ज करने वाले एसएसआई व दरोगा सस्पेंड

**दो महिला समेत छह लोग घायल, सहजनवां के बरईपार का है मामला**

**GORAKHPUR (17 Nov):** रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ व कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने के आरोपित विनोद मिश्रा का मुकदमा दर्ज करने वाले गुलरिहा थाने के एसएसआई व हलका दारोगा को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने गुरुवार की सुबह सस्पेंड कर दिया. रामगढ़ताल थाने में क्रॉस एफआईआर दर्ज होने के बाद गुलरिहा थाने में भी मुकदमा दर्ज होने की जानकारी हुई थी, जिसको लेकर पुलिस की किरकिरी हुई.

## किया था जानलेवा हमला

एक नवंबर की रात में चिलुआताल के मानबेला निवासी विनोद मिश्रा ने साथियों संग सर्किट हाउस के पास स्थित चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ और कर्मचारियों पर जानलेवा हमला किया था. रामगढ़ताल थाना पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक राहुल सिंह के प्रार्थना पत्र पर विनोद मिश्रा, प्रेम सागर गुप्ता, राजकरन निषाद, प्रभात यादव समेत 19 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था. पुलिस को उन्होंने सीसी कैमरे का फुटेज सौंपा था, जिसमें आरोपित कर्मचारियों को पीटते दिख रहे हैं.

## दो दिन बाद दर्ज कराई एफआईआर

दो दिन बाद आरोपित विनोद मिश्रा ने चूल्हा चौका रेस्टोरेंट के मैनेजर शशांक, संचालक राहुल सिंह, सहयोगी संग्राम सिंह, बेतियाहाता के पार्षद सोनू तिवारी, अभिषेक पांडेय और 15 अज्ञात पर डकैती समेत गंभीर धाराओं में क्रॉस एफआईआर करा दी. विनोद का आरोप था कि खराब भोजन देने पर रेस्टोरेंट के कर्मचारियों ने उनसे अभद्रता की. विरोध करने पर उनकी कार को तोड़ दिया, बचाने पहुंचे साथियों पर हमला कर दिया.

## तोड़फोड़ कर हुए फरार

बाद में पता चला कि विनोद मिश्रा ने दो नवंबर को गुलरिहा थाने में भी एक मुकदमा दर्ज कराया था. गुलरिहा पुलिस को बताया था कि एक नवंबर की रात को कार से घर जा रहे थे. बनगाई के पास अज्ञात लोग कार में तोड़फोड़ करके फरार हो गए. गुलरिहा थाने की सरहरी चौकी पर तैनात दारोगा घनश्याम उपाध्याय व एसएसआई सोनेंद्र सिंह ने बिना मामले की जांच किए ही मुकदमा दर्ज करा दिया. जांच में यह बात सामने आने पर गुरुवार की सुबह एसएसपी ने दोनों को सस्पेंड कर दिया.

# असलहा लहराने वाला आजाद अरेस्ट

GORAKHPUR (17 Nov): गोरखनाथ इलाके के एक युवक को असलहे संग सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करना महंगा पड़ गया. गोरखनाथ थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक ने अपने मालिक की हाइटेक दूरबीन वाली बंदूक लेकर सेल्फी ली. इसके बाद उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. जिसकी शिकायत मिलने पर पुलिस ने गुरुवार को उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया.

## पुलिस से हुई थी शिकायत



गोरखनाथ इलाके के वजीराबाद निवासी आजाद अली ने फेसबुक समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर असलहे के साथ प्रदर्शन करते हुए अपना फोटो पोस्ट किया था. इसकी शिकायत किसी ने पुलिस से कर दी. गोरखनाथ पुलिस ने धारा 188, 336, 7 सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया. पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि वह एक साल पहले मानीराम क्षेत्र में स्थित पेट्रोल पम्प मालिक की गाड़ी चलाता था. उनके लाइसेंसी असलहे के साथ फोटो खिंचा था. जिसे अब सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था.

# धर्मांतरण करा रहे दो युवक गिरफ्तार, जेल

GORAKHPUR (17 Nov): पचौरी में दलित बस्ती के लोगों को धर्म परिवर्तन का प्रलोभन दे रहे दो युवकों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया. ग्रामीणों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है. थाना प्रभारी विज्ञानकर सिंह ने बताया कि दोनों युवकों में एक संत कबीरनगर के धनघटा थाना के रानीपुर का शेषमणि पुत्र रामनाथ और दूसरा आरोपित ग्राम पचौरी का चंद्रेश है. दोनों आरोपित गुरुवार को दस बजे दलित बस्ती में एक व्यक्ति के घर दर्जनों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों को बुलाकर धर्मांतरण करने का प्रलोभन दे रहे थे. इस दौरान चल रही प्रार्थना सभा को देख गांव के एक युवक ने 112 नंबर पुलिस को बुला लिया. पुलिस धर्म प्रचारक को हिरासत में लेते हुए थाने पर पहुंची.

# क्राइम के दलदल में आधी आबादी की ENTRY

## शक भी नहीं और काम तमाम

**INVESTIGATE**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (17 Nov):** कोतवाली इलाके के अब्दुल वाहब खान के छोटे बेटे नुमान खान की मंगलवार को शादी थी. शिप्रा लॉन में शादी का अरेंजमेंट था. लड़की के लिए आए गहने रखे थे. रात करीब 11 बजे 4 महिलाएं और दो पुरुष बकायदा सजधजकर मैरिज हाउस में दाखिल हुए. रेकी कर दो महिलाएं कमरे में घुस गईं और करीब 10 लाख के जेवरात से भरा बैग लेकर फरार हो गईं. यह घटना तो ताजा एग्जामपल हैं, ऐसे ही गोरखपुर में ढेरों महिलाएं हैं तो क्राइम के दलदल में अपना कदम रख चुकी हैं. इनका तरीका ऐसा कि इन पर कोई शक भी नहीं कर पा रहा है और यह अपना काम कर मौके से फरार भी हो जा रही हैं. इनमें से कईयों की पहचान गैंगस्टर के तौर पर की जाने लगी हैं तो कई अब भी सफेदपोश हैं. हाल-फिलहाल में हुई घटनाएं और कार्रवाई बता रही है कि हर तरह के अपराधों में महिलाओं का इनवॉल्वमेंट बढ़ चुका है.



## 10 LADY DON जिनके नाम का खौफ

### गीता तिवारी

सूर्य विहार कालोनी निवासी गीता तिवारी की हिस्ट्रीशीट खोली गई है. गीता पर हत्या का प्रयास, लूट और गैंगस्टर समेत कई मामले दर्ज हैं.

### मंजू निषाद

मंजू की हिस्ट्रीशीट खोली गई है. मंजू पर एनडीपीएस एक्ट, गैंगस्टर, चोरी समेत 10 मुकदमें दर्ज हैं.

### रिंकी गोस्वामी

रिंकी की निगरानी के लिए हिस्ट्रीशीट खोली गई है. रिंकी के खिलाफ हत्या का प्रयास, साजिश रचने, पशु क्रुरता अधिनियम के तहत छह केस दर्ज हैं. रिंकी पशु तस्करों के साथ मिलकर गिरोह का संचालन करती है.

### किशुन कुमारी उर्फ पंडिताइन:

पंडिताइन की हिस्ट्रीशीट खोली गई है. अभी हाल ही में उसकी करोड़ों की अवैध संपत्ति जब्त की गई है. स्मैक के धंधे की किंग मानी जाने वाली पंडिताइन पर दस मुकदमें दर्ज हैं.

### बाहर की चोरनी भी एक्टिव

गोरखपुर में अभी संतकबीर नगर की महिलाएं जो यहां चोरी और लूट की घटना को अंजाम देने आती थीं, उनपर पुलिस ने कार्रवाई भी की है. पुलिस की मानें तो दूसरे जिले में पहचान छिपी रहती है, इसलिए आपराधिक घटना के लिए महिलाएं अंदर जिले में जाती हैं.

### हर तरह का क्राइम कर रहीं महिलाएं

गोरखपुर कुख्यात अपराधियों के बीच अब महिलाएं भी अपनी एक अलग पहचान बना रही हैं. लूट, चोरी, टप्पेबाजी, नशीले पदार्थ के तस्करी में महिलाओं के नाम आ रहे हैं. गोरखपुर पुलिस ने टॉप टेन लेडी डॉन की एक लिस्ट भी बनाई है. वहीं इधर कई महिला जो अपराध में लिप्त थी, उनकी हिस्ट्रीशीट और गैंगस्टर लगाकर कार्रवाई भी की है.

### ये भी हैं लिस्ट में शामिल

तुर्कमानपुर की अहमदुन निशा, गगहा की आरती देवी, बेलीपार की कलमी, बड़हलगंज की रिंकू, झंगहा की उर्मिला और लक्ष्मीपुर की रिंकू का भी नाम लेडी डॉन में शामिल है.



लगातार क्राइम में इनवॉल्व हो रही हैं महिलाएं, कइयों पर लग चुका है गैंगस्टर



" कोई भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होगा उस पर कड़ी कार्रवाई होगी. जेंडर को देखकर कोई सहुलियत नहीं दी जाएगी. इधर लगातार अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है. जो आगे भी चलती रहेगी.

**कृष्ण कुमार बिश्नोई,**
एसपी सिटी



### पांच शातिर महिला लुटेरों पर लगा गैंगेस्टर

अभी हाल ही में चोरी और लूट करने वाली पांच महिलाओं पर भी गोरखपुर पुलिस ने गैंगेस्टर लगाया है. इसमें संतकबीर नगर की शिल्पा हरिजन, सुमित्रा देवी, पूनम हरिजन, सूरसती और विजेता का नाम शामिल है. ये महिलाएं संतकबीर नगर से गोरखपुर चोरी और लूट की घटना को अंजाम देने आती थीं.

# बंटवारे को लेकर पिता को पीटा, मुकदमा

झंगहा गांव में बंटवारे को लेकर बेटे ने पत्नी और बेटी के साथ मिलकर पिता भगवती प्रसाद की पिटाई कर दी. उनकी तहरीर पर पुलिस ने बेटा रवि निषाद, बहू सरोज देवी और नतिनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया है.

# सांसद पहुंचे घोषीपुरवा, बोले- खुद को अकेला न समझे गोरखपुर की पब्लिक

PICS: DAINIK JAGRAN I NEXT

**गुरुवार को बुजुर्ग दादा की मदद के लिए सांसद, मेयर और समृद्धजनों ने बढ़ाए हाथ**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (17 Nov):** शाहपुर घोषीपुरवा के नया मोहल्ला में नाबालिग मान्या, मानवी और उनके पिता जितेन्द्र श्रीवास्तव के सुसाइड केस के बाद जनप्रतिनिधि और पब्लिक सभी सकते में हैं. गुरुवार को सांसद रविकिशन, मेयर सीताराम जायसवाल और समाज के समृद्धजन मृतकों के परिवारीजन ओमप्रकाश श्रीवास्तव से मिले और कहा, परिवार इतनी परेशानियों में रहा. काश पहले पता चल गया होता तो शायद अनहोनी रोकी जा सकती थी.

## सीएम को पत्र लिखकर दिलाई जाएगी मदद

सांसद रवि किशन ने दिल झकझोंर देने वाली इस घटना पर दुख जताते हुए कहा, जब इस घटना की जानकारी हुई है, मैं खुद चैन से सो नहीं पाया. उन्होंने मृतक जितेंद्र और उनकी बेटियों की आत्मा की शांति की कामना करते हुए कहा कि जल्द ही सीएम राहत कोष से भी पीड़ित परिवार को मदद दिलाई जाएगी.

UPDATE



बुजुर्ग पिता से हालचाल लेते सांसद रविकिशन.

## समस्या बताएं, हम समाधान करेंगे

सांसद रवि किशन ने कहा, मुझे हीरो और सांसद गोरखपुर की जनता ने बनाया है. यदि पता होता कि फीस का मामला है तो स्कूल प्रबंधन से बात की जाती. यह सूदखोरी जैसा कोई मामला था, तो उसका भी समाधान निकाला जाता. सरकार ऐसे मामलों में बहुत गंभीर है. पुलिस-प्रशासन को ऐसे मामलों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश हैं. उन्होंने गोरखपुर की जनता से अपील की है कि वह स्वयं को अकेला न समझें. किसी भी परिस्थिति से परेशान होकर ऐसा आत्मघाती कदम कतई न उठाएं. प्रॉब्लम शेयर करें, मदद की जाएगी.

## मेयर ने भी जाना हाल

मेयर सीताराम जायसवाल ने मृतक जितेंद्र श्रीवास्तव के छोटे भाई नितेश श्रीवास्तव से कुशलक्षेम पूछते हुए आर्थिक हालात जाने. बुजुर्ग पिता से भी बात की और उन्हें हर तरह की मदद का भरोसा दिलाया. इस सामूहिक सुसाइड की घटना घोसीपुरवा में मंगलवार को हुई. ओम प्रकाश श्रीवास्तव बिहार के गुठनी थाना क्षेत्र सिवान के रहने वाले हैं. घोसीपुरवा में 30 साल से रह रहे हैं. वह प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड हैं. सुसाइड के बाद पुलिस ने घर को अपनी कस्टडी में लिया है. घर पर परिवार के तीन लोगों के अलावा भी कोई और तो नहीं था, इसकी फॉरेंसिक जांच करवाई जाई जा रही है.



मेयर ने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया.

## प्रशासन ने की 5 हजार की मदद

गोरखपुर के सांसद रवि किशन, महापौर सीताराम जायसवाल और तहसीलदार सदर विकास सिंह पीड़ित बुजुर्ग ओमप्रकाश श्रीवास्तव से मिलने पहुंचे. सभी ने बुजुर्ग को सांत्वना दी और उनकी मदद का भरोसा दिलाया. इसके साथ ही सदर तहसीलदार ने जिला प्रशासन की तरफ से बुजुर्ग ओमप्रकाश को 5 हजार रुपए की आर्थिक मदद की.



हृदय विदारक: बेटियों संग फंदे से झूला पिता, आर्थिक तंगी में किया सुसाइड

SHOCKING



**घटना दुखद और गंभीर है. ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो. इसके लिए पब्लिक अवेयरनेस प्रोग्राम चलाने की योजना है. पब्लिक को हर तरह से सुरक्षित माहौल देना गोरखपुर पुलिस की प्राथमिकता में है.**

**डॉ. गौरव ग्रोवर,**
एसएसपी गोरखपुर

# आरकेएस भदौरिया उद्घाटन तो ओम बिड़ला होंगे मुख्य समारोह के चीफ गेस्ट

**महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह के आयोजन का प्रारूप तैयार**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (17 Nov):** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह का प्रारूप परिषद प्रबंधन ने तैयार कर लिया है. चार दिसंबर से 10 दिसंबर तक सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों के नाम भी तय हो गए हैं. चार दिसंबर को महाराणा प्रताप इंटर कालेज में आयोजित होने वाले उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि देश के पूर्व एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया होंगे. 10 दिसंबर को होने वाले मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला होंगे. दोनों ही कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के मुख्य संरक्षक सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे.

## विद्यालयों की लिस्ट भी तैयार

संचालन समिति के सदस्य डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उद्घाटन अवसर पर निकलने वाली परंपरागत शोभायात्रा में शामिल होने वाले विद्यालयों की सूची भी तैयार कर ली गई है. शोभा यात्रा के दौरान झांकी और पथसंचलन में करीब चार हजार विद्यार्थी हिस्सा लेंगे. दर्शक दीर्घा में भी विभिन्न संस्थानों के सात हजार से अधिक छात्र मौजूद रहेंगे. शोभा यात्रा में परिषद के सभी शिक्षण संस्थान हिस्सा लेंगे. पूर्व एयर चीफ मार्शल सलामी लेकर शोभा यात्रा को रवाना करेंगे. उद्घाटन से पहले 27 नवंबर को प्रतिभा खोज परीक्षा और एनसीसी कैडेट परेड प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा.

### स्वर्ण पदक को आवेदन के लिए अंतिम तिथि 25 नवंबर को

संचालन समिति के सदस्य डा. प्रदीप राव ने बताया कि सभी स्वर्ण पदक महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद से जुड़ी संस्था में कार्यरत शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थियों को मिलेंगे. इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 नवंबर निर्धारित की गई है. इस बार महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ की स्मृति में राज्य स्तरीय बास्केटबाल व वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसका नाम महंत दिग्विजयनाथ राज्य स्तरीय इन्विटेशनल बास्केटबाल प्रतियोगिता और महंत अवेद्यनाथ राज्य स्तरीय इन्विटेशनल वालीबाल प्रतियोगिता रखा गया है.

### आवेदन के लिए केवल आनलाइन का विकल्प

मीडिया प्रभारी डा. निखिल शुक्ला ने बताया कि स्वर्ण पदक को छोड़कर सभी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए केवल आनलाइन आवेदन का विकल्प होगा. आवेदन ई-मेल mpspgkp@gmail.com पर होगा.





### मुख्य समारोह में दिए जाएंगे ये छह स्वर्ण पदक

- महायोगी गुरु गोरखनाथ स्वर्ण पदक - सर्वश्रेष्ठ संस्था
- योगीराज बाबा ब्रह्मनाथ स्वर्ण पदक - सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी
- योगीराज बाबा गंभीरनाथ स्वर्ण पदक - सर्वश्रेष्ठ शिक्षक
- ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ स्वर्ण पदक - सर्वश्रेष्ठ स्नातकोत्तर विद्यार्थी
- ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्वर्ण पदक - सर्वश्रेष्ठ स्नातक विद्यार्थी
- महाराणा मेवाड़ स्वर्ण पदक - हाईस्कूल व इंटर के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी

**चार को ही होगी शुरुआत, 10 को समापन, दोनों कार्यक्रमों रहेगी सीएम योगी की उपस्थिति**

**10** दिसंबर को होने वाले मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला होंगे. दोनों ही कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के मुख्य संरक्षक सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे.

# 8 ईंट-भट्ठों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

गोरखपुर,वरिष्ठ संवाददाता। जिले में संचालित हो रहे 219 अवैध ईंट-भट्टों पर शासन की नजर टेढ़ी हो गई है। जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने इन पर गुरुवार से कार्रवाई शुरू कर दी। पहले दिन आठ ईंट-भट्ठों पर प्रशासन का बुलडोजर चला।

भट्ठों पर बनाकर रखी गई कच्ची ईंटों को बुलडोजर से रौंदा गया। अवैध ईंट-भट्टों को बंद कराया गया। हालांकि इसका विरोध भी भट्ठा मालिकों द्वारा किया गया है। सहजनवा क्षेत्र के दो गांव मेंर भट्ठा मालिकों से प्रशासन की तनातनी हो गई। नौबत मारपीट तक आ गई। कार्यवाही करने गई टीम ने इसकी पूरी रिपोर्ट कमिश्नर को भेज दी है। शुक्रवार से प्रशासन की टीम के साथ पुलिस फोर्स भी इस कार्रवाई में मौजूद रहेगी। प्रदूषण विभाग के अधिकारी डॉ आरके सिंह ने बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) अवैध ईंट-भट्ठा के संचालन पर बेहद सख्त है।



सहजनवा में ईंट-भट्टों पर कार्रवाई के दौरान मौजूद रही प्रशासन की टीम।

उन्होंने बताया कि पहले दिन सहजनवा क्षेत्र के जैतपुर, नगवां और ककना गांव में टीम पहुंची। यहां पर आठ अवैध भट्ठे संचालित मिले। सभी भट्ठों पर कार्रवाई की गई। इन भट्ठों पर मौजूद कच्ची ईंटों को बुलडोजर से रौंदा गया। यहां भट्ठा मालिक अपने समर्थकों के साथ विरोध में अड़ गए। वह हाथापाई पर उतर गए। इस दौरान तहसीलदार केशव प्रसाद भी मौजूद रहे। उनके समझाने पर भी भट्ठा मालिक मान नहीं रहे थे। उनके समर्थक मारपीट पर आमादा रहे। जैसे-तैसे पहले दिन की कार्यवाही पूरी की गई है।

# प्रॉपर्टी डीलर का मुकदमा दर्ज करने वाले दो दरोगा निलंबित

- रेस्टोरेंट में उपद्रव करने वाले ने गुलरिहा थाने में दर्ज कराया था मुकदमा
- क्रॉस केस दर्ज होने का खुलासा होने पर पुलिस की हुई थी फजीहत

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ व कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने के आरोपित विनोद मिश्रा का मुकदमा दर्ज करने वाले गुलरिहा थाने के एसएसआई व हल्का दारोगा को एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने गुरुवार को निलंबित कर दिया। रामगढ़ताल थाने में क्रास एफआईआर दर्ज होने के बाद गुलरिहा थाने में भी मुकदमा दर्ज होने की जानकारी हुई थी। जिसको लेकर पुलिस की फजिहत हुई थी।

एक नवंबर की रात को चिलुआताल के मानबेला निवासी विनोद मिश्रा ने अपने साथियों संग सर्किट हाउस के पास स्थित चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करने के साथ ही कर्मचारियों पर जानलेवा हमला कर दिया था। इस मामले में रामगढ़ताल थाना पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक राहुल सिंह के प्रार्थना पत्र पर विनोद मिश्रा, प्रेम सागर गुप्ता, राजकरन निषाद, प्रभात यादव समेत 19 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस को उन्होंने सीसी कैमरे की फुटेज सौंपा था जिसमें आरोपित कर्मचारियों को पीटते हुए दिख रहे हैं। दो दिन बाद आरोपित विनोद मिश्रा ने चूल्हा चौका रेस्टोरेंट के मैनेजर शशांक, संचालक राहुल सिंह, सहयोगी संग्राम सिंह, बेतियाहाता के पार्षद सोनू तिवारी, अभिषेक पांडेय और 15 अज्ञात पर डकैती समेत गंभीर धाराओं में क्रॉस एफआईआर करा दिया।

विनोद का आरोप था कि खराब भोजन देने पर रेस्टोरेंट के कर्मचारियों ने उनसे अभद्रता की। विरोध करने पर उनकी कार को तोड़ दिया, बचाने पहुंचे साथियों पर हमला कर दिया। पुलिस को उन्होंने अपनी गाड़ी का टूटा हुआ शीशा दिखाया था। बाद में पता चला कि विनोद मिश्रा ने दो नवंबर को गुलरिहा थाने में भी एक मुकदमा दर्ज कराया था।

# अपनों के बीच खुली हवा में सांस ले पाएंगे पांच कैदी

## राहत

■ विवेक पाण्डेय

गोरखपुर। गोरखपुर जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे चार कैदी तथा एक विचाराधीन बंदी अब घर पर अपनों के बीच खुली हवा में सांस ले पाएंगे। उम्र के साथ ही बीमारी के अन्तिम पड़ाव में इन्हें रिहा किया जा सकता है। इनकी रिहाई पर मेडिकल बोर्ड ने अपनी मुहर लगा दी है। बीमारी के एक बिंदु की जांच करने के बाद मेडिकल बोर्ड के डॉक्टरों ने यह रिपोर्ट दिया है कि इनकी रिहाई से किसी तरह का खतरा नहीं है। डॉक्टर की रिपोर्ट को शासन में भेज दिया गया है वहां से जैसे ही रिहाई का आदेश आएगा यह अपने घर जा सकेंगे।

यूपी के जेलों में कई ऐसे बुजुर्ग और गंभीर बीमारी से ग्रसित कैदी बंद हैं जिनकी देखभाल के लिए जेल प्रशासन को अलग से लोगों को लगाना पड़ रहा है। इन लोगों को राहत देने के लिए शासन के निर्देश पर उनकी रिपोर्ट मांगी गई है। इसके बाद उनके मामले में हर पहलू पर जांच कराई जा रही है। जेल से रिहा होने पर उनसे समाज और पीड़ित परिवार को कितना खतरा है, इसका आकलन पुलिस कर रही है। वहीं उनके बीमारी का क्या स्टेज है, इस पर डॉक्टर से रिपोर्ट मांगी गई है। यूपी के सभी जिलों ने अपने-अपने यहां के कैदियों और बंदियों की रिपोर्ट भेजी है।

बांसगांव थाना क्षेत्र के पाली गांव के रहने वाले 63 वर्षीय जयप्रकाश राय उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। ये कैंसर से पीड़ित हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र के अलीनगर निवासी रज्जन अग्रवाल भी आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं इनकी उम्र 83 साल है। यह चलने-फिरने में असमर्थ हैं। मुरादाबाद जिले के चंदौली थाना क्षेत्र के कुरेशियान निवासी इमरान भूरा को उम्रकैद की सजा हुई पर इमरान को हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारी हो गई है।

महराजगंज जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित धर्महवा हिमायतपुर निवासी श्रीपत की उम्र 78 साल हो गई है। वह दस साल की सजा काट चुका है। वृद्धावस्था से जुड़ी बीमारी से परेशान है। वहीं गोरखनाथ थाना क्षेत्र के दस नम्बर बोरिंग निवासी आशीष जैकी उम्र महज 30 साल है और वह हत्या के मामले में गोरखपुर जेल में बंद है। अभी उसके सजा पर कोर्ट से फैसला विचाराधीन है लेकिन इस बीच वह कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का शिकार है।

- इन कैदियों की रिहाई पर मेडिकल बोर्ड ने लगाई मुहर
- इनमें चार उम्रकैद की सजा काट रहे हैं तो एक कैदी है वचाराधीन
- पांच कैदियों में दो कैंसर एक हेपेटाइटिस और दो काफी बुजुर्ग

## इन डॉक्टरों के पैनल ने दी है अपनी रिपोर्ट

डॉ. नंदलाल कुशवाहा और डॉ. ओपी सिंह जिला अस्पताल, डॉ. अजहर अली, बीआरडी मेडिकल कालेज, डा. बीके राम कारागार चिकित्सक, प्रो. सीके राजपूत आयुर्वेदाचार्य आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर ने चार कैदी और एक बंदी के रिपोर्ट दी है।

> चार कैद और एक बंदी के बीमारी की हालत को देखते हुए मेडिकल बोर्ड का गठन गिया था। मेडिकल बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। शासन को वह रिपोर्ट भेज दिया गया है। वहां से निर्देश मिलने के बाद इन्हें रिहा किया जाएगा।
>
> – ओपी कटियार- जेल अधीक्षक

# कार्रवाई: पीएम आवास के गबन में सचिव गिरफ्तार

पिपराइच, हिन्दुस्तान संवाद। पिपराइच क्षेत्र के ग्राम जंगल धूषण की तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी प्रियंका नायक को गुरुवार की शाम पुलिस ने 7.20 लाख रुपए के हेराफेरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत जंगल धूषण की पूर्व ग्राम पंचायत अधिकारी प्रियंका नायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना में छह अपात्रों को पीएम आवास आवंटित कर 7.20 लाख रुपए की हेराफेरी की थी।

इसकी शिकायत होने पर खंड विकास अधिकारी चरगांवा ने जांच किया। जांच में सत्यता मिलने पर 21 सितम्बर 22 को वर्तमान ग्राम सचिव वकील कुमार ने आईपीसी की धारा 409 का मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमे में पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी कि थानेदार सूरज सिंह को सूचना मिली कि वह शाहपुर थाना क्षेत्र के राप्तीनगर निवासी अपने बहन के वहां मौजूद हैं।

थानेदार ने एसएसआई राजकुमार सिंह, उपनिरीक्षक जय प्रकाश यादव और महिला पुलिस कर्मियों के साथ प्रियंका के बहन के घर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि ग्राम प्रचायत अधिकारी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।



- पीएम आवास के गबन में ग्राम पंचायत अधिकारी गिरफ्तार
- छह अपात्रों को 7.20 लाख रुपए का लाभ पहुंचा गबन का आरोप

# विशेष धर्म का प्रचार कर रहा व्यक्ति हिरासत में

हरपुर बुदहट, हिसं। हरपुर बुदहट क्षेत्र के पचौरी गांव में गुरुवार को दलित बस्ती में धर्म विशेष का प्रचार कर रहे प्रचारक की शिकायत ग्रामीणों की है। सूचना पर डायल 112 पर की टीम मौके पर पहुंची और प्रचार कर रहे व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है।

आरोप है कि पचौरी गांव में 10 बजे दलित बस्ती में एक विशेष धर्म का प्रचारक दलितों को बुलाकर धार्मिक प्रार्थना सभा करा रहा था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रचारक को हिरासत में ले लिया। इस दौरान ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और प्रार्थना सभा करवा रहे आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। इस पर पुलिस ने आरोपी लेकर थाने चली गई। प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले में अभी केस नहीं दर्ज किया गया है।

गोरखपुर से हुई दिव्यांग मोबाइल कोर्ट की शुरुआत, राज्य आयुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं, समाधान का दिया आश्वासन

# पहले दिव्यांग मोबाइल कोर्ट में पहुंचे 300 मामले

गोरखपुर, निज संवाददाता। प्रदेश की पहली दिव्यांग मोबाइल कोर्ट गुरुवार को गोरखपुर में आयोजित किया गया। बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित इस कोर्ट में सुनवाई करने के लिए खुद राज्य आयुक्त अजीत कुमार मौजूद रहे। खुद भी दिव्यांग श्रेणी से आने वाले राज्य आयुक्त ने तीन सौ से अधिक दिव्यांगों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण का आश्वासन दिया।

दिव्यांगों की हर प्रकार की समस्याओं का निस्तारण एक छत के नीचे हो, इस उद्देश्य के साथ प्रदेश में मोबाइल कोर्ट की पहल की गई है। गोरखपुर से शुरू हुए मोबाइल कोर्ट में दिव्यांगों की समस्याओं के समाधान के लिए सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान जमीन पर कब्जे से लेकर पुलिस प्रताड़ना तक के मामले पहुंचे। प्रधानमंत्री आवास की लाभार्थी रीना ने बताया कि वह पैर से दिव्यांग हैं, उसे तीसरे तल पर आवास दे दिया गया है। उसे तीसरे तल तक पहुंचने में काफी दिक्कत होती है। कई बार इसकी शिकायत सम्बंधित अधिकारी से की लेकिन समाधान नहीं हुआ। इसी तरह 14 वर्षीय दिव्यांग निहाल को लेकर पहुंची उसकी मां ने बच्चे को मेडिकल कॉलेज स्थित मनोविकास केंद्र तक आने-जाने के लिए ट्राइसाइकिल की मांग की।

आयुक्त ने सभी मामलों में समाधान का आश्वासन दिया। कोर्ट में अपर आयुक्त शैलेंद्र कुमार, सहायक आयुक्त संदीप मौर्या सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**03** सौ से अधिक दिव्यांगों की राज्य आयुक्त ने सुनीं समस्याएं

■ 18 वर्ष से अधिक उम्र के दिव्यांगों को दी जाती हैं सरकारी सुविधाएं

### किशोर दिव्यांगों को सुविधाएं देने को चल रहा प्रयास

राज्य आयुक्त अजीत कुमार ने कहा कि 18 वर्ष से अधिक उम्र के दिव्यांगों को ही सरकारी सुविधाएं दी जाती हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि 14 वर्ष से अधिक उम्र के दिव्यांगों को भी जल्द ही सरकारी सहायता मिल सकती है। इसके लिए प्रयास जारी है।



योगी बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में गुरुवार को दिव्यांगजनों के लिए लगाए गए मोबाइल कोर्ट में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण योजना के तहत विरण पत्र प्रदान करते राज्य आयुक्त अजीत कुमार। • हिन्दुस्तान



दिव्यांगजनों के लिए लगाए गए मोबाइल कोर्ट में अपनी समस्या बताते फफक पड़े राधेश्याम।

### डीएम कार्यालय में हो इंतजाम

कोर्ट में पहुंचे जिलाधिकारी कार्यालय में सहायक स्वागती लिपिक के तौर पर तैनात दिव्यांग संतबली चौधरी ने बताया कि राजस्व परिषद के आदेश के बावजूद स्वागती कक्ष में कुर्सी, टेबल, टेलीफोन आदि की व्यवस्था नहीं की गई है।

## राज्य आयुक्त को अपना दर्द सुना फफक पड़े संजय

**गोरखपुर।** राज आयुक्त दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश ने गोरखपुर में गुरुवार को मोबाइल कोर्ट लगाया, जिसमें संजय सिंघानिया हुमायूंपुर दक्षिणी दुर्गाबाड़ी रोड के मामले पर सुनवाई हुई। संजय ने आरोप लगाया कि उनकी दुकान के आगे पीछे तोड़कर रुपये व कागजात ले जाने के साथ दुकान में कब्जा कर लिया गया। पुलिस कंट्रोल रूम में सत्यता दर्ज है। कोतवाली पुलिस ने उनके ही ऊपर दो फर्जी मुकदमें दर्ज कर दिए। इसकी शिकायत उन्होंने सीएम से की। राज्य आयुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एडीजी स्तर के अधिकारी से जांच कराने का निर्देश दिया।

# जिले की कप्तानी से पूर्व अफसरों का 'टेस्ट' और 'नसीहतें'

**सेवा की सीख**

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। यूपी कैडर के वर्ष 2017 बैच के आईपीएस अफसरों के लिए गुरुवार का दिन परीक्षा के कठिन दिनों की याद दिलाने वाला रहा। दिन में उन्हें डीजीपी डॉ. डीएस चौहान के सामने 'टेस्ट' की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा तो शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नसीहतों का पाठ पढ़ना पड़ा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आईपीएस अफसरों के साथ बैठक में उन्हें बेहतर छवि बनाने की नसीहत दी।

दरसअल अलग-अलग जिलों में अपनी सेवाएं दे रहे इन आईपीएस अफसरों को अब जिलों में पुलिस अधीक्षक (एसपी) या कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) के पद पर तैनाती दी जानी है। इस तरह उन्हें अब नेतृत्व की भूमिका में आना है। ऐसे में यह जिम्मेदारी देने से पहले उनकी क्षमता जांची-परखी जा रही है। डीजीपी डॉ. चौहान ने इन अफसरों को गुरुवार को अपने कार्यालय में बुलाया और अब तक की सेवाओं के अनुभवों व प्रयोगों के बारे में उनका प्रस्तुतीकरण देखा। माना जा रहा है कि इनमें से कम से कम पांच अफसरों को जिले की कप्तानी सौंपी जा सकती है।

बैठक में वर्ष 2017 बैच की आईपीएस आरती सिंह, प्राची सिंह, सौरभ दीक्षित, एसएम क़ासिम आब्दी, दीक्षा शर्मा, निपुण अग्रवाल, अर्पित विजयवर्गीय, केशव कुमार, अभिषेक कुमार अग्रवाल, सत्यजीत गुप्ता, विकास कुमार, इराज राजा, कुलदीप सिंह गुणावत आदि मौजूद रहे।

### योगी बोले, भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस रखें

मुख्यमंत्री ने इन अफसरों के साथ बैठक कर उनका परिचय प्राप्त किया। उन्होंने इन अफसरों को भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलने और बेहतर छवि बनाने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि किसी भी आईपीएस के लिए उनका पहला जिला बेहद खास होता है।

# फर्जीवाड़े में बर्खास्त हुई शिक्षिका पर मुकदमा दर्ज

## कार्रवाई

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता । गुलरिहा थाना क्षेत्र में खंड शिक्षा अधिकारी ने फर्जी शिक्षिका के विरुद्ध कूट रचित तरीके से दस्तावेज तैयार कर दूसरे के जगह नौकरी करने के मामले में केस दर्ज कराया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने 101 पेज के दस्तावेज के आधार पर दो माह पूर्व शिक्षिका की सेवा समाप्ति का आदेश देते हुए दोषी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया था।

मिली जानकारी के अनुसार देवरिया जिले के सलेमपुर थाना क्षेत्र के विशुनपुर निवासिनी ममता कुमारी पुत्री शंकर प्रसाद गुलरिहा थाना क्षेत्र के विकास खंड भटहट अंतर्गत रामपुर बुजुर्ग प्राथमिक विद्यालय में फर्जी व कूट रचित तरीके से दस्तावेज तैयार कर दूसरे के जगह नौकरी कर रही थी।

जांच में दोषी पाए जाने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षिका की सेवा समाप्त कर दी थी साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी को शिक्षिका के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया था। खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार ने गुलरिहा थाने में फर्जी शिक्षिका के विरुद्ध केस दर्ज कराया है।

# सोशल मीडिया पर असलहे का प्रदर्शन, पुलिस ने दबोचा

गोरखपुर। गोरखनाथ क्षेत्र के वजीराबाद निवासी आजाद अली ने फेसबुक समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर असलहे के साथ प्रदर्शन करते हुए अपना फोटो पोस्ट किया था। इसकी शिकायत किसी ने पुलिस से कर दी। गोरखनाथ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि वह एक साल पहले मानीराम क्षेत्र में स्थित पेट्रोल पंप मालिक की गाड़ी चलाता था। उनकी ही लाइसेंसी पिस्टल के साथ फोटो खींचा था।

# लूट की कोशिश करने वाले को जेल

गोरखपुर। कोतवाली पुलिस ने व्यापारी से लूट की कोशिश करने वाले बदमाश को दीवान बाजार थवई पुल के पास से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान तिवारीपुर क्षेत्र के भरपुरवा बख्तियार मस्जिद ए हुदा के पीछे निवासी जैन कमर के रूप में हुई।

# हत्या के प्रयास के आरोपित को सात वर्ष का कारावास

**जासं, गोरखपुर:** पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के गोरपाडीह बनकटा निवासी अभियुक्त सत्यम सिंह उर्फ रामनाथ यादव को सात वर्ष के कठोर कारावास व 17 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी ने बताया कि वादी थानाध्यक्ष अजीजुर्रहमान अपने हमराहियों के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान आरोपित ने हमला कर दिया था।

# मतांतरण करा रहे दो युवक गिरफ्तार, जेल

**जासं, हरपुर-बुदहट :** पचौरी में दलित बस्ती के लोगों को मतांतरण का प्रलोभन दे रहे दो युवकों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीणों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी विज्ञानकर सिंह ने बताया कि दोनों युवकों में एक संत कबीरनगर के धनघटा थाना के रानीपुर का रहने वाला शेषमणि पुत्र रामनाथ और दूसरा आरोपित ग्राम पचौरी का चंद्रेश है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपित गुरुवार को दस बजे दलित बस्ती में एक व्यक्ति के घर दर्जनों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों को बुलाकर धर्मांतरण करने का प्रलोभन दे रहे थे। इस दौरान चल रही प्रार्थना सभा को देख गांव के एक युवक ने 112 नंबर पुलिस को बुला लिया। पुलिस धर्म प्रचारक को हिरासत में लेते हुए थाने ले गई।

# अपात्रों को पीएम आवास देने के आरोप में महिला सचिव गिरफ्तार

**जासं, पिपराइच** : चरगांवा ब्लाक के ग्राम जंगलधूषण की तत्कालीन सचिव प्रियंका नायक को गुरुवार को पिपराइच पुलिस ने राप्ती नगर से गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करते हुए पुलिस ने जेल भेज दिया है। सचिव पर प्रधानमंत्री आवास का पांच लाख 90 हजार रुपये गबन करने के मामले में मुकदमा दर्ज था। दैनिक जागरण ने अभियान चलाकर सचिव द्वारा किए गये फर्जीवाड़े को प्रमुखता से शीर्षक, पात्र के नाम पर अपात्रों को दे दिया पीएम आवास नाम से प्रकाशित किया था। जिसके बाद से जांच बैठाई गई थी।

थाना प्रभारी सूरज सिंह ने बताया कि प्रियंका नायक पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सचिव वकील कुमार ने 21 सितंबर 2022 को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। तभी से उनकी तलाश की जा रही थी। गुरुवार को सूचना मिली की वह अपने बहन के घर राप्ती नगर आवास पर मौजूद है। सूचना के बाद मौके से उन्हें गिरफ्तार किया गया। बता दें कि जंगलधूषण निवासी रामकिशुन चौहान ने आरोपित सचिव के खिलाफ शिकायत की थी।

इसके बाद एडीओ पंचायत से शिकायत की जांच कराई। जांच में मामला सही मिलने पर यह पाया गया कि आरोपित सचिव ने पांच अपात्रों को पीएम आवास आवंटित किया था। साथ ही खाते में पैसा भी भेज दिया था। एडीओ पंचायत की जांच आख्या के बाद परियोजना निदेशक डीआरडीए ने सचिव प्रियंका नायका को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। जवाब न देने पर अधिकारियों ने बीडीओ चरगांवा सत्यप्रकाश सिंह को मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया था।

# राज्य आयुक्त ने सुना दर्द, 450 मामलों में निस्तारण का आदेश

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : सरकारी विभागों के टालमटोल रवैये से परेशान दिव्यांगजनों को गुरुवार को जब मंच मिला तो उनका दर्द छलक पड़ा। दिव्यांगजन विभाग की ओर से गोरखपुर में पहली बार आयोजित मोबाइल कोर्ट में स्वयं राज्य आयुक्त अजीत कुमार उनकी समस्याएं सुनने को मौजूद रहे। महीनों पुराने उत्पीड़न के मामलों को उनके सामने रखा गया। उत्पीड़न की घटनाएं सुनकर राज्य आयुक्त ने भी सख्त रुख अपनाया और संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। राज्य आयुक्त ने स्पष्ट किया कि आदेश न मानने पर वह व्यक्तिगत रूप से पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगा सकते हैं। 450 मामलों में उन्होंने निस्तारण का आदेश दिया।

तारामंडल स्थित योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह का हाल दिव्यांगजनों से भरा था। सुबह 10 बजे सुनवाई शुरू हो चुकी थी और एक-एक कर लोग व्यथा बता रहे थे। मूक-बधिर दिव्यांग भी अन्य दिव्यांगजनों की समस्याएं समझ सकें, इसके लिए भाषा व्याख्याता लगातार हर समस्या को संकेतों में समझाते रहे।



मोबाइल कोर्ट में समस्याएं सुनते राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन अजीत कुमार ● जागरण

भटहट ब्लाक के दिव्यांग राधेश्याम ने कहा कि पिछले पांच-छह वर्ष से वह आवास के लिए परेशान हैं। आवास न होने की बात कहते हुए वह फफक कर रोने लगे। राज्य आयुक्त ने उन्हें भरोसा दिया कि पात्रता की श्रेणी में आएंगे तो आवास जरूर मिलेगा। उन्होंने संबंधित विभाग को आवेदन लेकर प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। राधेश्याम के रोने से शांत हो चुका हाल राज्य आयुक्त का फैसला आते ही तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

एक दिव्यांग ने जमीन के लिए पैसा लेकर जमीन न देने का मामला उठाया तो इसे निस्तारित करने के लिए एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास से समय सीमा पूछी गई। उन्होंने एक सप्ताह कहा तो राज्य आयुक्त ने दो सप्ताह का समय देते हुए कहा कि इतने दिनों में निस्तारण न हो तो शिकायतकर्ता उन्हें मेल से सूचित करे। कैंपियरगंज क्षेत्र के बसंतपुर सरुआताल निवासी तोतीराम का दर्द भी छलक उठा। उन्होंने कहा कि कार्ड पास बना है। कभी भी रोडवेज बस में उनके साथ कुछ नहीं हुआ, लेकिन दो अक्टूबर 2022 को सिसौली से कैंपियरगंज जाते हुए बस के कंडक्टर ने दुर्व्यवहार किया और चलती गाड़ी से धकेलने का प्रयास किया। 75 रुपये का टिकट भी बना दिया गया। राज्य आयुक्त ने कंडक्टर को चिह्नित कर उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। कार्यक्रम में कुछ दिव्यांगजनों को उपकरण भी वितरित किए गए। इस दौरान एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी संदीप मौर्य, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशुतोष पांडेय आदि उपस्थित रहे।

**कोर्ट में बुलाए गए कोतवाल**: व्यापारी नेता संजय सिंहानिया ने बताया कि 27 जनवरी 2021 को उनकी दुकान तोड़ दी गई। पुलिस ने परेशान किया और लाकअप में डाल दिया। लगातार गुहार लगाने पर भी न्याय नहीं मिला। राज्य आयुक्त ने कोतवाल को कोर्ट में तलब किया। एसएसपी को निर्देश दिया कि जांच कराकर व्यापारी को न्याय दिलाएं।

**इन्होंने भी रखी बात**: मोबाइल कोर्ट में मोतीराम अड्डा की प्रियंका कुमारी, पाली ब्लाक के डुमरी निवासी मीरा त्रिपाठी, जंगल कौड़िया के ननकू, हुमायूंपुर की मेहरुन्निशा आदि ने भी अपनी समस्या बताई। कई दिव्यांगजनों ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र न बन पाने की बात कही तो राज्य आयुक्त ने सीएमओ को निर्देश दिया कि तत्काल उनका मेडिकल कराकर प्रमाण पत्र बनाएं। रिपोर्ट भी तलब की है।

**सफल रहा मोबाइल कोर्ट का उद्देश्य**: गोरखपुर : दिव्यांगजनों का दर्द सुनने वाले राज्य आयुक्त अजीत कुमार स्वयं भी दृष्टि दिव्यांग हैं। 2011 बैच के आइएएस अधिकारी ने दिव्यांगजनों की समस्याओं को लेकर संवेदनशीलता दिखाई और अधिकारियों की क्लास लगाई। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर कोर्ट लगती है, लेकिन गोरखपुर में पहली बार लगी कोर्ट काफी सफल रही।

# एसएसआइ व दारोगा निलंबित

## रेस्टोरेंट में उपद्रव करने वाले आरोपित का दर्ज किया था केस

- तोड़फोड़ करने वाले ने गुलरिहा थाने में अज्ञात पर दर्ज कराया था मुकदमा
- क्रास एफआइआर दर्ज होने पर पुलिस की हुई थी किरकिरी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ व कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने के आरोपित विनोद मिश्रा का मुकदमा दर्ज करने वाले गुलरिहा थाने के एसएसआइ व हलका दारोगा को एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने गुरुवार की सुबह निलंबित कर दिया। रामगढ़ताल थाने में क्रास एफआइआर दर्ज होने के बाद गुलरिहा थाने में भी मुकदमा दर्ज होने की जानकारी हुई थी, जिसको लेकर पुलिस की किरकिरी हुई।

एक नवंबर की रात में चिलुआताल के मानबेला निवासी विनोद मिश्रा ने साथियों संग सर्किट हाउस के पास स्थित चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ और कर्मचारियों पर जानलेवा हमला किया था। रामगढ़ताल थाना पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक राहुल सिंह के प्रार्थना पत्र पर विनोद मिश्रा, प्रेम सागर गुप्ता, राजकरन निषाद, प्रभात यादव समेत 19 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस को उन्होंने सीसी कैमरे का फुटेज सौंपा था, जिसमें आरोपित कर्मचारियों को पीटते दिख रहे हैं। दो दिन बाद आरोपित विनोद मिश्रा ने चूल्हा चौका रेस्टोरेंट के मैनेजर शशांक, संचालक राहुल सिंह, सहयोगी संग्राम सिंह, बेतियाहाता के पार्षद सोनू तिवारी, अभिषेक पांडेय और 15 अज्ञात पर डकैती समेत गंभीर धाराओं में क्रास एफआइआर करा दी। विनोद का आरोप था कि खराब भोजन देने पर रेस्टोरेंट के कर्मचारियों ने उनसे अभद्रता की। विरोध करने पर उनकी कार को तोड़ दिया, बचाने पहुंचे साथियों पर हमला कर दिया। बाद में पता चला कि विनोद मिश्रा ने दो नवंबर को गुलरिहा थाने में भी एक मुकदमा दर्ज कराया था। गुलरिहा पुलिस को बताया था कि एक नवंबर की रात को कार से घर जा रहे थे। बनगाई के पास अज्ञात लोग कार में तोड़फोड़ करके फरार हो गए। गुलरिहा थाने की सरहरी चौकी पर तैनात दारोगा घनश्याम उपाध्याय व एसएसआइ सोनेंद्र सिंह ने बिना मामले की जांच किए ही मुकदमा दर्ज करा दिया। जांच में यह बात सामने आने पर गुरुवार की सुबह एसएसपी ने दोनों को निलंबित कर दिया।

**दैनिक जागरण में प्रकाशित हुई थी खबर :** प्रापर्टी डीलिंग करने वाले विनोद मिश्रा ने रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करने के बाद अपने ऊपर हमला किए जाने का आरोप लगाते हुए पांच नवंबर को रामगढ़ताल थाने में क्रास एफआइआर दर्ज करा दी। दैनिक जागरण की पड़ताल में पता चला कि दो नवंबर को उसने अज्ञात लोगों पर एक मुकदमा गुलरिहा थाने में भी दर्ज कराया है। दोनों ही घटना में एक ही गाड़ी में तोड़फोड़ करने का जिक्र था। इस खबर का संज्ञान लेते हुए एसएसपी ने रामगढ़ताल थाने में दर्ज हुए रेस्टोरेंट संचालक व कर्मचारियों के मुकदमे को खत्म करा दिया और विनोद के साथियों पर इनाम घोषित किया था।

# प्रापर्टी डीलर का मुकदमा दर्ज करने वाले एसएसआई-दारोगा निलंबित

## रेस्टोरेंट में मारपीट करने वालों ने गुलरिहा थाने में अज्ञात पर दर्ज कराया था केस

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** सर्किट हाउस के पास रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ और कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने के आरोपी प्रॉपर्टी डीलर विनोद मिश्रा का मुकदमा दर्ज करने वाले गुलरिहा थाने के एसएसआई और हल्का दारोगा को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बृहस्पतिवार को निलंबित कर दिया।

मामले में रामगढ़ताल थाने में पहले एफआईआर दर्ज की गई थी। लेकिन, बाद में गुलरिहा थाने में भी मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। इसके लेकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए थे। इस पर एसएसपी ने जांच का निर्देश दिए थे।

### सर्किट हाउस के पास स्थित चूल्हा चौका रेस्टोरेंट में हुई थी घटना

जानकारी के मुताबिक, एक नवंबर की रात चिलुआताल के मानबेला निवासी प्रॉपर्टी डीलर विनोद मिश्रा अपने साथियों संग सर्किट हाउस के पास स्थित चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट गए थे। आरोप है कि यहां तोड़फोड़ करने के साथ कर्मचारियों पर जानलेवा हमला किया था।

मामले में रामगढ़ताल थाना पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक राहुल सिंह की तहरीर पर विनोद मिश्रा, प्रेम सागर गुप्ता, राजकरन निषाद, प्रभात यादव समेत 19 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी सौंपी थी, जिसमें आरोपी कर्मचारियों को पीटते हुए दिख रहे हैं।

दो दिन बाद आरोपित विनोद मिश्रा ने चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट के मैनेजर शशांक, संचालक राहुल सिंह, सहयोगी संग्राम सिंह, बेतियाहाता के पार्षद सोनू तिवारी, अभिषेक पांडेय और 15 अज्ञात पर डकैती समेत गंभीर धाराओं में क्रॉस मुकदमा दर्ज करा दिया।

विनोद का आरोप था कि खराब भोजन देने पर रेस्टोरेंट के कर्मचारियों ने अभद्रता की। विरोध पर कार तोड़ दी। बचाने पहुंचे साथियों पर हमला किया।

पुलिस को उन्होंने अपनी गाड़ी का टूटा हुआ शीशा दिखाया था। बाद में पता चला कि विनोद मिश्रा ने दो नवंबर को गुलरिहा थाने में भी एक मुकदमा दर्ज कराया था। गुलरिहा थाना पुलिस को बताया था कि एक नवंबर की रात को कार से घर जा रहे थे। बनगाई के पास अज्ञात लोग कार में तोड़फोड़ कर फरार हो गए।

गुलरिहा थाने के सरहरी चौकी पर तैनात दारोगा घनश्याम उपाध्याय व एसएसआइ सोनेंद्र सिंह ने बिना मामले की जांच किए ही मुकदमा दर्ज कर दिया। जांच में यह बात सामने आने पर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने दोनों को निलंबित कर दिया।

# गबन की आरोपी प्रियंका नायक गिरफ्तार

## ग्राम पंचायत अधिकारी पर पीएम आवास के नाम पर हेराफेरी का आरोप

अमर उजाला ब्यूरो

**पिपराइच।** पिपराइच क्षेत्र के ग्राम जंगल धूषण की तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी प्रियंका नायक को बृहस्पतिवार की शाम पुलिस ने रुपये की हेराफेरी कर गबन करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रियंका नायक पर आरोप है कि प्रधानमंत्री आवास के नाम पर सात लाख 20 हजार रुपये लाभार्थियों के गबन कर लिए।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम पंचायत जंगल धूषण की पूर्व ग्राम पंचायत अधिकारी प्रियंका नायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना में छह अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित किया था। इन आवासों के नाम पर सात लाख 20 हजार रुपये की हेराफेरी कर ली थी। मामले की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी चरगांवा ने जांच की।

जांच में सत्यता मिलने पर 21 सितंबर 22 को वर्तमान ग्राम सचिव वकील कुमार ने आईपीसी की धारा 409 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे के बाद से प्रियंका फरार चल रही थी। इस बीच थाना प्रभारी सूरज सिंह को सूचना मिली कि वह शाहपुर थाना क्षेत्र के राप्तीनगर निवासी अपनी बहन के यहां मौजूद है। इस पर उन्होंने एसएसआई राजकुमार सिंह, उपनिरीक्षक जय प्रकाश यादव और महिला पुलिस कर्मियों के साथ प्रियंका की बहन के घर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही थी फरार

पूर्व ग्राम पंचायत अधिकारी हेराफेरी करने के मामले में फरार चल रही थी। पुलिस की टीम को गिरफ्तारी के लिए लगाई गई थी। टीम ने गिरफ्तार कर ग्राम पंचायत अधिकारी को जेल भेज दिया है।

**- कृष्ण कुमार बिश्नोई,** एसपी सिटी

## शिक्षिका के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

**मेडिकल कॉलेज।** फर्जी और कूटरचित दस्तावेज के सहारे दूसरे के नाम पर नौकरी के आरोप में पुलिस ने शिक्षिका के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। गुलरिहा थाना पुलिस ने यह कार्रवाई खंड शिक्षा अधिकारी भटहट की तहरीर पर की है। शिक्षिक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर बुजुर्ग स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात है। खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चौहान ने गुलरिहा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि ममता कुमारी प्राथमिक विद्यालय रामपुर बुजुर्ग स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात है। मूल रूप से ग्राम विशुनपुरा, पोस्ट डोल छपरा देवरिया और वर्तमान पता 94 सी अशोक नगर बशारतपुर की रहने वाली है। ममता फर्जी व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर दूसरे के स्थान पर नौकरी कर रही है। मामले में पुलिस ने ममता के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ब्यूरो

# सोशल मीडिया पर असलहे का प्रदर्शन करने वाला गिरफ्तार

गोरखपुर। सोशल मीडिया पर असलहे के साथ फोटो लगाने वाले एक व्यक्ति को गोरखनाथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि गोरखनाथ क्षेत्र का वजीराबाद निवासी आजाद अली ने फेसबुक समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर असलहे के साथ प्रदर्शन करते हुए अपना फोटो पोस्ट किया था। इसकी शिकायत किसी ने पुलिस से की थी।

गोरखनाथ पुलिस ने सेवन सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि वह एक साल पहले मानीराम क्षेत्र में स्थित पेट्रोल पम्प मालिक की गाड़ी चलाता था। उनके ही लाइसेंसी पिस्टल के साथ फोटो खींची थी, जिसे अब सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। ब्यूरो

# दावे किए हजार, पर नहीं मिले कंधे चार

## मान्या, मानवी और जीतेंद्र की आत्महत्या के बाद तमाम समाज और संस्थाएं करते रहे मदद के दावे

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। ब्रह्मांड में जिस चीज का भार सबसे ज्यादा है वह है पिता के कंधे पर पुत्र की अर्थी। बुजुर्ग ओमप्रकाश के कंधे पर तो ऐसे तीन भार थे। मगर उन्होंने इसे अकेले ही उठाया। मंगलवार की शाम को जब पोस्टमार्टम हाउस से उन्हें उनके पुत्र और दो पौत्रियों के शव मिले तो मदद के तमाम दावे करने वाले समाजों और संस्थाओं के लोगों में से कोई उनके साथ न था। अंतिम संस्कार से पूर्व जीतेंद्र, मान्या और मानवी को चार कंधे भी नसीब न हुए।

मंगलवार सुबह जब मान्या, मानवी और जीतेंद्र की आत्महत्या की खबर शहर में फैली तो सभी हतप्रभ रह गए। तमाम समाजों और संस्थाओं ने शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। ज्यादातर का कहना था कि जीतेंद्र ने अपनी पीड़ा साझा की होती तो उनकी सहायता की जाती। लेकिन, तीनों के अंतिम संस्कार के लिए कोई समाज, कोई संस्था सामने न आई।

अमर उजाला फॉलोअप

### नहीं पहुंचा कोई कंधा देने वाला

### शाहपुर थानाध्यक्ष ने शवों को पहुंचवाया घाट तक

शाहपुर थानाध्यक्ष ने मानवता दिखाई और पिकअप की व्यवस्था कर शवों को राजघाट तक पहुंचवा दिया। वहीं, घोसीपुरा के पार्षद प्रतिनिधि मंता लाल यादव ने अंत्येष्टि के सामान की व्यवस्था कराई। पुत्र और दोनों पौत्रियों को बुजुर्ग ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने कांपते हाथों से मुखाग्नि दी।





मान्या, जीतेंद्र और मानवी। फाइल फोटो

### सांसद और मेयर पहुंचे, पांच हजार की सहायता दी



पादरी बाजार। एक परिवार के तीन सदस्यों की आत्महत्या की खबर पाकर सांसद रवि किशन शुक्ला और मेयर सीताराम जायसवाल बृहस्पतिवार को घोसीपुरवा पहुंचे और जीतेंद्र के बुजुर्ग पिता ओमप्रकाश श्रीवास्तव को ढांढस बंधाया। वहीं, मेयर सीताराम जायसवाल ने उन्हें पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। घटना पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सांसद ने कहा कि यह अत्यंत ही पीड़ादायक घटना है। अगर समय रहते दिवंगत जीतेंद्र ने अपनी बात कही होती तो हर संभव मदद की जाती। दोनों बच्चियों की फीस की व्यवस्था की जाती। इस दौरान ओमप्रकाश ने मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद के लिए तहसीलदार सदर विकास सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। ब्यूरो

# काश! ऐसे ही रोजाना सुनवाई करते तो भटकना नहीं पड़ता साहब

## दिव्यांगजनों की समस्याओं के निस्तारण के लिए बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में मोबाइल कोर्ट का आयोजन, राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन अजीत कुमार सिंह ने सुनीं फरियाद

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से दिव्यांगजनों की समस्याओं के निस्तारण के लिए बृहस्पतिवार को मोबाइल कोर्ट का आयोजन बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में किया गया।

जहां, मुख्य अतिथि राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन अजीत कुमार सिंह ने 450 से अधिक दिव्यांगजनों की समस्याओं को संजीदगी से सुना और संबंधित विभाग को समस्या दूर करने का निर्देश दिया। अधिकारी से सीधे संवाद कर दिव्यांगजनों ने कहा कि काश! रोजाना ऐसे ही सीधे मंच पर सुनवाई होती तो हमें भटकना नहीं पड़ता।

कैंपियरगंज के मौजा बसंतपुर सरकआताल के तोताराम ने रोडवेज बस में कंडक्टर के द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने के मामले को उठाया तो राज्य आयुक्त ने उन्हें घटना का दिन, बस का नंबर सहित ब्योरा उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही परिवहन विभाग को मामले की जांच के निर्देश दिए। व्यापारी नेता संजय सिंघानिया ने कोतवाली पुलिस पर दिव्यांगों के उत्पीड़न का आरोप लगाया तो राज्य आयुक्त ने एसएसपी को पत्र लिखकर दोबारा ऐसा व्यवहार न होने भरोसा दिलाया। भटहट तहसील के चौरीचौरा निवासी राधेश्याम का नंबर आया तो उनकी आंखें भर आईं। खुद को संभालते हुए कहा कि साहब ठेला चलाकर जीवन यापन करता हूं। आवास मिल जाए तो जीवन काटना आसान हो जाएगा। तो राज्य आयुक्त ने आवेदन जमा कराने और नियमानुसार आवास आवंटन की बात कही।

मोतीराम की प्रियंका ने रोजगार, गीता ने विकलांग प्रमाणपत्र बनने में आ रही समस्याओं को उठाया। कहा कि सीएमओ दफ्तर से लौटा दिया जा रहा है। जिसपर राज्य आयुक्त ने सोमवार तक प्रमाणपत्र बनाने का निर्देश दिया। कृष्णदेव ने दिव्यांगता प्रमाणपत्र तो ननकू ने ऑनलाइन प्रमाणपत्र की समस्या को उठाया। राज्य आयुक्त ने समस्या दूर कराने का भरोसा दिलाया। सुबह 10 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक दिव्यांगजनों की समस्त समस्याओं को राज्य आयुक्त ने सुना और उसे उचित पटल के माध्यम से हल करने का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशुतोष पांडेय, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी संदीप मौर्य, दिव्यांगजन उपायुक्त शैलेंद्र कुमार सोनकर आदि मौजूद रहे।




दिव्यांगजनों की समस्याओं के निस्तारण के लिए बृहस्पतिवार को आयोजित मोबाइल कोर्ट में चौरीचौरा निवासी राधेश्याम और सरकआताल के तोताराम ने राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन अजीत कुमार सिंह को अपनी समस्याएं बताईं। संवाद



मोबाइल कोर्ट में लाभार्थियों के साथ राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन अजीत सिंह, अपर राज्य आयुक्त शैलेंद्र कुमार सोनकर व अधिकारी। संवाद

# हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार

चौरीचौरा। पुलिस ने मारपीट और हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी निरीक्षक जयंत कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर डुमरी खुर्द निवासी अमन और आजाद को क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। इनके खिलाफ पवन सिंह की तहरीर पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद से इनकी तलाश की जा रही थी। आरोप है कि दोनों ने मामूली विवाद में पवन के भाई श्याम सुदंर सिंह को ईंट, पत्थर और रॉड से मारकर अधमरा कर दिया था। मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। ब्यूरो

# दलित बस्ती में धर्मांतरण करने वाला प्रचारक गिरफ्तार

**हरपुर-बुदहट(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राप पचौरी दलित बस्ती में पहुँच कर ईसाई बनने का प्रलोभन दे रहे आरोपी को ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के पचौरी गांव में वृहस्पतिवार को दिन में 10 बजे के करीब दलित बस्ती में एक व्यक्ति के घर पर ईसाई धर्म का प्रचारक दर्जनों की संख्या में दलितों को बुलाकर उन्हें ईसाई धर्म स्वीकार करने के लिए प्रलोभन दे रहा था। इस दौरान प्रार्थना सभा भी चल रही थी कि धर्मांतरण को देखते हुए गांव के एक युवक ने 112 पर फोन कर पुलिस बुला लिया। पुलिस धर्म प्रचारक को हिरासत में ले लिया। वही पुलिस ने धर्मांतरण करा रहे आरोपी शेषमणि पुत्र रामनाथ निवासी रानीपुर धनघटा सन्तकबीरनगर व चन्द्रेश निवासी ग्राम पचौरी हरपुर-बुदहट के खिलाफ 3/5(1) उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 मुकदमा दर्ज कर न्यायालय से जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मो. कादिर, सुधाकर यादव, कमला यादव, धर्मेंद्र, रामपाल पाण्डे, सन्तोष पाठक सहित आदि लोग थे ।

# विशेष धर्म का प्रचार करने वाले को हिरासत में लिया

## हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के पचौरी गांव की मलिन बस्ती का मामला

अमर उजाला ब्यूरो

**हरपुर बुदहट।** थाना क्षेत्र के पचौरी गांव की मलिन बस्ती में बृहस्पतिवार को एक विशेष धर्म का प्रचार कर व्यक्ति की शिकायत ग्रामीणों ने की। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ की जा रही है।

आरोप है कि पचौरी गांव में सुबह 10 बजे मलिन बस्ती निवासी एक व्यक्ति के घर पर एक विशेष धर्म का प्रचारक दर्जनों की संख्या में लोगों को बुलाकर धर्म से संबंधित प्रार्थना सभा करवा रहा था। इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने 112 पर इसकी सूचना दी। सूचना पर पुलिस धर्म प्रचारक को हिरासत में लेकर थाने पहुंची। इस दौरान ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और प्रार्थना सभा करवा रहे युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले में अभी केस नहीं दर्ज किया गया है।

# विशेष धर्म का प्रचार करने वाले को हिरासत में लिया

अमर उजाला ब्यूरो

## हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के पचौरी गांव की मलिन बस्ती का मामला

हरपुर बुदहट। थाना क्षेत्र के पचौरी गांव की मलिन बस्ती में बृहस्पतिवार को एक विशेष धर्म का प्रचार कर व्यक्ति की शिकायत ग्रामीणों ने की। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ की जा रही है।

आरोप है कि पचौरी गांव में सुबह 10 बजे मलिन बस्ती निवासी एक व्यक्ति के घर पर एक विशेष धर्म का प्रचारक दर्जनों की संख्या में लोगों को बुलाकर धर्म से संबंधित प्रार्थना सभा करवा रहा था। इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने 112 पर इसकी सूचना दी। सूचना पर पुलिस धर्म प्रचारक को हिरासत में लेकर थाने पहुंची। इस दौरान ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और प्रार्थना सभा करवा रहे युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले में अभी केस नहीं दर्ज किया गया है।

# दोष सिद्ध होने पर सात साल कैद व अर्थदंड

गोरखपुर। अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के गोरपाडीह बनकटा निवासी अभियुक्त सत्यम सिंह यादव उर्फ रामनाथ यादव को सात साल के कठोर कारावास एवं 17 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

सत्यम पर पुलिस वालों पर जानलेवा हमला करने का आरोप था। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि वादी अजीजुर्रहमान अपने हमराहियों के साथ चेकिंग करते हुए दुधरा में इलाहाबाद बैंक पर पहुंचे। सूचना मिली कि दो बदमाश रकौली बाजार की ओर से दुधरा तिराहे की ओर आ रहे हैं। सूचना पाकर पुलिस वाले मौके पर पहुंचे। जहां बदमाश मोटर साइकिल पर आते दिखाई दिया, जिसे रोका गया तो वह पुलिसवालों को जान मारने की नीयत से असलहे से फायर करते हुए गाड़ी मोड़कर भागने लगा। संवाद

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-11-2022

राष्ट्रीय सहारा दि० 10/11/22

# सबकी सुने, सम्मान के साथ समाधान दे पुलिस

देवरिया(एसएनबी)। जिले के तीन दिवसीय दौरे पर आए गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने बृहस्पतिवार को देवरिया पुलिस के वार्षिक निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और उसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। तत्पश्चात अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस कार्यालय देवरिया परिसर का भ्रमण करते हुए प्रधान लिपिक शाखा, सीसीटीएनएस कार्यालय, साइबर सेल, महिला प्रकोष्ठ, डीसीआरबी, पारपत्र सेल, आईजीआरएस शाखा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों के रख रखाव व कार्यालय की साफ सफाई को देखा। अभिलेखों के रख रखाव के सम्बन्ध में सम्बन्धित पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।



सशस्त्र गारद की सलामी लेते अपर पुलिस महानिदेशक।

इसके बाद अपर पुलिस महानिदेशक थाना तरकुलवा का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सशस्त्र गारद की सलामी लिया। कार्यालय, बैरक, थानाध्यक्ष कक्ष, भोजनालय, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय एवं थाना परिसर का निरीक्षण किया। मालखाने का निरीक्षण करते हुए माल मुकदमाती का निस्तारण कराये जाने एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों, शस्त्रों की साफ सफाई व उनके रख रखाव आदि के सम्बन्ध में उचित दिशा निर्देश दिया। उन्होंने थाने पर उपस्थित संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ बैठक कर थाना तरकुलवा पुलिस के कार्यप्रणाली आदि के सम्बन्ध में उनसे फीडबैक लिया। उन्होंने तरकुलवा कस्बे एवं आस-पास के क्षेत्रों में सघन वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग हेतु थानाध्यक्ष तरकुलवा को निर्देशित किया। कहा कि थाने पर आने वाले जनप्रतिनिधिगण, संभ्रान्त व्यक्ति एवं पत्रकार बन्धुओं के साथ-साथ कोई भी व्यक्ति थाने पर आता है तो उसे सम्मान दिया जाये। उनकी समस्याओं को ससम्मान सुनते हुए कार्रवाई की जाये। उन्होंने थाना तरकुलवा पर ग्राम प्रहरियों के साथ गोष्ठी कर उनके कर्तव्यों के प्रति बोध कराया। कहा कि गांव में कोई भी घटना घटित होने पर सर्वप्रथम आप को ही सूचना मिलती है। इसलिए आप पुलिस विभाग के एक अहम अंग है। इसके अतिरिक्त आप लोगों द्वारा अपने क्षेत्रों में गोपनीय रूप से सूचनाओं का संकलन कर अपने सम्बन्धित बीपीओ तथा उच्चाधिकारियों को भी अवगत करा

**पुलिस कार्यालय व तरकुलवा थाने का किया निरीक्षण, दिये निर्देश**

**बीपीओ एवं ग्राम प्रहरियों के साथ किया बैठक**

सकते हैं। अपराध नियंत्रण मे आप लोगो की विशेष भूमिका है। उन्होंने ग्राम प्रहरियों से यह भी पूछा कि उनके फोन में उनका नम्बर है अथवा नहीं। समस्त ग्राम प्रहरियो के फोन में उच्चाधिकारीगण के नम्बर होना पाया गया। तत्पश्चात उन्होंने समस्त ग्राम प्रहरियों को साफा का वितरण कर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने थाने पर उपस्थित समस्त पुरुष/महिला बीपीओ के साथ गोष्ठी करते हुए बीपीओ को अपने क्षेत्र में जाकर जन चौपाल लगाने तथा लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उनका निस्तारण करने का निर्देश दिया। महिला बीपीओ को अपने-अपने क्षेत्र में जाकर महिलाओं के साथ चौपाल लगाते हुए उनके साथ एक मैत्रिक व्यवहार बनाये जाने तथा सूचनाओं का संकलन किये जाने व मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलम्बन के सम्बन्ध में जागरूक किये जाने के सम्बन्ध में उचित दिशा निर्देश दिया। उप निरीक्षकगण को निर्देश दिया कि किसी भी सूचना पर मौके पर पंहुचकर नियमानुसार कार्रवाई करें। किसी की समस्या सामने आने पर यदि उसकी समस्या किसी अन्य विभाग से भी सम्बन्धित हो तो उसे उचित राय दे। यथा सम्भव उसका मार्गदर्शन करते हुए उसकी समस्या के निस्तारण के सम्बन्ध में बताएं। ऐसा कदापि न करें कि पुलिस विभाग से किसी की समस्या का सम्बन्ध नहीं है तो उसपर कोई रुचि न लें। क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति को कोई भी समस्या हो तो वह सर्वप्रथम पुलिस के पास एक उम्मीद से आता है। उन्होंने बीपीओ के बीट रजिस्टर का अवलोकन किया और बीपीओगण से उसमें इन्द्राज बीट के सम्बन्ध में पूछताछ कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने थाने के अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर आदि अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को उचित दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी, थानाध्यक्ष तरकुलवा आदि उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान दि० 18/11/22

खामपार, भलुअनी समेत आधा दर्जन स्थानों के एक दर्जन पीड़ितों से मिले एडीजी, समाधान का आश्वासन

# फरियादियों को हर हाल में न्याय दिलाएं

देवरिया, निज संवाददाता। तीन दिवसीय वार्षिक निरीक्षण पर देवरिया आए गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने एसपी के कक्ष में फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान मातहतों को कार्रवाई का निर्देश दिया। एडीजी ने एसपी कार्यालय का निरीक्षण भी किया।

गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार दूसरे दिन दिन में साढ़े दस बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। जहां पर पुलिस कर्मियों ने एडीजी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वह एसपी कक्ष में बैठकर सुनवाई किया। जहां पर एक एक फरियादी का कक्ष में बुलाकर उनकी समस्याओं को जाना। जिले के खामपार और भलुअनी थाने के सबसे अधिक फरियादी एसपी कार्यालय पहुंचे थे। जिसमें सबसे अधिक भूमि विवाद के मामले थे। एडीजी ने 15 फरियादियों की समस्या सुनी। उन्होंने पीड़ित को न्याय का आश्वासन दिया। एडीजी ने सभी फरियादियों को थाना दिवस पर बुलाया। इसके साथ ही मातहतों को पीड़ितों के मामले की जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके बाद एडीजी पुलिस कार्यालय के प्रधान लिपिक शाखा, सीसीटीएनएस कार्यालय, साइबर सेल, महिला प्रकोष्ठ, डीसीआरबी, पारपत्र सेल, आईजीआरएस शाखा का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के कर्मचारियों से रिकार्ड और रिकार्ड से जुड़ी हुई जानकारी लेते रहे। अभिलेखों के रख रखाव के संबन्ध में संबन्धित पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण को आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान एसपी संकल्प शर्मा भी मौजूद रहे।



गुरुवार को एसपी के कक्ष में मामलों की सुनवाई करते हुए एडीजी अखिल कुमार।

**तरकुलवा थाने का एडीजी ने किया मुआयनाः** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन जिले के तरकुलवा थाने पहुंचे। कार्यालय, बैरक, भोजनालय, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय, थाना परिसर का निरीक्षण किया। थाने के अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर आदि अभिलेखों का निरीक्षण कर कर्मचारियों से पूछताछ किया।

**ग्राम प्रहरियों के साथ की बैठकः** एडीजी ने तरकुलवा थाने पर ग्राम प्रहरियों के साथ गोष्ठी किया। जहां उन्होंने ग्राम प्रहरियों को उनके कर्तव्यों के प्रति बोध कराते हुए बताया गया कि गाँव में कोई भी घटना घटित होने पर सर्वप्रथम आप को ही सूचना मिलती है। इसलिए आप पुलिस विभाग का एक अहम अंग है। आप लोगों द्वारा अपने क्षेत्रों में गोपनीय रूप से सूचनाओं का संकलन कर संबन्धित बीपीओ तथा उच्चाधिकारियों को भी अवगत करा सकते हैं एवं अपराध नियंत्रण में आप लोगों की विशेष भूमिका है।

## बीपीओ के साथ गोष्ठी को एडीजी ने किया सम्बोधित

एडीजी गोरखपुर अखिल कुमार ने बनकटा थाने पर सभी पुरुष, महिला बीपीओ के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। कहा कि बीपीओ को अपने क्षेत्र में जाकर जन चौपाल लगाने तथा लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उनका निस्तारण कराये जाने के संबन्ध में बताया। नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलम्बन के संबन्ध में जागरूक किये जाने के संबन्ध में उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर, सीओ नगर श्रीयश त्रिपाठी मौजूद रहे।

## प्रमुख चौराहों पर मुस्तैद रही पुलिस

एडीजी के जिले में प्रवास को देखते हुए सदर कोतवाली मुस्तैद रही। गुरुवार को भारी संख्या में पुलिस कर्मी सिविल लाइन रोड के चौराहों पर मुस्तैद रही। वहीं यातायात कर्मी भी वाहनों को एक स्थान पर रोकने पर चालान कर दे रहे थे।

दैनिक जागरण दि० 18/11/22

# अपराध पर अंकुश के लिए जनता से समन्वय जरूरी

**तरकुलवा :** एडीजी अखिल कुमार ने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जनता व पुलिस के बीच समन्वय का होना बहुत जरूरी है। नागरिक, पुलिस व ग्राम प्रहरी तीनों कड़ी है। ग्राम प्रहरियों को और जागरूक व सजग रहना होगा। वह गुरुवार को तरकुलवा थाने के वार्षिक निरीक्षण के दौरान जनता व ग्राम प्रहरियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश के लिए पुलिस विभाग की तरफ से त्रि-नेत्र अभियान चलाया जा रहा है। सभी बीट सिपाही अपने क्षेत्र के सम्मानितजन, अपराधियों व वारंटियों के मोबाइल नंबर व उनके बारे में जानकारी रखें। उन्होंने महिला सिपाहियों व बीट पुलिस अधिकारियों से संवाद किया। उन्होंने कार्यालय के अभिलेखों के रखरखाव, शस्त्रागार, सीटीएनएस कक्ष में मुकदमों के पंजीकरण, लंबित विवेचना की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि परिसर की खाली भूमि में नर्सरी व साग भाजी उगाकर हरा-भरा रख सकते हैं। 40 से अधिक ग्राम प्रहरियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। थानाध्यक्ष दिनेश मिश्र को थाने की बेहतर रंगाई-पुताई व सुसज्जित करने के लिए शाबाशी दी। एसपी संकल्प शर्मा, एएसपी डा. राजेश सोनकर, सीओ श्रीयश त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख राम अशीष गुप्ता, जीवन पति त्रिपाठी, भाजपा के जिला महामंत्री रविंद्र किशोर कौशल, राजेश सिंह सेंगर, प्रधानाचार्य गोविंद पति त्रिपाठी मौजूद रहे।

# एडीजी ने सुनी फरियाद, पहुंचे 15 मामले

- समाधान दिवस में पुलिस व राजस्व टीम गठित कर निस्तारण के निर्देश
- एसपी कार्यालय का किया निरीक्षण पत्रावलियों के रखरखाव पर दें ध्यान

जासं, देवरिया: एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने दूसरे दिन गुरुवार को एसपी कार्यालय में फरियाद सुनी। उनके सामने 15 मामले आए, जो भूमि विवाद से जुड़े थे। उन्होंने सभी मामलों को समाधान दिवस में पुलिस व राजस्व की टीम गठित कर निस्तारित करने का निर्देश दिया।

तीन दिवसीय वार्षिक निरीक्षण के लिए आए एडीजी अखिल कुमार ने एसपी संकल्प शर्मा की मौजूदगी में जनसुनवाई की। उन्होंने लोगों से संवाद किया। समस्याओं को सुना व समाधान का भरोसा दिलाया। इसके बाद उन्होंने एसपी कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधान लिपिक शाखा, सीसीटीएनएस कार्यालय, साइबर सेल, महिला प्रकोष्ठ, डीसीआरबी, पारपत्र सेल, आइजीआरएस शाखा का हाल जाना। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव व कार्यालय की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इससे पूर्व उन्हें गार्ड आफ आनर दिया गया।



तरकुलवा थाना में महिला सिपाहियों से संवाद करते एडीजी अखिल कुमार • जागरण

दैनिक जागरण 10/11/22

# उप निरीक्षक शाहनवाज को मिला रजत पदक

लार : पुलिस की तरफ से 65 वीं अंतर जोनल वैज्ञानिक अनुसंधान प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ में हुआ। गोरखपुर जोन का प्रतिनिधित्व कर रहे लार थाना के खरवनिया नवीन चौकी इंचार्ज शाहनवाज हुसैन को रजत पदक हासिल हुआ है। लखनऊ के पुलिस मुख्यालय में वैज्ञानिक अनुसंधान प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जोन की टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें गोरखपुर जोन को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उप निरीक्षक शाहनवाज हुसैन को अंगुली चिह्न प्रयोगात्मक व मौखिक परीक्षा में रजत पदक मेडल, प्रदर्शों की पैकिंग, लेबलिंग व फारवर्डिंग परीक्षा व फोटो ग्राफी क्विचक परीक्षा में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं नीलाब्जा चौधरी व निदेशक विधि विज्ञान प्रयोगशाला महानगर लखनऊ सुधीर कुमार ने मेडल देकर सम्मानित किया। थानाध्यक्ष नवीन चौधरी सहित सभी पुलिस कर्मियों ने बधाई दी है। (जासं)

दैनिक जागरण दि. 18/11/22

# वाहनों में लगवाएं रिफ्लेक्टर : डीएम

## डीएम की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक




बैठक को संबोधित करते डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह • जागरण



उपस्थित अधिकारी • जागरण

जागरण संवाददाता, देवरिया: विकास भवन के गांधी सभागार में गुरुवार को जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें ठंड के मौसम में दुर्घटना को कम करने एवं कोहरे को लेकर अभी से तैयारियां शुरू करने का डीएम ने निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी वाहनों में रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगवा दिए जाएं। इसमें गन्ना ढोने वाली ट्रालियों व ट्रकों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

डीएम ने कहा कि दुर्घटना की संभावना वाले ब्लैक स्पाट्स पर ब्लिंकर्स, संकेतक जरूर लाएंग। जेब्रा क्रासिंग को नए सिरे से रंगा जाए।

डीएम ने कहा कि सड़क हादसों के प्रमुख वजह नशे की हालत में वाहन चलाना है। इसको लेकर अभियान चलाया जाए। एआरएम रोडवेज ओपी ओझा ने बताया कि बस ड्राइविंग के समय शराब का सेवन करने वाले परिवहन निगम के तीन ड्राइवरों की संविदा समाप्त कर दी गई है।

कहा कि घुमावदार मोड़ पर इंडिकेटर अवश्य लगाया जाएं। सड़क सुरक्षा पर जागरूकता अभियान के तहत रोड सेफ्टी आइकॉन्स को प्रोत्साहन देने के लिए अभियान भी चलाया जाए। डीएम ने कहा कि दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति (गुड सेमेरिटन) को सड़क सुरक्षा कोष से पांच हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। यह राशि सड़क सुरक्षा कोष से आवंटित की जाती है। उन्होंने जनपद के गुड सेमेरिटनों को सम्मानित करने का निर्देश एआरटीओ को दिया।डीएम ने नागरिकों से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने की अपील की, जिससे उनकी जान बचाई जा सके। सीडीओ रवींद्र कुमार, एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, डीएसपी अंशुमान श्रीवास्तव, एआरटीओ आशुतोष शुक्ला, एआरएम रोडवेज ओपी ओझा, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी आरके सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने सरयू में की प्रेमी-प्रेमिका की तलाश

## नीरज प्रकरण : प्रेमिका के घर की छत की रेलिंग से लिया फिंगर प्रिंट

संवाद न्यूज एजेंसी



बरहज में नीरज मामले में नावों से सरयू नदी खंगालती पुलिस । संवाद

**बरहज।** भलुअनी थाना क्षेत्र के विलासपुर गांव निवासी व पॉलीटेक्निक के छात्र नीरज तिवारी और उसकी प्रेमिका रहस्यमय तरीके से गायब हो गए हैं।

बृहस्पतिवार को स्थानीय पुलिस ने दो नावों के जरिए सरयू नदी खंगाला, लेकिन दोनों का कहीं सुराग नहीं लग सका। हालांकि, फोरेंसिक टीम प्रेमिका के छत की रेलिंग से लिए गए नमूने को जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजने की तैयारी में है।

एसआई छोटेलाल के नेतृत्व में छह सदस्यीय पुलिस टीम दो नावों के जरिए बरहज से भागलपुर के आगे तक घंटों नदी खंगाली, लेकिन नीरज का कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। 15 दिन बाद भी पुलिस अंधेरे में तीर चला रही है। मामले में पुलिस नीरज के मित्रों, प्रेमिका के घर वालों के अलावा संदेह के आधार पर लोगों से अलग-अलग और सामूहिक पूछताछ कर रही है।

दो नवंबर की रात नीरज तिवारी प्रेमिका के घर से गायब हो गया है। जबकि उसकी प्रेमिका का भी पता नहीं चल पा रहा है। प्रकरण में बरहज और भलुअनी थाने में अलग-अलग केस दर्ज किया गया है।

थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि नदी खंगाला गया है। जरूरत पड़ने पर गोताखोर भी बुलाए जाएंगे।

# एडीजी ने लोगों से पूछा, पुलिस की कार्यशैली कैसी है

## अपर पुलिस महानिदेशक ने सुनी फरियाद, निराकरण करने के दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी



तरकुलवा थाने का निरीक्षण करते एडीजी अखिल कुमार । संवाद

**देवरिया।** अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने बृहस्पतिवार को वार्षिक निरीक्षण के तहत पुलिस ऑफिस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसपी कार्यालय और तरकुलवा थाने का निरीक्षण भी किया।

एडीजी ने सुबह सबसे पहले एसपी ऑफिस पहुंच कर फरियाद सुनी। उन्होंने कहा कि दूर-दराज से आने वाले फरियादियों के साथ पुलिसकर्मी बेहतर व्यवहार करें। उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर निराकरण किया जाना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान प्रधान लिपिक शाखा, सीसीटीएनएस कार्यालय, साइबर सेल, महिला प्रकोष्ठ, डीसीआरबी, पारपत्र सेल, आईजीआरएस शाखा अभिलेखों के रख-रखाव व कार्यालय की साफ-सफाई को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद थाना तरकुलवा का निरीक्षण किया, जहां पर कार्यालय, बैरक, थानाध्यक्ष कक्ष, भोजनालय, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय एवं थाना परिसर का हाल जाना। साथ ही थाना में संभ्रात लोगों से पुलिस के कार्यप्रणाली आदि के संबंध में फीडबैक लिया।

ग्राम प्रहरियों के उत्साहवर्धन के लिए उनको साफा का वितरण करते हुए सम्मानित किया। साथ ही मौजूद सभी पुरुष व महिला बीपीओ से कहा कि अपने क्षेत्र में जाकर जन चौपाल लगाएं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला दि० 10/11/22

# सपा नेता संजय मल्ल पर दलित उत्पीड़न का मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

बघौचघाट। पांच माह पूर्व हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने सपा नेता सहित चार पर एससी/एसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई की है।

थाना क्षेत्र के कंठीपट्टी गांव निवासी अखिलेश ने प्रार्थनद्म पत्र देकर कोर्ट में गुहार लगाई कि गांव के संजय मल्ल व उनके भाई सुनील मल्ल, अवनीश मल्ल, आयुष मल्ल पूर्व में एक मुकदमे में 23 मई को सुलह के लिए बुलाकर दबाव बनाने लगे। जब हमने सुलह से मना कर दिया तो चारों लोग हमें दौड़ा-दौड़ा कर पीटने लगे। घर में छिपा तो आरोपियों ने घर में घुसकर मारने लगे मारपीट में मेरी छाती हड्डी टूट गई। इसके बाद गाली देते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया।

न्यायालय में गुहार लगाई। बृहस्पतिवार को बघौचघाट पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चारों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट सहित घर में घुसकर मारने-पीटने के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 18-11-2022

# चाकू के साथ दो लोग गिरफ्तार

हाटा। जिले में अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में गुरुवार को हाटा कोतवाली के पुलिस टीम ने क्षेत्र के लालीपार मौन नाला के पास से दो संदिग्धों को पकड़ा। दो चाकू बरामद किया गया।

# वांछित गिरफ्तार

**पडरौना :** कुबेरस्थान पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित में सेमरा हर्दो पट्टी चौराहे के पास से आरोपित फरहान खान उर्फ मोनू उर्फ आसिफ सेमरा हर्दो को एक तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह ने दी है। (जासं)

# न्यायालय के आदेश पर उत्पीड़न का मुकदमा

**जासं, कोटवा बाजार :** न्यायालय के निर्देश नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध गुरुवार को दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। एक गांव के निवासी पिता ने उसी गांव के एक समुदाय विशेष के युवक द्वारा 17 मार्च 2021 में बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगा पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने आरोपित को शांति भंग में निरुद्ध करने के बाद मामले को गंभीरता से नहीं लिया। पीड़ित पिता ने थाने से न्याय न मिलता देख एसी-एसटी विशेष न्यायालय पडरौना में चार अक्टूबर 2021 को वाद दाखिल कर गांव के ही युवक पर बेटी को बहलाफुसला कर भगा ले जाने, धर्म परिवर्तन कर शादी कर गायब करने और उलाहना देने पर घर में घुसकर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया था। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने गयासुद्दीन, असगर, आलिम, समसुद्दीन, हसैन व समीर पर मुकदमा दर्ज किया है। एसएचओ अतुल कुमार श्रीवास्तव कहा कि पुराने मामले में कोर्ट के आदेश पर मामले की जांच की जा रही है।

# चार महिलाओं सहित पांच के विरुद्ध मुकदमा

**जागरण संवाददाता, पटहेरवा :** क्षेत्र के गांव करजहां में पुरानी रंजिश में हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने पीड़िता के तहरीर पर चार महिलाओं सहित पांच व्यक्तियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। गांव निवासी पीड़ित महिला सुमन देवी पत्नी प्रमोद प्रसाद ने तहरीर में लिखा है कि उसके पुत्र विवेक कुमार व पुत्री करीना खेत की बोआई कर रहे थे, तभी पट्टीदार विनोद प्रसाद, संगीता देवी, गिरजा देवी, नेमवंती व सुनैना आदि लाठी-डंडा लेकर आए और लड़के व लड़की को मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने पर उसे भी मारापीटा तथा जानमाल की धमकी देते हुए फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया है कि जांच की जा रही है।

# यातायात संसाधनों का टूटा दम, खतरे की घंटी

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** नेबुआनौरंगिया के खानू छपरा चौराहा के समीप पेट्रोल पंप के सामने बीते 14 अक्टूबर को मार्ग दुर्घटना में पांच लोग घायल हुए थे और दो की मृत्यु हो गई थी। रात को हुई दुर्घटना की वजह थी साइनेज का अभाव तो गलत साइड से वाहनों के चलने पर रोक के इंतजाम का अभाव।

दैनिक जागरण के 304 किमी के रोड आडिट में यह बात सामने आई है कि लगभग हर दस किमी पर यातायात संसाधनों के मूलभूत सुविधाओं के अभाव के चलते इस तरह का खतरा खड़ा है। कसया-कुशीनगर के तीखे मोड़ से लेकर जिले के दूसरे छोर लबनिया चौराहे तक की पड़ताल यह बताती है कि हादसों को रोकने में यातायात व्यवस्था किस कदर फेल है।

शुरुआत पडरौना के बीआइपी सुभाष चौक से करते हैं। बीच सड़क पर पुलिस पिकेट के पास ही सड़क पर संकेतक नहीं है। एंट्री एग्जिट का नामोनिशान है।

ऐसे में हर रोज यहां छोटी मोटी दुर्घटना होती है। यहां से तीन किमी आगे बढ़ने पर बावली तिराहा पर डाइवर्जन है, लेकिन इसको बताने वाला साइनेज बोर्ड नहीं है। यहां



पडरौना नगर के कठकुइयां मोड पर नही बनाया गया संकेतक।जागरण

तकनीकी गड़बड़ी के कारण महाराणा प्रताप की ऊंची प्रतिमा के चलते सामने से सड़क से आने वाले वाहन ठीक से नहीं दिखते है। यहां दोहरे खतरे के चलते आए दिन दुर्घटना होती हैं। एनएच 727 पर सरपतही बांड़ी पुल के समीप अंधा मोड़ है, लेकिन इसको बताना वाला संकेतक नहीं है। मठिया बुजर्ग के तीखे मोड़ का भी यही हाल है।

पिपरा बाजार के खतरनाक पुल के दोनों तरफ गड्ढे हैं, लेकिन यहां रिफ्लेक्टर हैं और न दिशासूचक। हनुमानगंज, खड्डा छितौनी बगहां मोड़ के पास भी संकेतक नहीं हैं।

"सुरक्षित यातायात को लेकर पूरा प्रयास किया जाता है। मैन पावर व संसाधन की कमी को लेकर विभाग के निदेशालय को पत्र लिखा गया है। इसके पूरा होते ही सड़कों पर जो कुछ कमियां है, पूरी तरह से दूर कर ली जाएगी।"

सत्य सान्याल शर्मा, यातायात निरीक्षक, कुशीनगर

रामपुर बगहां मोड़ पर संकेतकों की बड़ी जरूरत है, लेकिन बनाए ही नहीं गए हैं। हाटा का तीखा मोड़ जानलेवा तो है, लेकिन विभाग यहां संकेतक लगाना मुनासिब नहीं समझता। विजयपुर उत्तरपट्टी

### उपलब्ध फोर्स

सीओ - 01
निरीक्षक - 01
उपनिरीक्षक-शून्य
महिला उपनिरीक्षक-शून्य
मुख्य आरक्षी-06
आरक्षी -09
महिला आरक्षी-01
होमगार्ड -55
पीआरडी-25

### संसाधन और आवश्यकता

| -93उपकरण | आवश्यकता | उलब्धता |
|---|---|---|
| बैरियर चेन(मीटर) | 00 | 00 |
| सेफ्टी बेल्ट जैकेट | 00 | 00 |
| फ्लोरेसेंट सेफ्टी जैकेट | 100 | 25 |
| मैसेज प्लेट( कोन वाला) | 05 | 01 |
| बोलाड कोन | 100 | 45 |
| रेन कोट | 100 | 00 |
| सोलर ब्लिंकर | 50 | 00 |
| स्प्रिंग पोस्ट | 45 | 00 |
| सेफ्टी टार्च | 55 | 07 |
| डेलीनेटर | 50 | 00 |
| व्हील क्लैंप | 70 | 02 |
| रिफ्लेक्टर टेप | 100 | 04 |
| लाउड हेलर | 10 | 02 |
| फोल्डिंग बैरियर | 50 | 20 |
| बाडी वार्न कैमरा | 01 | 00 |
| डेसिबल मीटर | 01 | 00 |
| आयरन बैरियर | 30 | 20 |
| ब्रेथ एनालाइजर | 50 | 18 |
| मोटरसाइकिल | 00 | 00 |
| ड्रोन कैमरा | 00 | 00 |
| क्रेन | 03 | 01 |

चौराहा पर संकेतक हैं और न ही स्पीड ब्रेकर बने हैं। ठाढीभार चौराहा पर सड़क पर ही बेतरतीब खड़े वाहनों को रोकने वाला भी कोई नहीं हैं।

### नो इंट्री जोन सिर्फ कागजों तक

पडरौना, कसया, व तमकुही में बनाए गए नो इंट्री जोन केवल कागजों तक सीमित हैं।

भारी वाहन किसी भी समय प्रवेश कर जाते हैं और बड़ी दुर्घटना का कारण बनते हैं।

इसकी जानकार देने वाला कोई बोर्ड तक नहीं है, कार्रवाई के लिए कर्मियों की बात तो दूर है।

# कार से 149 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद दो गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** खड्डा पुलिस ने गुरुवार को सालिकपुर पुलिस चौकी के समीप कार से तस्करी कर बिहार लेकर जायी जा रही 149 बोतल हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इस दौरान दो तस्कर भी पकड़े गए हैं।

एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक विरेन्द्र कुमार यादव की टीम ने फर्जी नंबर प्लेट की कार जांच के दौरान पकड़ी। तलाशी में कार से 750 एमएल की 84 बोतल व 24 बोतल 375 एमएल, 41 बोतल 180 एमएल अंग्रेजी शराब हरियाणा निर्मित बरामद हुआ।

पकड़े गए तस्करों की पहचान अजय कुमार हालमुकाम वाई 465 गली नंबर आठ प्रेमनगर दो किरारी सुलेमान नगर निठारी, नार्थ वेस्ट दिल्ली स्थायी पता रामपुर थाना नरही जिला बलिया व मनोज कुमार निवासी बी 407 गौरी शंकर इनक्लेव प्रेमनगर तीन किरारी सुलेमान नगर दिल्ली 86 के रूप में हुई है। आबकारी एक्ट व कूटरचित नंबर प्लेट संबंधी मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# छेड़खानी व मारपीट में तीन पर मुकदमा

पटहेरवा : फाजिलनगर कस्बा निवासी एक महिला ने अपने पड़ोसियों पर मारपीट करने तथा घर में जबरिया कूड़ा फेंकने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मारपीट, छेड़खानी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। गिरजा देवी पत्नी अमरेंद्र सिंह ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि उनका घर फाजिलनगर कस्बा में जगदीश सिंह कांप्लेक्स के पीछे स्थित है। पड़ोसी धीरज वर्मा, पराग वर्मा, राजकुमार वर्मा पुत्रगण वैधनाथ वर्मा बुरी तरह मारापीटा। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। (जासं)

# जब्त शराब को किया नष्ट

**बरवापट्टी।** थाना क्षेत्र में बरामद अवैध शराब की खेप को पुलिस ने बुधवार की शाम नष्ट कराया। थाना परिसर के बगल में गड्ढा खोदकर अवैध शराब की बोतलों को दफन करा दिया। इस दौरान कुल 48 मामलों में 242 लीटर देसी और विदेशी शराब नष्ट की गई। कार्रवाई में सीओ जितेंद्र सिंह कालरा, एसपीओ कसया नवनीत कुमार त्रिपाठी, एसओ जितेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे। संवाद

# पुलिस की तत्परता से टला विवाद

**पकड़ियार बाजार।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा खैरी में पानी रोकने को लेकर आमने-सामने हुए दो पक्षों के बीच पुलिस की तत्परता से बड़ा विवाद टल गया। खैरी गांव में नाली बनी हुई है। बृहस्पतिवार को कुछ लोगों ने नाली के पानी का बहाव रोक दिया। इसके चलते सड़क पर ही गंदा पानी फैल गया। इसी मामले को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए। विवाद बढ़ता देखकर किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस पहुंची तो विवाद कर रहे चार लोगों को हिरासत में लेकर थाने चले गए। उनका शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। संवाद

# सैनिक के समर्थन में वकीलों ने दिया एसडीएम को ज्ञापन

## सांकेतिक हड़ताल भी की, नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड नंबर-14 का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**डिबनी बंजरवा।** नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड नंबर-14 (कोइंदी गोसाईंपट्टी) निवासी एक सैनिक के साथ हुए विवाद की जानकारी होने पर अधिवक्ता समर्थन में उतर आए। अधिवक्ताओं ने सांकेतिक हड़ताल कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

वार्ड 14 के बैद्यनाथ यादव के पुत्र विनोद यादव सेना में कार्यरत हैं। परिजनों के मुताबिक बुधवार देर शाम विनोद घर पहुंचे तो उनके दरवाजे पर चढ़कर पड़ोसियों ने बवाल काटा और गाली गलौज की। सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस सैनिक को पुलिस चौकी पर ले जाकर बैठा दी।

बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी होने के बाद तमकुहीराज बार एसोसिएसन के अधिवक्ता सैनिक के समर्थन में उतर आए। सांकेतिक हड़ताल कर एसडीएम तमकुहीराज व्यास नारायण उमराव को ज्ञापन दिया। बताया जा रहा है कि सैनिक का पड़ोसियों से जमीन का विवाद है। जब पड़ोसियों को जानकारी हुई कि विनोद घर आए हैं तो बुधवार देर शाम उनके साथ झगड़ा किया।

सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस विनोद को लेकर थाने चली गई। बात बढ़ने लगी तो दूसरे पक्ष के लोगों को भी थाने लेकर चली गई। गाली गलौज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। इसके बाद सैनिक को क्षेत्रीय लोगों का समर्थन मिलने लगा।

बृहस्पतिवार को यह बात तमकुहीराज बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को पता चली तो सैनिक के साथ दुर्व्यवहार के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। तमकुहीराज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार राय ने बताया कि सेना का जवान देश की सेवा करते हैं।

उनके साथ दुर्व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम को ज्ञापन दिया गया है। एसडीएम तमकुहीराज व्यास नारायण उमराव ने बताया कि बार एसोसिएशन की ओर से एक पत्रक प्राप्त हुआ है।

एसएचओ तमकुहीराज नीरज कुमार राय ने बताया कि एकपक्षीय कार्रवाई का आरोप पूरी तरह निराधार है। जांच पड़ताल कर न्याय संगत कार्रवाई की जाएगी।

# न्यायालय के आदेश पर 19 माह बाद छह लोगों पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया अपहरण व दलित उत्पीड़न का मुकदमा

**पकड़ियार बाजार।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र की अनुसूचित जाति की एक युवती का धर्म परिवर्तन कर अपहरण करने का आरोप लगाकर तहरीर देने के मामले में पुलिस ने 19 माह बाद न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ अपहरण और दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

युवती के पिता की तरफ से तहरीर में बताया गया था कि गांव के दूसरे वर्ग का एक युवक 17 मार्च 2021 को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसका धर्म परिवर्तन कर गायब करने की तहरीर दी गई थी। पुलिस ने आरोपी को शांतिभंग के अंदेशा में निरुद्ध कर दिया। युवती के पिता ने थाने से न्याय न मिलते देख एससी एसटी विशेष न्यायालय पडरौना में चार अक्तूबर 2021 को वाद दाखिल कर किया। उन्होंने अपनी बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने और धर्म परिवर्तन कर गायब करने तथा उलाहना देने पर घर में घुसकर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया था।

न्यायालय ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर अवगत कराने का आदेश दिया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने छह लोगों पर अपहरण, दलित उत्पीड़न व मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसएचओ अतुल कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि घटना काफी पुरानी है। न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# विवाद में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पटहेरवा।** क्षेत्र के फाजिलनगर कस्बे में घर के सामने कूड़ा फेंकने, शौचालय व छज्जा निर्माण को लेकर हुए विवाद में बृहस्पतिवार शाम पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को तहरीर तहरीर देकर मोहल्ले की पीड़ित महिला ने बताया कि वह दो बेटियों और एक बेटे संग फाजिलनगर में रहती हैं। उनके पति रोजगार के लिए बाहर रहते हैं। महिला का आरोप है कि बगलगीर तीन युवक आए दिन मारपीट करते हैं।

पांच नवंबर को आरोपियों ने उनके घर की तरफ दीवार चलाना शुरू कर दिया। मना करने पर घर में घुसकर मारपीट की। बीच बचाव करने आई उनकी बेटी के साथ बदसलूकी की और उसके कपड़े फाड़ दिए, जिससे वह अचेत हो गई। इस मामले में बृहस्पतिवार शाम पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धमकी, मारपीट करने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। एसएचओ गिरजेश उपाध्याय ने बताया कि इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज आरोपियों की तलाश की जा रही है। संवाद

# छात्राओं को दी हेल्पलाइन नंबर की जानकारी

पिपरा बाजार। सरस्वती इंटर मीडिएट कॉलेज लीलाधर छपरा में मिशन शक्ति के तहत बृहस्पतिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नेबुआ नौरंगिया थाना प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने छात्राओं को महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी।

निरीक्षक ने कहा कि आवश्यकता पर छात्राएं तत्काल पुलिस को सूचना दें। कार्यक्रम में छात्राओं को सुरक्षा के टिप्स भी दिए गए गए। निरीक्षक ने बताया कि 1090 पर काल करें। पुलिस तुरंत पहुंचेगी। इसमें सूचना दाता का नाम-पता गोपनीय रखा जाएगा। इसके अलावा छात्राओं को डायल- 102, 181, 101 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई।

साइबर फ्रॉड से आगाह करते हुए बताया गया कि साइबर ठगी होने पर 1930 नंबर पर काल करके सूचना दें। कार्यक्रम का संचालन कालेज के प्रबंधक सतीश तिवारी ने किया। संवाद

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 18-11-2022

# यम हैं हम... हेलमेट लगाओ नहीं तो बढ़ जाएगा हमारा काम

## यमराज की वेशभूषा में लोगों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ा रहे होमगार्ड जवान

संवाद न्यूज एजेंसी



सक्सेना चौक पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यमराज बने शक्ति प्रताप व चित्रगुप्त बने शैलेष ने वाहन चालकों को जागरुक किया। संवाद

**महराजगंज।** यातायात माह चल रहा है। विविध गतिविधियों के जरिये लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बृहस्पतिवार को शहर में सक्सेना चौक पर यमराज एवं चित्रगुप्त की वेशभूषा में दो लोग नजर आए। दोनों होमगार्ड जवान हैं। उन्होंने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया।

यमराज की भूमिका में होमगार्ड जवान शक्ति प्रताप चौधरी मधुबनी गांव के रहने वाले हैं। वह सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों से अनोखे अंदाज में बोले-यम हैं हम, हेलमेट लगाओ नहीं तो बढ़ जाएगा हमारा काम, यह सुनकर पहले तो लोग चौंक गए, लेकिन उनको पल भर में एहसास हो गया कि सुरक्षित जीवन के लिए बाइक चलाने के दौरान हेलमेट लगाना जरूरी है।

चित्रगुप्त की भूमिका में होमगार्ड जवान शैलेष शर्मा रामपुर बुजुर्ग गांव के रहने वाले हैं। इन्होंने भी अपने अंदाज में यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया।

# एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

**बृजमनगंज ।** बृजमनगंज पुलिस द्वारा बालिकाओं व छात्राओं से छेड़छाड़ की घटनाओं को रोकने के लिए गठित किया गया एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं से वार्ता कर उन्होंने जागरुक किया । पुलिस टीम गठित एंटी रोमियो टीम में एसआई अश्विनी मौर्या,आनन्द यादव, बलराम यादव, सीपी यादव, मनीष सिंह,अमरनाथ मौर्य व महिला पुलिस के सदस्यों ने कालेज से पढ़कर घर लौट रही तमाम छात्राओं को रोककर उनसे वार्ता किया। इस दौरान टीम ने छात्राओं से कहा कि आप सभी लोग सतर्क रहे और कही भी किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ व अन्य समस्याओं को लेकर पुलिस द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो का प्रयोग करें। उन्होंने छात्राओं से कहा कि आप लोग अन्य बालिकाओं को भी इस जानकारी से अवगत कराये और पुलिस कासहयोग करें।

# यातायात माह : पुलिस ने किया जागरूक

**बृजमनगंज** । यातायात माह को देखते हुए स्थानीय कस्बे के बैरियर तिराहे पर थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह के नेतृत्व में बृजमनगंज पुलिस ने आने जाने वाले दो पहिया वाहनों की संघन चेकिंग किया। इस दौरान बिना हेलमेट के वाहन चला रहे लोगों को पुलिस ने रोक कर उन्हें हेलमेट लगाने तथा यातायात के नियमों को पालन करने के प्रति जागरुक किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि यातायात माह को देखते हुए बृजमनगंज पुलिस द्वारा दो पहिया वाहनों के चालको को हेलमेट लगाने व यातायात नियमों के पालन करने के प्रति जागरुक किया गया है और यदि भविष्य में हेलमेट का प्रयोग नहीं किया गया गया तो ऐसे वाहनों का पुलिस चालान करेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

# छीटाकसी को लेकर पिटाई, केस दर्ज

**कोल्हुई बाजार (एसएनबी)।** थाना कोल्हुई क्षेत्र के हल्का नम्बर दो के मुख्य मार्ग पर आज सुबह एक नाबालिग छात्रा के साथ कथित छीटाकसी  किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस दौरान परिजन मौके पर पहुंच गये और युवक की जमकर पिटाई कर दिया है।

एक छात्रा स्थानीय उपनगर की तरफ आ रही थी। घटना स्थल से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्य मार्ग पर एक युवक द्वारा कथित रुप से छीटाकसी किया गया है। बालिका ने इसकी सूचना परिजनों को सूचना पाते ही परिजन आक्रोश में आ गये और युवक की जमकर पिटाई कर दिये। घटना स्थल पर भारी संख्या में भीड़ जुट गयी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर किसी तरह मामला शान्त कराया है और युवक को हिरासत में ले लिया है। इस सम्बन्ध में एसओ कोल्हुई ने बताया कि छीटाकसी को लेकर बालिका की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध धारा 354क व 7/8 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और आरोपी को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि नाबालिग बालिका को बयान के लिए भेजा गया है।

# 11 दो पहिया वाहनों का चालान

**जमुई पंडित।** पुलिस चौकी प्रभारी मिठौरा ब्रह्म कुमार उपाध्याय ने आज दोपहर वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाये जाने के मामले में 11 दो पहिया वाहनों का ई-चालान एमवी एक्ट में किया। उन्होंने बताया कि बिना हेलमेट या बिना पेपर चलने वाले वाहनों के पकड़े जाने पर वाहनों का चालान किया जाएगा।

# दो वांछित वारण्टी गिरफ्तार

**महराजगंज ।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली की अगुवाई में उप निरीक्षक कमलेश कुमार यादव की टीम ने आज दो वारण्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। गिरफ्तार अभियुक्तों में जवाहिर पुत्र रामरक्षा (35) व जैनेन्द्र कुमार पटेल पुत्र मुन्नीदास (53)निवासी पनेवा पनेई थाना कोतवाली महराजगंज रहे।

# शांतिभंग की आशंका में नौ गिरफ्तार

**पनियरा ।** पनियरा पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से कुल 9 लोगों को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष पनियरा स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ के दिशा निर्देशन में उप निरीक्षक मनोज कुमार गुप्ता मय हमराह द्वारा शान्ति व्यवस्था में अलग-अलग मामलों में कुल नौ लोगों को धारा 151,107,116 सीआरपीसी में चालान कर न्यायालय भेजा गया है। थानाध्यक्ष श्री सिंह के मुताबिक गिरफ्तार लोगों में क्रमश: धर्मेन्द्र पुत्र शिवमूरत उम्र 32 वर्ष ,पतिलाल पुत्र राजमंगल उम्र 59 वर्ष निवासीगण रामपुर रानी टोला,सर्वेश मौर्या पुत्र रामप्रित मौर्या उम्र 35 वर्ष , संदीप मौर्या पुत्र रामकिशुन मौर्या उम्र 23 वर्ष निवासीगण रतनपुरवा, रामसुभाष साहनी पुत्र दुलारे साहनी उम्र 60 वर्ष ,रिंका पुत्री घनश्याम उम्र 22 वर्ष , सुनीता पत्नी घनश्याम उम्र 42 वर्ष ,रम्भा पत्नी विजय कुमार उम्र 40 वर्ष निवासीगण रामपुर रानी टोला व गुन्जा पत्नी रामप्रवेश उम्र 32 वर्ष निवासी देवीपुर थाना पनियरा, जनपद महराजगंज के नाम शामिल हैं। उपनिरीक्षक श्री गुप्ता के साथ आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में क्रमशःहे. का.रामदास व वीर बहादुर यादव,का.अमित खरवार,म.का.सोनाली मौर्या व मुनीता यादव के नाम शामिल हैं।

# डीएम-एसपी ने किया इंडो नेपाल सीमा का निरीक्षण

**निचलौल/ठूठीबारी/कोल्हुई बाजार (एसएनबी)।** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने आज ठूठीबारी में इंडो-नेपाल सीमा का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मध्यरात्रि से अंतरराष्ट्रीय सीमा सील होने के संदर्भ में आवश्यक निर्देश देते हुए एसएसबी, कस्टम व पुलिस विभाग के अधिकारियों को सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने को कहा।

**सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क दृष्टि रखने का दिया निर्देश**

**निर्माणाधीन विकास कार्यों में तेजी लाने पर दिया जोर**

उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग सुनिश्चित करें कि बार्डर बंद रहने के दौरान किसी प्रकार का अवैध आवागमन न होने पाए। जिलाधिकारी ने ठूठीबारी में इंडो-नेपाल बार्डर रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने ठूठीबारी-झुलनीपुर मार्ग को एक माह में पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने चकिया-लक्ष्मीपुर मार्ग को भी देखा और सड़क का चौड़ीकरण कर निर्माण कार्य को तेज करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर जहां जलजमाव की समस्या है। उसके निस्तारण के उपाय करें। जिलाधिकारी ने धरमौली में खेल मैदान के निर्माण कार्य के साथ बस स्टैंड व कूड़ा अपशिष्ट प्रबंधन हेतु चिन्हित भूमि को भी देखा। उन्होंने खेल मैदान में जरूरी सुविधाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही खेल मैदान के सामने स्थित पोखरे को अमृत सरोवर के रूप में विकसित कराने हेतु निर्देशित किया। ठूठीबारी में गंदगी पर रोष प्रकट करते हुए डीएम ने साफ सफाई व्यवस्था की बावत एडीओ पंचायत को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी निचलौल सूर्यबली मौर्य व तहसीलदार वाचस्पति सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

**कोल्हुई बाजार** प्रतिनिधि के अनुसार नेपाल में प्रस्तावित चुनाव को लेकर भारत-नेपाल सीमा को सील कर दिया गया है। एक तरफ जहां 20 नम्बर के मध्य रात्रि तक नेपाल बार्डर सील रहेगा वही दो जगहों पर बैरियर लगाया गया है। भारत -नेपाल सीमा के जोगियाबारी व खैराघाट पर बैरियर लगाया गया है जबकि सोनपिपरी,बुढ़वा, राजमन्दिर समेत कई घाटों पर पुलिस की पिकेट ड्यूटी लगायी गयी है। एक तरफ जहां एसएसबी बार्डर पर निगरानी में लगी है। वही कोल्हुई थाने से 14 सिपाही व दो उपनिरीक्षक की ड्यूटी लगा दी गयी है। भारत-नेपाल सीमा सील होने के कारण बार्डर पर सन्नाटा पसरा है। एसओ कोल्हुई ने बताया कि बार्डर के कई घाटों पर एसएसएबी के साथ 14 सिपाही,दो नायब दरोगा की ड्यूटी लगायी गयी है। साथ ही उन्होंने बताया कि 20 नवम्बर को 12 बजे तक बार्डर पुरी तरह से सील रहेंगे।



**ठूठीबारी में बार्डर का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।**

# मिलावट का आरोपी 23 साल बाद दबोचा गया

महराजगंज, निज संवाददाता। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने 23 साल पुराने मामले में वांटेड दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोर्ट से दोनों के खिलाफ वारंट जारी हुआ था। इसके बाद पुलिस दोनों का पता लगाने में जुट गई। दोनों आरोपितों को घर से ही गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दी।

कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार रॉय ने बताया कि ग्राम सभा पनेवा-पनेई निवासी जवाहिर पुत्र रामरक्षा (35) व जैनेन्द्र कुमार पटेल पुत्र मुन्नी दास(53) के खिलाफ वर्ष 1999 में खाद्य पदार्थ में मिलावट के आरोप में फूड विभाग ने केस दर्ज कराया था। इस मामले में कोर्ट ने दोनों को गिरफ्तार करने के लिए वारंट जारी किया। जब आरोपितों पर केस दर्ज हुआ था उस समय एक की उम्र करीब 12 साल रही होगी। लेकिन गिरफ्तारी के समय वह बालिग हो गया था।

## चौकी प्रभारी ने चलाया जागरूकता अभियान

भगवानपुर। सोनौली कोतवाली के भगवानपुर चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर ट्रैफिक के नियमों का पालन करने केक लिए जागरूक किया गया। पुलिस कर्मियों ने लोगों से हेलमेट व सीटबेल्ट लगाने की अपील की। इस दौरान एसआई महेन्द्र सिंह, अशोक कुमार तिवारी, प्रधान गणेश मद्धेशिया, समाजसेवी गिरजाशंकर आदि उपस्थित रहे।

# यमराज व चित्रगुप्त के भेष में निकले ट्रैफिक कर्मी

**यातायात माह**

महराजगंज, निज संवाददाता। सड़क सुरक्षा माह में जागरूकता अभियान के साथ कार्रवाई का दौर जारी है। वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए गुरूवार को शहर की प्रमुख सड़कों पर यातायात निरीक्षक हरी सिंह यादव व हेड कांस्टेबल अखिलेश यादव की देखरेख में ट्रैफिक कर्मियों ने अनूठे अंदाज में जागरूकता चलाया।

हाथ में गदा लिए यमराज व जिन्दगी का बहीखाता लिए चित्रगुप्त की भेष में कर्मियों ने लाउडस्पीकर से चालकों को यातायात नियम का पालन करने की सीख दिया। कहा कि जिंदगी आपकी है। तनिक सी लापरवाही मौत का सबब बनने में देर नहीं लगती है। इसलिए सड़क पर गाड़ी चलाते समय संयम व स्पीड पर नियंत्रण रखें। शहर में वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए दोनों ने मेकअप से अपना रूप बदला। यमराज व चित्रगुप्त बन यातायात नियम का पालन नहीं करने वाले चालकों को रोक उनको कायदे से नियम बताया। नगर के मुख्य चौराहा पर एक युवक बाइक पर तीन सवारी बैठा कर जा रहा था। हेल्मेट भी नहीं लगाया था। उसे रोक यमराज ने कहा कि आप क्यों मौत को दावत दे रहे हैं?



शहर के कॉलेज रोड पर गुरुवार को यातायात पुलिस कर्मियों ने अनूठे अंदाज में जागरूकता अभियान चलाया। • हिन्दुस्तान

## घर से निकलते बाइक चालक को दें हेलमेट

बृजमनगंज। रमानाथ उमाशंकर इंटर कालेज फुलमनहा में गुरुवार को मिशन शक्ति के तहत जागरूकता अभियान और निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। उपनिरीक्षक अश्वनी मौर्य ने कहा छात्राएं अपने अधिकारों को जाने।

किसी भी समस्या के बारे में निर्भीक होकर टोल फ्री नंबर पर सूचना दें। यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि परिवार का कोई सदस्य बाइक से घर के बाहर निकले तो उन्हें हेलमेट अवश्य दें। कार्यक्रम में शिक्षक विवेक सिंह, विनीत, मंतोष सत्यप्रकाश माधव, सुधीर मणि त्रिपाठी, राजेश कुमार, राकेश यादव, किशन, महिला पुलिस रीमा आदि रहे।

# निचलौल पुलिस को गायब बालक मिला

निचलौल। निचलौल नगर पंचायत के महाशय वार्ड निवासी सत्यप्रकाश मद्धेशिया का 11 वर्षीय पुत्र सूरज मंगलवार की शाम को घर से अचानक गायब हो गया था।

परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की और बुधवार को इसको लेकर निचलौल थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इस बीच पुलिस ने बुधवार की देर शाम को गायब बालक को निचलौल थानाक्षेत्र के झरवलिया गांव से बरामद कर उसे उसके परिजनों को सौंप दिया।

# छेड़खानी के आरोपी की जमकर धुनाई की

कोल्हुई। कोल्हुई क्षेत्र के एक गांव में स्कूल जा रही छात्रा के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। लड़की की शिकायत पर परिजनों ने उसकी धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले में छेड़खानी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

स्कूल आते-जाते समय कई दिनों से युवक इस लड़की के साथ छींटाकशी कर रहा था। लड़की द्वारा बार-बार मना करने के बाद भी युवक बाज नहीं आ रहा था। इसके बाद लड़की ने सारी घटना अपने परिजनों से बता दी।

# नेपाल में चुनाव को लेकर सीमा पर अलर्ट

**ठूठीबारी हिन्दुस्तान संवाद।** आगामी 20 नवंबर को नेपाल में होने वाले चुनाव को लेकर सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

पगडंडियों पर भी गश्त-चौकसी बढ़ा दी गई है। हर आने-जाने वाले की सघन तलाशी ली जा रही है। गुरुवार को डीएम-एसपी ने नो मेंस लैंड पहुंचकर सुरक्षा का जायजा लिया।

नेपाल के आम चुनाव को लेकर 17 नवंबर की आधी रात से 20 नवंबर की आधीरात तक 72 घंटे तक सीमा सील रहेगी। साथ ही सीमा पर निगरानी सख्त कर दी गई है। गुरुवार को डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ ने ठूठीबारी कोतवाली पहुंचकर पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें बार्डर क्षेत्र के पुलिस, एसएसबी और कस्टम अधिकारी शामिल हुए। बैठक के बाद डीएम व एसपी ने नो मेंस लैंड तक पहुंचकर मौके पर तैनात एसएसबी के जवानों व कस्टम अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अपडेट लिया। सीमा के अलावा पगडंडी, चोर नाके सहित अन्य मुख्य रास्तों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। इमरजेंसी सेवाओं के लिए एसडीएम से अनुमति के बाद आवागमन पर निर्णय लिए जाने की जानकारी दी।



ठूठीबारी के पास भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस व एसएसबी की गश्त बढ़ गई है।

# बॉर्डर के बंद होने से पहले नेपाल में एंट्री को लगी लाइन

सोनौली, हिन्दुस्तान संवाद। नेपाल में 20 नवंबर को चुनाव है। इसको लेकर 72 घंटे पहले गुरुवार की आधी रात से सीमा सील कर दी गई।

20 नवंबर की आधी रात तक सीमा सील रहने को लेकर गुरुवार की सुबह से ही नेपाल आने-जाने वालों का तांता लगा रहा। वाहनों की लंबी लाइन रही। इसको लेकर भारत व नेपाल दोनों ओर से जांच तेज कर दी गई है।

गुरुवार की सुबह से ही एसएसबी, पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों के जवान सीमा पर चौकन्ने रहे। सोनौली कोतवाल महेन्द्र यादव ने बताया कि नेपाल चुनाव को लेकर सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। हर आने-जाने वाले की सघन जांच कर ही एंट्री दी जा रही है। इस संबंध में नेपाल बेलहिया के इंस्पेक्टर जितेन्द्र श्रेष्ठ ने बतया कि 72 घंटे सीमा पूरी तरह सील रहेगी। सिर्फ इमरजेंसी सेवा के तहत ही आने-जाने दिया जाएगा।

मालवाहक ट्रकों को भी घंटों-घंटों बाद आवाजाही की छूट 19 नवंबर तक होगी। 20 को सीमा पूरी तरह से सील रहेगी। महराजगंज के एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि नेपाल में चुनाव को लेकर नेपाली प्रशासन के अनुरोध पर गुरुवार की आधी रात से 20 नवंबर की आधी रात तक भारत-नेपाल सीमा को सीज किया जा रहा है।

इस दौरान यात्री परिवहन प्रतिबंधित रहेगा। विशेष परिस्थितियों में स्थानीय प्रशासन की अनुशंसा के बाद ही आवागमन की अनुमति दी जाएगी।

# यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

बृजमनगंज। बृजमनगंज पुलिस ने गुरुवार को नगर के कोल्हुई तिराहे पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर एसओ अजीत प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार मौर्य, कांस्टेबल आनंद यादव, सीपी यादव, मनीष सिंह, अमरनाथ यादव, महिला कांस्टेबल रीमा मौजूद रहीं।

# रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट का केस

भगवानपुर। परसामलिक क्षेत्र के रेहरा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। मारपीट के मामले में बेलभार निवासी लाल सिंह की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। एसओ अमरेन्द्र कुमार कन्नौजिया ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। इसमें एक पक्ष की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

## मारपीट के मामले में चार के विरुद्ध मुकदमा

परसामलिक : रेहरा गांव में चार दिन पूर्व पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने एक पक्ष के चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दिए तहरीर में बेलभार निवासी लालसिंह ने बताया है कि पुरानी रंजिश को लेकर अहिरौली गांव निवासी नागा ऊर्फ विजय प्रकाश, जय सिंह, अवधेश, विजय ने धमकी देकर मारा-पीटा। थानाध्यक्ष अमरेंद्र कन्नौजिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। (जासं)

## दो के विरुद्ध एससी-एसटी का मुकदमा

परसामलिक : विशुनपुरा गांव निवासी रीता देवी की तहरीर पर पुलिस ने उसी गांव के दो लोगों के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस को दिए तहरीर में पीड़िता रीता देवी ने बताया है कि छह दिन पूर्व बरसीम के खेत में मुर्गी चले जाने की बात को लेकर गांव के ही राजमणि यादव व उनकी मां ने गाली-गलौज व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारापीटा था। परसामलिक थानाध्यक्ष अमरेंद्र कन्नौजिया ने बताया कि पीड़िता रीता देवी की तहरीर पर राजमणि यादव व उनकी मां के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। (जासं)

# मिलावट के मामले में दो वारंटी गिरफ्तार

**जासं, महराजगंज**: आपरेशन बज्र के तहत सदर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को मिलावट के मामले में न्यायालय से वांछित चल रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दिया है।

सदर कोतवाल रवि कुमार राय ने बताया कि सदर कोतवाली के पनेवा-पनेई निवासी जवाहिर और जैनेंद्र कुमार के विरुद्ध वर्ष 1999 में मिलावट के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद साक्ष्यों के आधार पर मामले में न्यायालय में चार्जशीट फाइल की थी।

मुकदमे में न्यायालय द्वारा जारी नोटिस का आरोपितों द्वारा ध्यान नहीं देने की वजह से उनके विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी हुआ था, जिसके क्रम में दोनों को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

**छेड़खानी के आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा** : कोल्हुई, छात्रा से छेड़खानी के मामले में कोल्हुई पुलिस ने आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। एक गांव में स्कूल जा रही छात्रा के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। छात्रा के द्वारा मना करने के बाद भी युवक अपनी आदत से बाज नहीं आ रहा था। छात्रा ने सारी घटना स्वजन को बताई, जिस पर स्वजन गुरुवार की सुबह युवक के घर पहुंच गए और युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि छेड़खानी के आरोपित युवक अखिलेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम, एसपी ने इंडो–नेपाल सीमा का निरीक्षण कर दिए निर्देश

## बार्डर बंद रहने के दौरान किसी प्रकार का अवैध आवागमन न होने पाए: डीएम, चकिया–लक्ष्मीपुर मार्ग के निर्माण कार्यों में लाएं तेजी

**जासं, महराजगंज** : जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने ठूठीबारी में इंडो-नेपाल सीमा का निरीक्षण किया। एसएसबी, कस्टम व पुलिस विभाग के अधिकारियों को सीमा पर सतर्क रहने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग सुनिश्चित करें कि बार्डर बंद रहने के दौरान किसी प्रकार का अवैध आवागमन न होने पाए।

इसके बाद जिलाधिकारी ने ठूठीबारी में इंडो-नेपाल बॉर्डर रोड के निर्माणकार्य का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ठूठीबारी-झुलनीपुर मार्ग को एक माह में पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि स्थानीय लोगों को आवागमन में हो रही समस्याओं का निस्तारण किया जा सके। इसके बाद उन्होंने चकिया-लक्ष्मीपुर मार्ग को भी देखा और चकिया व लक्ष्मीपुर में सड़क का चौड़ीकरण करते हुए निर्माणकार्य को तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कहा कि इस मार्ग पर जिन स्थानों पर जलजमाव की समस्या है, उसका निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी ने धरमौली (ठूठीबारी) में खेल मैदान के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और बस स्टैंड व कूड़ा अपशिष्ट प्रबंधन के लिए चिह्नित भूमि को भी देखा। खेल मैदान के सामने स्थित पोखरे को अमृत सरोवर के रूप में विकसित करने के लिए निर्देशित किया।



ठूठीबारी सीमा का निरीक्षण करते डीएम सत्येन्द्र कुमार (बाएं से प्रथम) ● जागरण

जिलाधिकारी ने ठूठीबारी में गंदगी पर रोष व्यक्त करते हुए, सफाई व्यवस्था के संदर्भ में संबंधित एडीओ को कड़ा निर्देश दिया। एसएसबी बीओपी इंचार्ज जयंत घोष व कस्टम अधीक्षक संजीव चौधरी, क्षेत्राधिकारी निचलौल सूर्यबली मौर्य, तहसीलदार निचलौल वाचस्पति मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**नेपाल में चुनाव को लेकर एसएसबी.**

# भारत–नेपाल सीमा सील, सतर्कता बढ़ी

- **नेपाल में विधायक व सांसद के चुनाव के मद्देनजर सरहद पर लगा पहरा**
- **देर शाम तक सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों ने की सघन जांच**

**जासं, सोनौली** : नेपाल में प्रदेश सभा के प्रतिनिधि (विधायक) व केंद्रीय सभा के प्रतिनिधि (सांसद) चुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होने हैं, जिसके मद्देनजर भारत-नेपाल की सीमा गुरुवार 17 नवंबर की आधी रात से 20 नवंबर रविवार की आधी रात तक सील कर दी गई है। इसके अलावा पगडंडी रास्तों को रात आठ बजे से ही सील कर दी गई है। इस दौरान किसी भी आम नागरिक को सरहद आर-पार नहीं करने दिया जाएगा। मुख्य सीमा से सिर्फ पेट्रोलियम पदार्थ, आयात-निर्यात के खाद्यान, औषधीय सामग्री ही सरहद पार करने की अनुमति होगी। इसके अलावा आकस्मिक अवस्था वाले रोगी व एंबुलेंस भी सरहद आर-पार जा सकेगी।

दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियां सीमा सील के क्रियान्वयन में जुट गई हैं। सोनौली सीमा पर तैनात एसएसबी के 22वीं वाहिनी के जवानों ने गुरुवार की शाम वाहनों की सघन जांच की और नेपाल प्रवेश कर रहे लोगों को बताया गया कि सीमा रविवार तक सील रहेगी। भगवानपुर सीमा के आवागमन वाले रास्तों पर भी एसएसबी ने सघन जांच की। सोनौली सीमा से सिद्धार्थनगर जिले तक की सीमा पर तैनात एसएसबी 66वीं बटालियन के जवान भी चौकस रहे। पगडंडी रास्तों पर जाने वालों की जांच की। नेपाल के सशस्त्र प्रहरी व पुलिस के जवानों ने शेख फरेंदा, खनुआ, सुंडी, हरदी डाली, छपवा, मुडिला व चंडी थान तक के सीमाई गांव के पगडंडी रास्तों पर अपना पहरा बैठा दिया है, जिससे कि दोहरी नागरिकता वाले या कोई भी अराजक तत्व नेपाल के चुनाव में खलल न डाल सके। महराजगंज के जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि नेपाल में प्रदेश व केंद्र स्तरीय आम चुनाव के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा 20 नवंबर की आधी रात तक सील रहेगी।

**पुलिस की संयुक्त पेट्रोलिंग**: ठूठीबारी: नेपाल में चुनाव को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर तैनात 22वी वाहिनी एसएसबी व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने बार्डर के पिलर संख्या 506/11 व 507/12 समीप पेट्रोलिंग किया।

एसएसबी बीओपी इंचार्ज जयंता घोस ने बताया कि सीमा पर आने जाने वाले लोगों की गहनता से जांच की जा रही है। संदेह होने पर पहचान पत्र के साथ पूछताछ की जा रही है। इस दौरान कोतवाली के एसआई अजय कुमार, एसएसबी व पुलिस के महिला जवान मौजूद रहे।

# पुलिस के खिलाफ सीएम को भेजा पत्र

**संवाद न्यूज एजेंसी**

फरेंदा। कोल्हुई थाना क्षेत्र की मूकबधिर बालिका से गांव के कुछ लोगों ने मारपीट व जबरदस्ती की थी। मामले में स्थानीय पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की। बाद में बालिका ने दम तोड़ दिया।

पुलिस की कार्यप्रणाली के खिलाफ कांग्रेस कमेटी के महासचिव त्रिभुवन नरायन मिश्र ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव ने पत्र में कहा है कि मूकबधिर बालिका के घर में घुसकर गांव के कुछ लोगों ने जबरदस्ती की। विरोध करने पर बालिका को बेरहमी से मारापीटा। जिसमें उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस मामले में शिथिलता बरत रही है।

पुलिस अपराध को छिपाने का काम कर रही है। ऐसे में आरोपियों को बचाने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कारवाई की जाए।

# बंदी अवधि में सीमा पर न हो कोई आवागमन

## डीएम व एसपी ने ठूठीबारी में भारत-नेपाल सीमा का किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** नेपाल में 20 नवंबर को होने वाले चुनाव के दृष्टिगत सीमा को बृहस्पतिवार रात से रविवार तक सील किया गया है। ऐसे में एसएसबी, कस्टम व पुलिस विभाग के अधिकारी सीमा पर सतर्क दृष्टि रखें तथा यह सुनिश्चित करें कि बंदी अवधि में सीमा पर कोई अवैध आवागमन न हो।

ये निर्देश जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बृहस्पतिवार को ठूठीबारी स्थित भारत-नेपाल सीमा का निरीक्षण करते हुए कहीं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग इंडो-नेपाल की ओर से कराए जा रहे सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा ठूठीबारी से झुलनीपुर तक की सड़क को एक माह में पूरा करने का निर्देश दिया। ठूठीबारी में गंदगी पर एडीओ पंचायत को सुधार संबंधी निर्देश दिया। चकिया-लक्ष्मीपुर मार्ग का निरीक्षण करते हुए सड़क के चौड़ीकरण व निर्माण कार्य को तेज गति से करने का निर्देश दिया।

यह भी कहा कि इस मार्ग पर जिन स्थानों पर जलभराव की समस्या है, वहां निस्तारण की दिशा में जरूरी कदम उठाए जाएं। धरमौली में खेल मैदान के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा मैदान में जरूरी सुविधा को विकसित करने के निर्देश दिए। सामने स्थित पोखरे को अमृत सरोवर के रुप में विकसित करने का निर्देश दिया।

बस स्टैंड व कूड़ा अपशिष्ट प्रबंधन के लिए चिह्नित भूमि को भी देखा। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने भी सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश दिए।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-11-2022

# कवलसिया पूर्व प्रधान पर दर्ज होगा गमन का केस

**गौर (एसएनबी)।** स्थानीय विकास खंड के कवलसिया ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान अली अहमद पर बिना कार्य कराए भुगतान का मामला प्रकाश में आया है। पूर्व प्रधान कार्यकाल की 4 वर्षों में कराए गए कार्यों की जांच सीजेएम न्यायालय ने थानाध्यक्ष गौर को सौंपा गया है। वित्तीय अनियमितता की जांच आख्या रिपोर्ट मुकदमा दर्ज करने के लिए न्यायालय में तलब किया गया है।

**थानाध्यक्ष गौर को सीजीएम ने दिया जांच का आदेश**

जानकारी के अनुसार क्षेत्र पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कवलसिया गांव निवासी टिपई पुत्र उदय राज ने सीजेएम न्यायालय में वाद दाखिल कर ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान अली अहमद पुत्र वकील पर वर्ष 2016 से 2020 तक बिना काम कराए भुगतान (वित्तीय अनियमितता) का आरोप लगाते हुए शिकायत किया गया। न्यायालय के आदेश पर थानाध्यक्ष ने खंड विकास अधिकारी गौर से संबंधित ग्राम पंचायत के अभिलेख जांच हेतु मांगा है। इसको लेकर पूर्व प्रधान सहित ब्लाक कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ। खंड विकास अधिकारी केदारनाथ कुशवाहा ने बताया कि सीजेएम न्यायालय के आदेश पर कवलसिया ग्राम पंचायत से पूर्व प्रधान के कार्यकाल की 4 वर्षों की जांच हेतु अभिलेख थानाध्यक्ष को दिया गया है। फिर हाल विकास कार्यों की शिकायत में सिर्फ तीन कार्यों पर ही ग्राम पंचायत द्वारा भुगतान लिया गया है।

# रात्रि गश्त बढ़ाकर ढाबा की चेकिंग की जाय : डीआईजी

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती की अध्यक्षता में रेन्ज कार्यालय पर मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक आरके भारद्वाज नेसमस्त पुलिस अधीक्षकों को निम्न निर्देश दिए।

उन्होंने आगामी नगर निगम चुनाव एवं त्यौहार के दृष्टिगत शासन द्वारा जो निर्देश दिये गए हैं। उसके अनुरूप तैयारी कर लें। परिक्षेत्र में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत ढावा, होटल, बस स्टैन्ड आदि संवेदनशील स्थानों में रात्रि पैदल गश्त व चेकिंग करने के निर्देश दिये। हिस्ट्रीशीटरों एवं जेल से छूटे अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगाह रखी जाए। परिक्षेत्र के थाना क्षेत्रों में संदिग्ध स्थान चिन्हित कर वाहन चेकिंग की जाए। साथ ही बैंक/एटीएम आदि के आसपास चेकिंग की जाए। महिला संबंधित अपराधों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण करवाया जाए। पूर्व से लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्वक शीघ्र निस्तारण किया जाए। जनपदों में थाने स्तर पर सैनिक सम्मेलन आयोजित कर अपने अधीनस्थों की समस्याओं को सुना जाए व

**मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी**




बस्ती : बैठक करते डीआईजी आरके भारद्वाज। फोटो : एसएनबी

निस्तारण किया जाए। गुन्डा एक्ट , गैंगस्टर की कार्यवाही की जाए।

फरियादियों की समस्याओं को नम्रता पूर्वक सुनकर भरोसा दिलाकर उसकी समस्याओं का निस्तारण किया जाए। माल मुकदमाती का निस्तारण किया जाय। निस्तारण में जिस थाने का कार्य सराहनीय रहे उसे जनपद स्तर पर सम्मानित किया जाय। वांछित एवं वारन्टी अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। वाहन चेकिंग के दौरान महिलाओं के प्रति नरमी बरती जाए। सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाय। सर्राफा बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए। ठंड आने वाली है। इसे लेकर अभी से ठोस कार्ययोजना बना ली जाए और चिन्हित गिरोहों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हो। बैठक में एसपी बस्ती आशीष श्रीवास्तव, एसपी संतकबीरनगर सोनम कुमार, एसपी सिद्धार्थनगर अमित कुमार आनन्द व परिक्षेत्रीय कार्यालय के समस्त शाखाओं के शाखा प्रभारी भी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के मामले में युवक को आजीवन कारावास

**बस्ती (एसएनबी)।** आपरेशन शिकंजा के तहत पैरवी सेल द्वारा की गयी सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को हुई 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 45,000 रुपयेके अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

थाना कलवारी जनपद बस्ती पर नौ मई 2022 को वादी की नाबालिग पुत्री को घर में अकेला पाकर अभियुक्त द्वारा दुष्कर्म किया गया की तहरीर पर थाना कलवारी जनपद बस्ती परमुकदमा भी दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक बस्ती के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना कलवारी पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी से माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश अनन्य न्यायालय पास्को एक्ट बस्ती द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व रुपया 45,000ध्- (दस हजार) के अर्थदण्ड की सजा मोनू उर्फ लक्ष्मीकांत पुत्र ओम प्रकाश गौड़ निवासी थन्हवा मुड़ियारी थाना कलवारी जनपद बस्ती को सजा सुनायी गयी।

# कोर्ट के आदेश पर गैंगरेप का केस

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर गैंगरेप के आरोप में मुकदमा कायम किया है। इसी थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि 24 अक्टूबर दीपावली की रात उनकी बेटी गांव में गई थी। करीब आठ बजे घर लौटते वक्त रास्ते में गांव के ही रहने वाले संजय और शंकर ने उसे रोक लिया। उसके साथ दोनों ने बलात्कार किया। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर तहरीर के आधार पर आईपीसी 376डी, 308 व 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

# शादी समारोह में हर्ष फायरिंग, अज्ञात पर एफआईआर

**बस्ती।** कलवारी थानाक्षेत्र के कुसौरा बाजार में शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान लिया। एसओ आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि एक अज्ञात व अन्य अज्ञात के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एक लाइसेंसी की पहचान की जा चुकी है। चार अन्य की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार इसी थानाक्षेत्र के मकदूमपुर निवासी अरशद खान की बुधवार को शादी थी। जिसकी कुसौरा बाजार में बारात गई थी। आरोप है कि बारात में कासिम खां के लाइसेंसी रिवाल्वर से उनके नाती (बेटी के बेटे) इब्राहिम ने फायरिंग की। उसे देखकर चार अन्य बंदूकधारियों ने भी फायरिंग शुरू कर दी।

इसी बीच किसी ने फायरिंग का वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# पैमाइश को लेकर घमासान, केस

बस्ती। वाल्टरगंज थाने में तहरीर देकर पचदेवरी निवासी शशिकला गिरी पत्नी राजेश गिरी ने आरोप लगाया है कि गलत पैमाइश कराने का विरोध करने पर विपक्षियों ने घर में घुसकर मारपीट कर तोड़फोड़ की। जानमाल की धमकी देते हुए पांच हजार रुपये और मंगलसूत्र छीन लिया। पुलिस ने गांव के वशिष्ठ गिरी, राजेन्द्र गिरी समेत दस नामजद और 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ आईपीसी 147, 323, 452, 427, 392, 504 व 506 के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

हर्रैया। हर्रैया कस्बा के कैलवरी आइडियल स्कूल महूघाट में गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत स्कूल में नारी सुरक्षा, सम्मान व नारी स्वावलंबन के प्रति बालिकाओं व शिक्षिकाओं को जागरुक किया गया।

उन्हें सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए नियम-कानून के प्रति जागरूक किया गया। हर्रैया थाने की महिला आरक्षी अंशु वर्मा ने कहा कि रास्ते में आते-जाते वक्त कोई मनचला परेशान करे या कोई दिक्कत हो तो बेहिचक तत्कल यूपी 112, वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 1076, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1098 पर कॉल करें। चाइल्ड हेल्पलाइन 102, 108 के बारे में जानकारी दी।

# मुंडेरवा ट्रांसफर हुआ हत्या का केस

बस्ती। गोरखपुर के पीपीगंज थाने में दर्ज हत्या का मुकदमे की जांच मुंडेरवा पुलिस ने शुरू कर दी है। पीपीगंज थाने के जंगल बुछुली टोला छोटा डिहुलिया निवासी रामचरन ने वहां तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मुंडेरवा थाने के बोदवल में उनकी बेटी को प्रताड़ित कर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने बोदवल निवासी दयाशंकर, मीना, रमाशंकर, भागीरथी, गायत्री और छत्रधारी के खिलाफ आईपीसी 147, 323, 498ए, 504 व 302 के तहत केस दर्ज किया गया था। इस मुकदमे को मुंडेरवा थाने में तरमीम कर प्रभारी निरीक्षक परमाशंकर यादव ने जांच शुरू कर दी है।

# गांजा रखने के जुर्म में 14 माह की जेल

बस्ती। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अविनाश चन्द्र मिश्र की अदालत ने गांजा रखने मामले में एक व्यक्ति को एक वर्ष दो माह का सश्रम कारावास व दस हजार रूपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अर्थदण्ड न देने पर दो माह अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। विशेष शासकीय कुमार उत्कर्ष व मृत्युंजय उपाध्याय ने अदालत को बताया कि 29 सितम्बर 2021 को तत्कालिन चौकी प्रभारी सिविल लाइन गौरव सिंह मय हमराह के साथ संदिग्ध वाहन/ व्यक्तियों की चेकिंग करते हुए अमहट पुल से सर्किट हाउस आ रहे थे की सर्किट हाउस के पास से चन्द्रशेखर निवासी कुसम्हा थाना वाल्टरगंज को एक किलो 200 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। न्यायाधीश ने साक्ष्य के आधार पर आरोपी को सजा सुनाई।



मूड़घाट स्थित फायरिंग बट के निर्माण कार्य का जायजा लेने पहुंचे एसपी आशीष श्रीवास्तव।

# चांदमारी फायरिंग बट का किया निरीक्षण

**बस्ती।** मूड़घाट के पास निर्मित हो रहे चांदमारी फायरिंग बट का गुरुवार को एसपी आशीष श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने निर्माण कार्य के गुणवत्ता का जायजा लिया गया। बट के आस-पास की स्थिति भी देखी, जिससे कोई घटना होने की आशंका न रहे। यह बट काफी पुराना है, जिसका पुन: निर्माण किया जा रहा है।

# मंदबुद्धि के साथ दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की जेल

बस्ती, निज संवाददाता। विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट डॉ. अमित वर्मा की अदालत ने नाबालिग मंदबुद्धि बालिका के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त मोनू ऊर्फ लक्ष्मीकांत को बीस वर्ष का सश्रम करावास व 45 हजार रूपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अर्थदण्ड न जमा करने पर एक वर्ष तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

विशेष शासकीय अधिवक्ता वंदना चौधरी, अरूण श्रीवास्तव, अरविंद पाण्डेय व अखिलेश दुबे ने अदालत को बताया कि कलवारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देकर कहा कि उनकी 14 वर्षीय नाबालिग मंदबुद्धि बेटी के साथ 9 मई 2020 को दिन में साढ़े 11 बजे घर में अकेला पाकर गांव का मोनू ऊर्फ लक्ष्मीकांत घर में घुसकर दुष्कर्म कर रहा था। तभी पीड़िता का भाई आ गया। दरवाजा अंदर से बन्द देख उसने धक्का देकर दरवाजा खोला तो आरोपी उसे देखते ही धकेल कर भाग गया। पीड़िता ने अपने भाई से बताया कि वह उसके साथ जबरदस्ती गलत काम कर रहा था। अभियोजन पक्ष ने रिसोर्स टीचर समेत आठ गवाहों को परिक्षित कराया।



सपा प्रवक्ता की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन देते विहिम पदाधिकारी। • हिन्दुस्तान

# सपा प्रवक्ता की गिरफ्तारी की मांग

बस्ती। विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह और धर्माचार्य प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री गिरजेश दास के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन डीएम के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि सपा प्रवक्ता ने शब्दों की मर्यादा का ध्यान नहीं रखा है। राष्ट्र संत रहे स्व. महंथ अवेद्यनाथ, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के विरूद्ध अमर्यादित टिप्पणी के मामले में नामजद सपा प्रवक्ता अनुराग भदौरिया को गिरफ्तार किया जाए। ज्ञापन देने वालों में विजय शंकर शुक्ल, अमरजीत सिंह, सन्तोष सिंह,लालचंद आदि रहे।

# निकाय चुनाव को लेकर अलर्ट मोड में रहे पुलिस : डीआईजी



रेंज कार्यालय पर गुरुवार को बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के एसपी संग अपराध समीक्षा बैठक करते डीआईजी आरके भारद्वाज।

## समीक्षा

**बस्ती, निज संवाददाता।** डीआईजी आरके भारद्वाज ने गुरुवार को रेंज के तीनों जनपदों के एसपी संग बैठक कर अपराध की समीक्षा की। इस दौरान नगर निकाय चुनाव की तैयारियों का मुद्दा ही छाया रहा। डीआईजी ने पुलिस को अलर्ट मोड पर रहने की नसीहत दी। साथ ही वाहन चेकिंग के दौरान महिलाओं के प्रति नरमी बरतने की सलाह भी दी।

डीआईजी ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव को देखते हुए दृष्टिगत शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयारी कर ली जाए। गुंडा, गैंगस्टर की कार्रवाई के अलावा सीआरपीसी की अन्य धाराओं के तहत पाबंद करने की कार्रवाई में तेजी लाने को कहा। परिक्षेत्र में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत ढाबा, होटल, बस स्टैंड आदि संवेदनशील स्थानों में रात्रि पैदल गस्त व चेकिंग की जाए। उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को नम्रता पूर्वक सुनकर भरोसा दिलाकर उसकी समस्याओं का निस्तारण करें। मुकदमों से संबंधित माल का निस्तारण करें। तीनों एसपी से कहा कि निस्तारण में जिस थाने का कार्य सराहनीय रहे, उसे जनपद स्तर पर सम्मानित किया जाए। वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए गए। सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए जाने की सलाह दी।

डीआईजी ने कहा कि सर्राफा बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए। ठंड आने वाली है, इसे लेकर अभी से ठोस कार्य योजना बना ली जाए और चिन्हित गिरोहों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हो।

बैठक में एसपी बस्ती आशीष श्रीवास्तव, एसपी संतकबीरनगर सोनम कुमार, एसपी सिद्धार्थनगर अमित कुमार आनन्द और परिक्षेत्रीय कार्यालय की सभी शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे।

# दहेज के लिए दो विवाहिताओं का उत्पीड़न, मुकदमा

बस्ती। दहेज के लिए दो महिलाओं को प्रताड़ित करने के आरोप में महिला थाना और पुरानी बस्ती पुलिस ने मुकदमा कायम किया है। महिला थाना में तहरीर देकर संतकबीरनगर बखिरा थानांतर्गत मेड़रापार निवासी सुमन कुमारी ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि ससुराल में दहेज की मांग को लेकर अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने पति अमरजीत, जेठ जयहिन्द, देवर अमित कुमार, शनि, ननद कुसुम, प्रियंका, सास प्रतिमा देवी, चंदा देवी, ससुर श्रीराम निवासी मेड़रापार थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। परसरामपुर थाने पर तहरीर देकर सुष्मिता गुप्ता ने आरोप लगाया है कि प्रयागराज स्थित उनकी ससुराल में पति व ससुरालवालों ने दान-दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया। पुलिस ने आदर्श नगर भावापुर प्रयागराज थाना करेली जनपद प्रयागराज निवासी सौरभ गुप्ता, ससुर संतोष गुप्ता, चाचा संजय गुप्ता और चाची अनीता समेत पांच के खिलाफ डीपी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

# ढाबे के सामने से ट्रक चोरी, अज्ञात पर केस

**जासं, हर्रैया, बस्ती:** बुधवार की देररात फोरलेन पर हर्रैया थाना क्षेत्र के आमा पांडेय गांव के सामने एक ढाबे पर खड़ी ट्रक को चोरों ने उड़ा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। ट्रक मालिक सूर्यमणि निवासी आमा पांडेय थाना हर्रैया ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके ट्रक के चालक इसी थाना क्षेत्र के मटेहनिया गांव निवासी इंदजीत पाठक हैं। वह बुधवार की रात 8.30 इटवा गांव में मोरंग गिराने के बाद ट्रक को उनके गांव आमा पांडेय के सामने एक ढाबे पर खड़ी कर गांव चले गए। बताया कि गुरुवार को सुबह ट्रक चालक ने ट्रक चोरी होने की सूचना दी। जब वह मौके पर पहुंचे तो ट्रक गायब मिला।

इसके बाद उन्होंने घटना की सूचना हर्रैया पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक शैलेष कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने ट्रक मालिक की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# गोरखपुर से स्थानांतरित हुआ हत्या का मुकदमा

**जासं,बस्ती:** गोरखपुर के पीपीगंज थाने में दर्ज हत्या के मुकदमे की जांच मुंडेरवा पुलिस को सौंपी गई है। पीपीगंज थाने के जंगल बुहुली टोला, छोटा डिहुलिया निवासी रामचरन ने वहां तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मुंडेरवा थाने के बोदवल में उनकी बेटी को प्रताड़ित कर हत्या कर दी गई। पीपीगंज पुलिस ने बोदवल के दयाशंकर, मीना, रमाशंकर, भागीरथी, गायत्री और छत्रधारी के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमे को मुंडेरवा थाने में स्थानांतरित कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक परमाशंकर ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गंदगी फैलाने से मना करने पर मारा पीटा, मुकदमा

**बस्ती :** रुधौली थाने के छतरिया गांव निवासी अमृता देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गंदगी फैलाने से मना करने की बात को लेकर विपक्षियों ने उन्हें घर में घुसकर मारापीटा। बीच-बचाव करने पर पति को भी मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने गांव के राम्मजीत, पंकज उर्फ कम्मलेश, सत्यप्रकाश व उर्मिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (जासं)

# कोर्ट के आदेश पर सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा

**बस्ती :** पुरानी बस्ती पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर साम्मूहिक दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। इसी थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला का आरोप है कि 24 अक्टूबर दीपावली की रात उनकी बेटी गांव में गई थी। वहां से लौटते समय रास्ते में गांव के ही रहने वाले संजय और शंकर ने उसे रोक लिया। दोनों ने दुष्कर्म किया। विरोध पर मारापीटा, जिससे उसके सिर में चोट आई। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि आरोपितों पर केस दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

# वन विभाग ने एक आरा मशीन को किया सील

**जासं, हर्रैया, बस्ती :** हर्रैया थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम को वन विभाग की टीम ने आरा मशीनों पर छापेमारी कर एक अवैध आरा मशीन पर कार्रवाई की है। हर्रैया के नवागत वन क्षेत्राधिकारी राजकुमार ने बताया कि हर्रैया थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव में रघुनाथ गुप्ता द्वारा बिना लाइसेंस के आरा मशीन संचालित की जा रही थी। अवैध रूप से संचालित आरा मशीन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सील कर दिया गया। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में आरा मशीनों पर छापेमारी की जाएगी। अवैध रूप से संचालित मशीनों को सील किया जाएगा।

# युवक की पिटाई, केस दर्ज

**छावनी, बस्ती :** छावनी पुलिस ने कलानी कला गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। बुधवार को गांव निवासी विवेक पुत्र राजेंद्र की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी थी। थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय ने बताया कि राजेंद्र की तहरीर पर गांव के ही खदेरू, उसके पुत्र दुर्गेश व पत्नी सिरमती के विरुद्ध मारपीट, अपशब्द व जानमाल की धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।(जासं)

# गांजा रखने के जुर्म में दोषी

**जासं, बस्ती :** विशेष सत्र न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अविनाश चंद्र मिश्र ने गांजा रखने के जुर्म में एक व्यक्ति को एक वर्ष दो माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। आरोपित को 10 हजार अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। विशेष लोक अभियोजक मृत्युंजय उपाध्याय व कुमार उत्कर्ष न्यायालय में तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि तत्कालीन चौकी इंचार्ज सिविल लाइन गौरव कुमार सिंह अपने पुलिसकर्मियों के साथ चेकिंग में 29 सितम्बर 2021 को निकले थे। एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर पकड़ लिया। पूछने पर आरोपित ने अपना नाम चन्द्रशेखर ग्राम कुसम्हा थाना वाल्टरगंज जिला बस्ती बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपित को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विवेचना के उपरांत न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल हुआ। गवाहों की बयान वह विवेचना में प्रस्तुत अन्य साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने आरोपित को गांजा रखने के जुर्म में दोषी पाया।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक

**जासं, हर्रैया, बस्ती :** हर्रैया कस्बे के कैलवरी आइडियल स्कूल महूघाट में गुरुवार को मिशन शक्ति के तहत स्कूल में नारी सुरक्षा, सम्मान व नारी स्वावलंबन के प्रति बालिकाओं व शिक्षकों को जागरूक किया गया।

हर्रैया थाने की महिला आरक्षी अंशुल वर्मा ने कहा कि छात्राओं सशक्त होने के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। कहीं आते-जाते यदि रास्ते में या फिर घर के आसपास कोई मनचला परेशान करे तो घबराएं नहीं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए टोल फ्री नंबर पर फोन करके पुलिस को सूचना दें। महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएं यूपी 112, वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन 1076 आदि के बारे में जागरूक किया। प्रधानाचार्य सुजाता मसीह ने कहा कि प्रदेश में जब से योगी सरकार बनी है तब से महिलाओं व बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने के साथ सम्मान बढ़ा है। कांस्टेबल अभिषेक, प्रियंका त्रिपाठी, राजाराम आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपित को 20 वर्ष की सजा व 45 हजार अर्थदंड

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट डा. अमित वर्मा ने किशोरी से दुष्कर्म करने के लिए दोषी पाए गए युवक को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने 45 हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है। जिसमें से आधी धनराशि पीड़िता को प्रदान कर दी जाएगी।

विशेष अधिवक्ता वंदना चौधरी, अरुण कुमार श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार दुबे, अरविंद कुमार को राज्य सरकार ने इस मामले में न्यायालय में पैरवी करने के लिए नियुक्त किया है। शासकीय अधिवक्ताओं की तरफ से न्यायालय में तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा गया कि घटना कलवारी थाना क्षेत्र के एक गांव की है। नौ मई 2020 को परिवार का मुखिया अपने पुत्र के साथ काम पर गया हुआ था। उसकी पत्नी सामान लेने दुकान पर गई थी। घर में 14 वर्षीय पुत्री अकेली थी। कलवारी थाना क्षेत्र के ही थन्हवा मुड़ियारी गांव का मोनू उर्फ लक्ष्मीकांत इस परिवार पर नजर बनाया हुआ था। दिन में 11.30 बजे वह किशोरी के घर में घुस गया। अंदर से कुंडी बंद कर दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी कार्य से पीड़िता का भाई घर वापस आया अंदर से दरवाजा बंद देख धक्का देकर दरवाजा खोला तो आरोपित मोनू भाग निकला। पिता की शिकायत पर कलवारी थाना में मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़िता के न्यायालय में दिए गए कलम बंद बयान, पुलिस को दिए गए बयान व गवाहों के बयान के आधार पर आरोप सही पाते हुए आरोपित के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। न्यायालय ने दोनों पक्षों को अपना साक्ष्य व दलीलें प्रस्तुत करने का अवसर दिया। सुनवाई के बाद न्यायाधीश डा. वर्मा ने माना कि आरोपित युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया है। उसे कारावास व अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया है। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# दहेज उत्पीड़न के दो मामलों में मुकदमा

**जासं, बस्ती :** दहेज के लिए दो महिलाओं को प्रताड़ित करने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। संतकबीरनगर के बखिरा थानांतर्गत मेड़रापार गांव निवासी सुमन कुमारी ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि ससुराल में दहेज की मांग को लेकर अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने पति अमरजीत, जेठ जयहिन्द, देवर अमित कुमार, शनि, ननद कुसुम, प्रियंका, सास प्रतिमा देवी, चंदा देवी, ससुर श्रीराम निवासी मेड़रापार थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं परशुरामपुर थाने पर तहरीर देकर सुष्मिता गुप्ता ने आरोप लगाया है



कि प्रयागराज स्थित उनकी ससुराल में पति व ससुरालवालों ने दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया। अपशब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने आदर्श नगर भावपुर थाना करेली जनपद प्रयागराज निवासी सौरभ गुप्ता, ससुर संतोष गुप्ता, चाचा संजय गुप्ता और चाची अनीता समेत पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# दहेज के लिए दो विवाहिताओं का उत्पीड़न, केस

**बस्ती।** दहेज के लिए दो महिलाओं को प्रताड़ित करने के आरोप में महिला थाना और परशुरामपुर थाने में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

महिला थाना में तहरीर देकर संतकबीरनगर के बखिरा थाना अंतर्गत मेड़रापार निवासी सुमन कुमारी ने बताया कि ससुराल में दहेज की मांग करते हुए अपशब्द कहकर पीटा गया और धमकी दी गई। पुलिस ने आरोपी पति अमरजीत, जेठ जयहिंद, देवर अमित कुमार, शनि, ननद कुसुम, प्रियंका, सास प्रतिमा देवी, चंदा देवी, ससुर श्रीराम, निवासी मेड़रापार, थाना बखिरा, जनपद संतकबीरनगर पर मुकदमा दर्ज किया है।

**महिला थाना और परशुरामपुर पुलिस ने की कार्रवाई**

दूसरी ओर, परशुरामपुर थाने में तहरीर देकर सुष्मिता गुप्ता ने आरोप लगाया है कि प्रयागराज स्थित उनकी ससुराल में पति व ससुराल के लोगों ने दान-दहेज की मांग के लिए प्रताड़ित किया। अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने आदर्श नगर, भावापुर, प्रयागराज निवासी सौरभ गुप्ता, संतोष गुप्ता, संजय गुप्ता और अनीता समेत पांच पर डीपी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। संवाद

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को बीस वर्ष की कैद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** न्यायालय स्पेशल जज पाक्सो एक्ट के न्यायाधीश डॉ. अमित वर्मा की अदालत ने किशोरी से दुष्कर्म के मामले में मोनू उर्फ लक्ष्मीकांत को 20 वर्ष की कैद की सजा सुनाई। साथ ही 45 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

जिला शासकीय फौजदारी सहायक अधिवक्ता अरविंद पांडेय ने अदालत को बताया कि मामला कलवारी थाना क्षेत्र के एक गांव का है। एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि घटना 20 मई 2020 की है। प्रार्थी अपने बेटे को लेकर खेत में काम करने गया था और पत्नी दुकान से सामान खरीदने गांव में चली गई। घर पर अकेली नाबालिग पुत्री थी।

घर खाली देखकर गांव के मोनू उर्फ लक्ष्मीकांत ने घर में घुसकर उसकी 14 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म किया। पीड़ित का बयान व जांच के बाद विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। गवाहों के बयान के आधार पर न्यायाधीश ने सजा सुनाई।

# जमीन के विवाद में मारपीट, चार नामजद

संवाद न्यूज एजेंसी

**नगर बाजार (बस्ती)।** कस्बे में स्थित दक्षिण टोला में बृहस्पतिवार को सुबह जमीन के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

नगर बाजार (दक्षिण टोला) निवासी गुंजा ने नगर पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि जमीन के विवाद में गांव के ही सितई व राजकुमार अपशब्द कह रहे थे। मना करने पर लाठी-डंडे से पीटने लगे। बीच-बचाव करने आए उनके पति संतराम को भी पीटने लगे और जान से मारने की धमकी दी। वहीं, दूसरे पक्ष के राजकुमार ने तहरीर में लिखा है कि जमीन के विवाद में संतराम व गुंजा अपशब्द कह रहे थे। इसका विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी-डंडे से पीटने लगे। शोर सुनकर बीच बचाव करने आई बूढ़ी मां पत्ती देवी को भी पीटकर घायल कर दिया। थाना प्रभारी नगर धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर चारों आरोपियों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# गाजा रखने के दोषी को सजा

**बस्ती।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अविनाश चंद्र मिश्रा की अदालत ने गाजा रखने के मामले में दोषी को एक वर्ष दो माह की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

कोतवाली थाने की पुलिस ने 20 जून 2021 को सर्किट हाउस रोड अमहट घाट की तरफ से आते युवक को पकड़ा था। उसने अपना नाम चंद्रशेखर, निवासी ग्राम कुसम्ही, थाना वाल्टररगंज बताया। तलाशी में उसके पास से गाजा बरामद हुआ।

विवेचक ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था। संवाद

# निकाय चुनाव के लिए कमर कसने के निर्देश

## पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में अपराध की मासिक समीक्षा के लिए हुई गोष्ठी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में बृहस्पतिवार को रेंज की अपराध समीक्षा के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया। डीआईजी आरके भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में आगामी नगर निकाय चुनाव की तैयारियों का मुद्दा छाया रहा। डीआईजी ने निकाय चुनाव के लिए कमर कस लेने के निर्देश दिए।

उन्होंने वाहन चेकिंग के दौरान महिलाओं के प्रति नरमी बरतने की सलाह नसीहत दी। एसपी आशीष श्रीवास्तव, एसपी संतकबीरनगर सोनम कुमार, एसपी सिद्धार्थनगर अमित कुमार आनंद ने अपने-अपने जनपद की सराहनीय उपलब्धि और अपराधों से संबंधित आंकड़ा प्रस्तुत किया।

डीआईजी ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव को देखते हुए शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयारी कर ली जाए। गुंडा एक्ट, गैंगस्टर की कार्रवाई के अलावा सीआरपीसी की अन्य धाराओं के तहत पाबंद करने की कार्रवाई में तेजी लाई जाए।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका और नगर पंचायतों में गतिविधियों पर नजर रखी जाए। पुलिसकर्मी लोगों से मिलें।



अपराध और कार्रवाई की समीक्षा के लिए रेंज के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते डीआईजी आरके भारद्वाज। संवाद

### वाहन चेकिंग के दौरान महिलाओं से नरमी बरतने की नसीहत

### हिस्ट्रीशीटरों व जेल से छूटे बदमाशों की गतिविधियों पर रखें नजर : डीआईजी

परिक्षेत्र में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत ढाबा, होटल, बस स्टैंड आदि संवेदनशील स्थानों में रात्रि गस्त व चेकिंग की जाए। इसके साथ ही हिस्ट्रीशीटरों एवं जेल से छूटे अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगाह रखने के लिए कहा गया।

डीआईजी ने कहा कि परिक्षेत्र के थाना क्षेत्रों में संदिग्ध स्थान चिह्नित कर वाहन चेकिंग की जाएं। साथ ही बैंक, एटीएम आदि के आसपास नियमित जांच करने के लिए कहा गया। डीआईजी ने महिला संबंधित अपराधों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण करवाने पर जोर दिया।

पूर्व से लंबित विवेचनाओं का गुणवत्ता पूर्वक शीघ्र निस्तारण करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि जनपदों में थाने स्तर पर सैनिक सम्मेलन आयोजित कर अपने अधीनस्थों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया जाएं। फरियादियों की समस्याओं को नम्रता पूर्वक सुनकर भरोसा दिलाकर उसकी समस्याओं का निस्तारण किया जाए। मुकदमों से संबंधित माल का निस्तारण करने के लिए भी डीआईजी ने कहा।

उन्होंने तीनों एसपी से कहा कि निस्तारण में जिस थाने का कार्य सराहनीय रहे, उसे जनपद स्तर पर सम्मानित किया जाए।

वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए गए। सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए जाने की सलाह दी।

कहा कि सर्राफा बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए। ठंड आने वाली है, उसके लिए अभी से ठोस कार्ययोजना बना ली जाए और चिह्नित गिरोहों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हो। इस दौरान परिक्षेत्रीय कार्यालय की सभी शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे।

# शादी में हुई फायरिंग, केस

कलवारी। थानाक्षेत्र के कुसौरा बाजार में शादी समारोह के दौरान फायरिंग का मामला सामने आया है। फायरिंग का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया। एसओ आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि एक नामजद व अन्य अज्ञात के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एक लाइसेंसी असलहाधारक की पहचान की जा चुकी है। चार अन्य की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक, इसी थानाक्षेत्र के मकदूमपुर निवासी अरशद खान का बुधवार को निकाह था। कुसौरा बाजार में बरात गई थी। आरोप है कि वहां पर कासिम खां के लाइसेंसी रिवाल्वर से उनके नाती (बेटी के बेटे) इब्राहिम ने फायरिंग की। उसे देखकर चार अन्य बंदूकधारियों ने भी फायरिंग शुरू कर दी। इसी बीच किसी ने फायरिंग का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जो वायरल हो गया। संवाद

# सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज

बस्ती। पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर यह कार्रवाई की है।

इसी थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि 24 अक्टूबर को दीपावली की रात उनकी बेटी गांव में गई थी। करीब आठ बजे घर लौटते वक्त रास्ते में संजय और शंकर ने उसे रोक लिया। दोनों ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर पीटा, जिससे उनकी बेटी के सिर में गंभीर चोट आई। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। संवाद

# लालगंज में पुलिसकर्मियों ने किया योगाभ्यास



**बनकटी।** लालगंज थाने में बृहस्पतिवार को योगाभ्यास कराया गया। थानाध्यक्ष महेश सिंह के नेतृत्व में सभी पुलिस कर्मियों ने खुद को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए योग व कसरत की। योग गुरु आदित्य नारायन ने योगाभ्यास कराया। बताया कि योग के माध्यम से मनुष्य अपनी जीवन शैली को सरल बना सकता है। योग से शरीर स्वस्थ रहता है। संवाद

# गंदगी फैलाने से मना करने पर विवाद

**बस्ती।** रुधौली थाने में तहरीर देकर छतरिया निवासी अमरिता देवी ने आरोप लगाया है कि गंदगी फैलाने से मना करने की बात पर विपक्षियों ने घर में घुसकर पीटा। बीच-बचाव करने पर पति को भी पीटकर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने गांव के रामजीत, पंकज उर्फ कमलेश, सत्यप्रकाश व उर्मिला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# टीनशेड रखने का विरोध करने पर पीटा, केस दर्ज

**पैकोलिया।** थाना क्षेत्र के कपूरपुर गांव में 12 दिन पहले एक महिला को पीटने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। पैकोलिया थानाक्षेत्र के कपूरपुर गांव निवासी बाबूलाल की पत्नी इंद्रपती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पांच नवंबर की सुबह लगभग सात बजे पट्टीदार राहुल ने उनके घर की दीवार से सटाकर टीनशेड रख रहे थे। उन्होंने गली छोड़कर रखने के लिए कहा और विरोध किया तो राहुल, उनकी माता निशा और बहन नंदी ने पीट दिया। इससे उन्हें काफी चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों पर बृहस्पतिवार को मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# मोबाइल टॉवर में हुई चोरी का नहीं लगा सुराग

**हर्रैया।** थानाक्षेत्र के हाईवे से सटे मोबाइल टॉवर में चार दिन पहले हुई चोरी की घटना में पुलिस अब तक कोई सुराग नहीं लगा पाई। छावनी थाना क्षेत्र के विक्रमजोत गांव के रहने वाले सुनील सिंह हर्रैया कस्बे के हाईवे पर निजी मोबाइल के टॉवर पर काम करते हैं। 13 नवंबर की रात कुछ चोर आए और टॉवर पर लगे बीटीएस और कीमती सामान उठा ले गए। जब नेटवर्क चला गया तो आसपास के लोगों ने सूचना दी। सुनील के अनुसार, वह टॉवर पर गए तो बीटीएस और अन्य कीमती सामान नहीं मिला। फिर थाने में सूचना दी। हर्रैया के प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह ने बताया की जल्द ही चोरों को पकड़ा जाएगा। संवाद

## खौलता तेल डाला, एफआईआर दर्ज

**बस्ती।** कोतवाली में तहरीर देकर डारीडीहा निवासी पंचराम प्रजापति ने आरोप लगाया है कि नशे में गांव निवासी संजय उर्फ नंगू ने उनके ऊपर 15 नवंबर को खौलता हुआ तेल डाल दिया। विरोध करने पर मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज किया है। संवाद

## पैमाइश के बाद घमासान, केस दर्ज

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाने में तहरीर देकर पचदेवरी निवासी शशिकला पत्नी राजेश गिरी ने आरोप लगाया है कि गलत पैमाइश कराने का विरोध करने पर विपक्षियों ने घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ की। जानमाल की धमकी देते हुए पांच हजार रुपये और मंगलसूत्र छीन लिया। पुलिस ने गांव के वशिष्ठ गिरी, राजेंद्र गिरी समेत दस नामजद और 15-20 अज्ञात पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

## गोरखपुर से मुंडेरवा ट्रांसफर हुआ हत्या का केस

**बस्ती।** गोरखपुर के पीपीगंज थाने में दर्ज हत्या का मुकदमे की जांच मुंडेरवा पुलिस ने शुरू कर दी है। पीपीगंज थाने के जंगल बुछुली टोला छोटा डिहुलिया निवासी रामचरन ने वहां तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मुंडेरवा थाने के बोदवल में उनकी बेटी को प्रताड़ित कर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने बोदवल निवासी दयाशंकर, मीना, रमाशंकर, भागीरथी, गायत्री और छत्रधारी पर बलवा, मारपीट, हत्या आदि धाराओं में केस दर्ज किया था। संवाद

## चादर बदलने के विवाद में मारपीट

**बस्ती।** मुंडेरवा थाने में तहरीर देकर ऊंचगांव जमोहे निवासी किरन देवी ने आरोप लगाया है कि बाथरूम की फटी दीवार पर चादर बदलने के विवाद में विपक्षियों ने अपशब्द कहते हुए पीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने गांव की विश्वमोहनी, अश्वनी पांडेय और कामिनी पांडेय पर मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-11-2022

# खाद की तस्करी कर रहे दो गिरफ्तार

**लोटन(एसएनबी)** ।पुलिस अधीक्षक के आदेश क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण व देवनन्दन उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक लोटन के नेतृत्व में दिनांक 16112022 को उ0नि0 राकेश कुमार व अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा कार्यवाही के क्रम मे,तस्करी होने से रोकने के लिए धारा 11 कस्टम अधिनियम की कार्यवाही के अन्तर्गत 06 बोरी यूरिया खाद व 02 अदद मोटरसाइकिल, 02 अदद मोबाईल फोन व कुल 1690 रुपया भारतीय व 10 रुपये की एक नोट नेपाली, व 02 नफर अभियुक्त को समय करीब 1735 बजे गिरफ्तार कर कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण इन्द्रजीत यादव पुत्र वंशीलाल यादव साकिन हिदवानगर थाना मोहाना एंव दुर्गेश यादव पुत्र सुक्खु यादव साकिन सपही थाना कोतवाली लोटन के हैं।

# 3 वर्ष के कारावास की सजा

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)** । आपरेशन शिंकजा के तहत त्रिलोकपुर थाने की पुलिस ने प्रभावी पैरवी करते हुए गैर इरादतन हत्या के 6 अभियुक्तो को 3 वर्ष की कारावास की सजा दिलाने में सफलता हासिल किया है। जानकारी के मुताबिक थाना त्रिलोकपुर के ग्राम नकथर देवरिया में 25 जून 2015 को हुए मारपीट के विवाद में शकील,नुसरत व सँवारी गंभीर रूप से घायल हो गई थी।इस मामले में अभियुक्त लोधई, लखपति, मंजूर, बड़कनू, मन्नी, अफसरुनिशा के विरुद्ध मुकदमा अपराध सँख्या 358६2015 धारा 147, 148, 308, 149, 323, 336, 427, 504, 506 व 452 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।पीड़ित पक्ष के तरफ से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ईश्वर चंद्र दूबे व न्यायालय पैरोकार हेडकांस्टेबल तालिमुदीन खान ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी किया।मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बासी ने दोषी पाते हुते अभियुक्त गण को 3 वर्ष का कारावास तथा 57 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है,जिसमें से 20 हजार रुपया चोटहिल शकील,नुसरत व सवारी देवी को देने का आदेश पारित किया है।

# आम चुनाव के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा सील

**बढ़नी(एसएनबी)।** पड़ोसी व मित्र राष्ट्र नेपाल में आगामी 20 नवंबर,रविवार को होने वाले आम चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग,नेपाल ने मतदान से 72 घंटे पहले सभी अंतरराष्ट्रीय सीमाओ से आम आवाजाही बंद करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत आज मध्यरात्रि से बर्डर बंद कर दिया गया है। आगामी 20 नवंबर के मध्यरात्रि तक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर आवागंमन पूरी तरह से ठप रहेगा।

## तीन दिन रहेगा आवागमन ठप, कारोबार प्रभावित

जिला निर्वाचन अधिकारी (कपिलवस्तु) राजीव पंथी ने इसकी पुष्टि की है। पड़ोसी देश नेपाल में हो रहे संसदीय एवं विधानसभायी चुनाव के मद्देनजर दोनों देशों के सुरक्षा कर्मियों ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर कड़ी निगरानी शुरू कर दी है ।एसएसबी 50वीं वाहिनी के बढ़नी बीओपी की टीम ने सतर्कता बरतते हुए डग सयड के साथ आने-जाने वाले लोगों, सामानों, वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी है। सिद्धार्थनगर जिले की बढ़नी, खुनुवा, ककरहवा से लगती सीमा बंद हुई है। बर्डर बंद होने के कारण दोनों देशों के बीच व्यापार पर प्रतिकूल असर रहेगा।नेपाल् में आज रात्रि से चुनावी रैली, जनसभा आदि भी प्रतिबंधित हो गयी। प्रचार का शोर थम गया ह। नेपाल में कुल 275 सांसदों तथा सभी 7 प्रदेशों में 550 विधायकों का चुनाव किया जाना है। मतदान निर्विघ सम्पन्न हो इसके लिए सेना को भी अलर्ट मोड में रखा गया है। -



इंडो-नेपाल वर्डर वढनी में सतर्क एसएसबी जवान। फोटो : एसएनबी

**लोटन प्रतिनिधि के अनुसार** नेपाल में हो रहे चुनाव के मद्देनजर कोतवाली प्रभारी देवनन्दन उपाध्याय ने एसएसबी कैम्प हरिवंशपुर के साथ ठोठरी सीमा को सील किया गया। उक्त कार्य के दौरान ठोठरी बाजार के ब्यापार मंडल अध्यक्ष व सदस्य को लेकर तमाम दुकानदार भी मौजूद रहे।

**कपिलवस्तु प्रतिनिधि के अनुसार**पूर्व निर्णय के अनुसार गुरुवार की रात 12 बजे से इंडो नेपाल बार्डर 72 घण्टे से पहले बन्द कर दिये गए हैं। अब भारत नेपाल सीमा रविवार 20 नवंबर की रात 12 बजे खुलेगी। एसएसबी ककरहवा एव मोहाना पुलिस ने ककरहवा बर्डर पर संयुक्त पेट्रोलिंग कर आने जाने वालों की चेकिंग किया।लगातार पेट्रोलिंग जारी है। मोहाना थानाध्यक्ष सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा के लिए सघन जाँच की जा रही है। **खुनुवा प्रतिनिधि के अनुसार** शोहरतगढ थाना क्षेत्र के भारत-नेपाल सीमा पर स्थित खुनुवा बाजार सहित आसपास के गांवो मे पुलिस और एस एस बी के द्वारा गस्त कर सुरक्षा की जानकारी ली गयी। इस दौरान एस एस बी के जवान मौजूद रहे।

# नियमों को दरकिनार कर भुगतान कर रहे सचिव

**बर्डपुर(एसएनबी)।** नियमों को ताक पर रखकर काम करने वाले सचिवों का बोलबाला लगभग सभी विकास खंडों में है ।उसी की एक बानगी विकास खंड बर्डपुर में भी है।सरकार के दिए गए नियमों को दरकिनार कर अपने

हैंडपंप रिबोर सहित कई अन्य भुगतान आंख मूद कर करे उसी सचिव की डिमांड हर ब्लॉक में बढ़ गई है नौगढ़ ब्लॉक में भी एक सचिव द्वारा नियमो को ताक पर रखकर बेंच का खूब अधिकतम मूल्य का भुगतान किया गया है। यही हाल

# पुलिस, एसएसबी व पीस कमेटी की बैठक

**लोटन(एसएनबी)।** कोतवाली लोटन पर देव नन्दन उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली लोटन तथा थाना स्थानीय के अधिकारी व कर्मचारीगणों व एस एसबी के संयुक्त टीम व थाना क्षेत्र के संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ एस एसबी कैम्प हरिवंशपुर में पीस कमेटी का मीटिंग किया गया जिसमें इंडो नेपाल सीमा समीपवर्ती क्षेत्रों में एसएसबी के संयुक्त टीम के साथ भ्रमण किया गया।.सभी गाइडलाइन के संबंध में भी बताया गया ।

# कोकीन के साथ एक नेपाली युवक गिरफ्तार

**सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)**। एसएसबी व कपिलवस्तु कोतवाली की पुलिस की संयुक्त टीम ने बर्डर पर पेट्रोलिंग के दौरान 105 ग्राम कोकीन के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने का दावा किया है।पकड़े गए अभियुक्त का नाम सुनील कुमार लोनिया पुत्र विफई लोनिया है।वह नेपाल के कपिलवस्तु जिले के नगर पालिका वार्ड नम्बर 10 थाना तौलिहवा का निवासी है।पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध कपिलवस्तु कोतवाली की पुलिस ने एनपीडीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीत कर जेल भेज दिया है।अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कपिलवस्तु कोतवाली प्रभारी मोतीलाल यादव, उप निरीक्षक अशोक कुमार,कादीपक चौरसिया, सोनू कुमार,तथा एसएसबी की टीम में सहायक कमान्डेंट राजपाल,दीगात दास, योगेश कुमार,रामेस्वर लाल शामिल रहे।

**यातायात पुलिस के पास उपलब्ध संसाधन**

| | | |
|---|---|---|
| 02 स्पीड रडार | 121 फोल्डिंग मोबाइल बैरियर | 122 आयरन मोबाइल बैरियर |
| 27 व्हील क्लैम्प | 13 ब्रेथ एनलाइजर | 01 लक्समीटर |
| 06 बाडी वार्न कैमरा | 03 लाउड हेलर | 01 डेसीबल मीटर |

**यातायात पुलिस ने की यह कारवाई**

| | | |
|---|---|---|
| 53 ओवरलोडिंग | 130 गलत लेन में वाहन | 3807 नो पार्किंग जोन |
| | 1835 बिना हेलमेट | 852 बिना सीट बेल्ट |
| | 96 वाहन सीज | 38 ध्वनि प्रदूषण |



**इस वर्ष हुई मार्ग दुर्घटना**

187 मार्ग दुर्घटना | 111 मृतक | 119 घायल

(यह डाटा एक जनवरी से 31 अक्टूबर तक का है।)



वाहनों की नियमित जांच की जाती है। नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन व चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है। यातायात माह का संचालन किया जा रहा है। समय-समय पर लोगों को जागरूक करने का काम किया जाता है।

देवी गुलाम सिंह
सीओ यातायात

# 108 वाहनों का चालान

सिद्धार्थनगर। जनपद पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कागजात में कमी पाए जाने, यातायात नियमों का उलंघन के आरोप में 108 वाहनों का चालान कर दिया। साथ ही 1.15 लाख रुपये शमन शुल्क वसूली की कार्रवाई की गई।

# 30 वर्ष से गायब था परिजनों से मिलाया

सिद्धार्थनगर। प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू बृजेश सिंह ने उस्का क्षेत्र के लापता व्यक्ति को गुरुवार को उसके घर वालों से मिला दिया। प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू ने बताया कि उस्का बाजार थाना क्षेत्र के महनी गांव निवासी राजेश 30 वर्ष पहले अपने घर से मजदूरी के लिए पंजाब के लुधियाना शहर गया हुआ था।

15 नवंबर को बरेली जिले के तहसील बहेड़ी में घूमते हुए पाए गए। यह सूचना बरेली से एसपी सिद्धार्थनगर को मिली।

# छह बोरी यूरिया के साथ दो दबोचे

लोटन। लोटन कोतवाली पुलिस ने नेपाल सीमा के बड़हरा गांव के पास से गुरुवार को छह बोरी यूरिया व दो बाइक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उनकी पहचान क्षेत्र के सपही गांव निवासी दुर्गेश यादव व मोहाना क्षेत्र के हिदवानगर निवासी इन्द्रजीत यादव के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपितों को पकड़ने के बाद कस्टम को सौंप दिया।

# 105 ग्राम कोकीन के साथ नेपाली नागरिक गिरफ्तार

- कपिलवस्तु पुलिस ने अलीगढ़वा चेक पोस्ट के पास से किया गिरफ्तार
- पुलिस व एसएसबी की संयुक्त चेकिंग में मिली कामयाबी

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। एसएसबी व कपिलवस्तु पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार की रात नेपाल बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान अलीगढ़वा पोस्ट के पास से 105 ग्राम नशीला पदार्थ( कोकीन ) के साथ एक नेपाली व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

एसएसबी व कपिलवस्तु पुलिस ने नेपाल में आगामी चुनाव को देखते हुए बॉर्डर पर बुधवार की रात चेकिंग कर रही थी। इस दौरान टीम ने संदेह होने पर अलीगढ़वा चेक पोस्ट पर एक व्यक्ति को रोक लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 105 ग्राम कोकीन मिला। पूछताछ में उसकी पहचान नेपाल के कपिलवस्तु जिले के तौलिहवा थाना क्षेत्र के नगर पालिका वार्ड नंबर 10 के पचेहरा निवासी सुनील कुमार पुत्र विफई के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक मोतीलाल यादव ने बताया कि बुधवार की रात चेकिंग के दौरान कोकीन के साथ नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। इस अवसर पर एसएसबी 43वीं वाहिनी के सहायक कमांडेंट राजपाल, हेड कांस्टेबल दिगांत दास, कांस्टेबल योगेश कुमार, रामेश्वर लाल आदि मौजूद रहे।

**छह आरोपितों को तीन वर्ष का कारावास :** ऑपरेशन शिकंजा के तहत त्रिलोकपुर पुलिस ने प्रभावी पैरवी से गैर इरादतन हत्या के छह आरोपितों को तीन वर्ष का कारावास व 57 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित कराया है। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के नकथर देवरिया गांव में 25 जून 2015 को हुए मारपीट के मामले में गांव के लोधई, लखपति, मंजूर, बड़कनू, मन्नी, अफसरून्निशा पर केस दर्ज था। पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर आरोपितों को तीन साल का कारावास व अर्थदंड से दंडित कराया।

# छह बोरी खाद के साथ दो गिरफ्तार

लोटन : भारत से नेपाल सीमा में यूरिया खाद ले जाने के आरोप में पुलिस ने छह बोरी यूरिया के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस को सूचना मिली कि दो लोग सीमा के ग्राम बड़हरा में खाद ले जा रहे हैं। पुलिस सक्रिय खाद ले जाने वालों को धर दबोचा। उप निरीक्षक राकेश ने बताया कि दो व्यक्ति बाइक पर खाद ले जा रहे थे, जिन्हें पकड़ा गया। (जासं)

# मारपीट के मामले में दो महिला समेत छह को कारावास

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : अपर सत्र न्यायाधीश बांसी मोहम्मद शफीक ने गुरुवार को मारपीट के मामले में फैसला सुनाया। दो महिला समेत छह आरोपितों को दोषसिद्ध पाते हुए तीन-तीन वर्ष कारावास व 57 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियुक्तों का नाम त्रिलोकपुर थाना के नकथर देवरिया गांव निवासी लोधई, लखपति, मंजूर, बडकनू, मन्नी और अफसरुनिशा हैं।

अपर जिला शासकी अधिवक्ता फौजदारी ईश्वर चंद्र दुबे ने न्यायालय को बताया कि 25 जून 2015 को नकथर देवरिया गांव में मारपीट की घटना हुई थी। अभियुक्तों ने लाठी-डंडे से वादी शकील, नुसरत व सवारी देवी पर हमला किया। जिसमें इन्हें गंभीर चोट पहुंची। त्रिलोकपुर थाना की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। न्यायालय ने अर्थदंड की धनराशि में 20 हजार रुपये तीनों घायल को देने का निर्देश दिया है। पुलिस की ओर से मामले की पैरवी मुख्य आरक्षी तलीमुद्दीन खान ने की।

**गैस सिलेंडर फटने से क्षति : जोगिया:** उसका थाना क्षेत्र के मारूखर कला गांव के बाहर सड़क के किनारे चाय पान की दुकान में गैस सिलेंडर फटने से हजारों की क्षति हुई। जबकि दुकानदार व दुकान पर बैठे कुछ ग्राहक ने भागकर अपनी जान बचाई। दुकानदार बुधिराम उर्फ सीबड 40 वर्ष इस दौरान गैस पर समोसा बना रहे थे तभी गैस का पाइप लीक हो गया। जिससे गैर सिलेंडर फट गया।

# स्वजन को मिला तीन दशक पूर्व लापता राजेश

**जासं; सिद्धार्थनगर :** 30 वर्ष से लापता व्यक्ति से गुरुवार को उसकी पत्नी की मुलाकात हुई। उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं होने के कारण काफी जानकारी नहीं दे पा रहा है। वह बरेली के बहेड़ी तहसील क्षेत्र में घूमते हुए मिला था। वहां की पुलिस ने पूछताछ की तो निवास स्थान उसका बाजार का महनी गांव बताया। पत्नी के साथ एएचटीयू टीम बरेली गई और राजेश को अपने साथ गांव लेकर आई। पत्नी सुमित्रा देवी ने बताया कि करीब 30 वर्ष पूर्व पति राजेश काम की तलाश में पंजाब के लुधियाना के लिए रवाना हुए थे। वहां से वह कुछ दिन बाद लापता हो गए। सूचना मिलने के बाद परिवार के सभी सदस्यों ने खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। सभी सदस्य निराश हो गए थे। 15 नवंबर को बरेली पुलिस ने सूचना भेजी। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी एएचटीयू बृजेश सिंह, आरक्षी गंगेश सिंह, पंकज प्रसाद भारती आदि मौजूद रहे।

# ठंड में चोरी रोकने की बनाएं कार्ययोजना

जासं, इटवा, सिद्धार्थनगर: पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने गुरुवार की शाम इटवा सर्किल के थाना क्षेत्र में बैठक कर आपराधिक गतिविधियों की समीक्षा की। एसपी ने चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि ठंड के मौसम में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। जिससे कि आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

थानावार समीक्षा के दौरान उन्होंने लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया। आरोपित की गिरफ्तारी करने, गुमशुदा की तलाश, पोर्टल पर लंबित मामलों का निस्तारण, लावारिस वाहनों का निस्तारण, साइबर अपराध रोकथाम आदि पर विशेष प्रभावी कार्रवाई को लेकर जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। एसपी ने इटवा क्षेत्र में पैदल मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर अपील की। इस दौरान उन्होंने लोगों से संवाद भी स्थापित किया। एसपी ने थाना इटवा, गोल्हौरा, मिश्रौलिया का अर्दली कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी इटवा राणा महेन्द्र प्रताप सिंह, बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी, अनूप मिश्रा, छत्रपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मादक पदार्थ के साथ धराया नेपाली युवक

**अलीगढ़वा सीमा के मुख्य द्वार से ले जाया रहा कोकीन, एसएसबी और पुलिस की संयुक्त जांच में चढ़ा हत्थे**

**जासं, कपिलवस्तु** : कोतवाली पुलिस व एसएसबी के संयुक्त जांच के दौरान 105 ग्राम कोकीन के साथ नेपाली युवक टीम के हत्थे चढ़ा। पूछताछ के बाद आरोपित को थाने पर लाया गया, जहां मुकदमा दर्ज करते हुए उसे न्यायालय के लिए भेजा गया। नेपाल में चुनाव को लेकर सीमा क्षेत्र पर एसएसबी 43वीं वाहनी और पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से जांच की जा रही है। गुरुवार को अलीगढ़वा सीमा के मुख्य द्वार से मोटर साइकिल से एक युवक जाता दिखाई दिया, जो नशे की स्थिति में लग रहा था। जांच टीम ने उसे रोकना चाहा तो वह नेपाल की तरफ भागने का प्रयास किया। एसएसबी जवानो ने उसे दौड़ाकर दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 105 ग्राम कोकीन बरामद हुआ। पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने सुनील कुमार लोनिया पुत्र विफई निवासी पचेहरा नगर पालिका वार्ड नंबर -दस थाना तौलिहवा जिला कपिलवस्तु नेपाल रहने वाला बताया। गिरफ्तारी टीम में कोतवाली प्रभारी मोती लाल यादव, उपनिरीक्षक अशोक कुमार, दीपक चौरसिया, सोनू कुमार, एसएसबी सहायक कमांडेट राजपाल, हेड कांस्टेबल दिगांत दास, योगेश कुमार, रामेश्वर लाल शामिल रहे।

# खाद की तस्करी करते दो गिरफ्तार

**लोटन।** कोतवाली पुलिस गश्त के दौरान खाद की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को छह बोरी खाद व बाइक के साथ पकड़ा। दोनों आरोपियों को कार्रवाई के लिए कस्टम को सौंप दिया गया।

बुधवार को देर शाम कोतवाली प्रभारी देवनंदन उपाध्याय ने दो टीम बनाकर कर नेपाल बॉर्डर की तरफ गश्त के लिए भेजा। इस दौरान ने दो व्यक्तियों ने मोटरसाइकिल से खाद नेपाल ले जाते समय पुलिस ने देखा। रोकने का प्रयास किया तो वे भागने लगे।

पुलिस टीम ने दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में इंद्रजीत यादव निवासी हिदवानगर, थाना मोहाना व दुर्गेश यादव निवासी सपही थाना लोटन बताया। संवाद

# सिद्धार्थनगर पुलिस की लापरवाही, जवाब देंगे प्रमुख सचिव

## सकारपार पुलिस चौकी के बोर्ड पर शिक्षक विधायक का नाम नहीं होने का मामला

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** खेसरहा थाना क्षेत्र के सकारपार पुलिस चौकी के बोर्ड पर जनप्रतिनिधियों की सूची में शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी नाम नहीं है। नाराज शिक्षक विधायक ने इसे विशेषाधिकार हनन बताते हुए विधान परिषद की समिति में मामला उठाया है। विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति ने 18 नवंबर को इसकी सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। इसमें गृह विभाग तथा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव को बुलाया गया है।

सकारपार पुलिस चौकी के बोर्ड पर पुलिस अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के नाम अंकित है। इसमें सांसद जगदंबिका पाल एवं स्थानीय विधायक जयप्रताप सिंह का नाम है। तीसरे नंबर पर स्थानीय निकाय के पूर्व एमएलएसी सन्नी यादव के नाम को काटकर यदुवंश अंकित किया गया है। जबकि इसी क्षेत्र के ही निवासी शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी का नाम पहले भी अंकित किया गया था और बाद में अंकित नहीं किया गया है।

समर्थकों से इसकी जानकारी होने पर शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने मामले को विशेषाधिकार समिति के समक्ष उठाया है। उत्तर



पुलिस चौकी में लगा बोर्ड। संवाद

प्रदेश विधान परिषद के विशेषाधिकार समिति के उप सचिव राकेश कुमार पांडेय ने शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी को भेजे पत्र में गृह विभाग के सूचीबद्ध चार मामलों में इस मामले के शामिल होने की जानकारी दी है। साथ ही विधान भवन लखनऊ के मुख्य भवन के प्रथम तल पर कक्ष संख्या 80 में इसकी सुनवाई के लिए 18 नवंबर को सुबह 11.5 बजे सुनवाई के समय उपस्थित रहने को कहा है। सुनवाई के दौरान साक्ष्य के लिए गृह विभाग तथा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव को भी बुलाया गया है।

# पुलिस व एसएसबी की बैठक

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**लोटन।** नेपाल में चुनाव को देखते हुए बृहस्पतिवार को पुलिस व एसएसबी ने बॉर्डर क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ बैठक सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। सभी को उच्च स्तर से प्राप्त दिशा-निर्देश के बारे में बताया गया। इसके बाद इंडो नेपाल सीमा समीपवर्ती क्षेत्रों में भ्रमण किया गया।

कोतवाली लोटन पर सीओ सदर अखिलेश वर्मा एवं एसएसबी व स्थानीय लोगों के साथ बैठक की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक देव नन्दन उपाध्याय व पुलिस एसएसबी के जवान मौजूद रहे।

इसके अलावा एसएसबी कैंप हरिवंशपुर में संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी के लोगों से बातचीत की गई। चुनाव के दौरान नेपाल के गतिविधियों पर ध्यान रखा जा सके।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-11-2022



बृहस्पतिवार को उमरिया बाजार में रास्ते के विवाद का निस्तारण कराते तहसीलदार रत्नेश तिवारी, थानाध्यक्ष केडी सिंह व मौजूद गांव के लोग। संवाद

# तहसीलदार ने रास्ते के विवाद का करा दिया समाधान

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**धनघटा।** समस्याओं का समाधान कराने के लिए जनप्रतिनिधि और अधिकारी मन बना लें तो कोई भी समस्या मुश्किल नहीं है। इसका प्रमाण बृहस्पतिवार को क्षेत्र के उमरिया बाजार में 70 साल पुराने रास्ते के विवाद को तहसीलदार और थानाध्यक्ष प्रधान के साथ मिलकर निस्तारित कराके दे दिया।

ग्राम पंचायत उमरिया बाज़ार के अनुसूचित जाति की आबादी में जाने के लिए आदर्श इंटर कॉलेज के दक्षिण से बिडहर घाट धनघटा मार्ग से कटकर रास्ता गया है। रास्ते की जमीन को अपना बताते हुए गांव के14 लोग उसे अवरुद्ध कर खड़ंजा लगने में बाधा पहुंचा रहे थे।

इस समस्या के समाधान के लिए एक तरफ से रास्ता रोकने वाला पक्ष तहसील और थाने पर लंबे समय से पैरवी कर रहा था तो दूसरा पक्ष ग्राम प्रधान रास्ते को जनहित में खोलने के

## प्रधान की पहल पर हुई कार्रवाई, गांव वालों को मिला आने-जाने का मार्ग

लिए भागदौड़ में लगे थे। इसे लेकर के गांव में तनाव भी उत्पन्न हो गया था।

बृहस्पतिवार को तहसीलदार रत्नेश तिवारी और थानाध्यक्ष केडी सिंह मौके पर पहुंचे। मौका देखने के बाद रास्ता अवरुद्ध करने वाले पक्ष को समझा-बुझाकर जनहित में रास्ता चालू रखने का सुझाव दिया। ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि अशोक अग्रहरि ने बताया कि दोनों अधिकारियों के प्रयास से रास्ते की समस्या का समाधान हो गया।

अब उस पर मिट्टी डालने का काम शुरू कर दिया गया है। तहसीलदार रत्नेश तिवारी ने कहा कि जनहित में वह रास्ता चलना जरूरी है। दोनों पक्ष को समझा-बुझाकर शांत कर दिया गया है। इस मौके पर गांव के तमाम लोग मौजूद रहे।

# रात्रि गश्त बढ़ाकर ढाबा की चेकिंग की जाय : डीआईजी

बस्ती (एसएनबी)। पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती की अध्यक्षता में रेन्ज कार्यालय पर मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक आरके भारद्वाज नेसमस्त पुलिस अधीक्षकों को निम्न निर्देश दिए।

उन्होंने आगामी नगर निगम चुनाव एवं त्यौहार के दृष्टिगत शासन द्वारा जो निर्देश दिये गए हैं। उसके अनुरूप तैयारी कर लें। परिक्षेत्र में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत ढाबा, होटल, बस स्टैन्ड आदि संवेदनशील स्थानों मे रात्रि पैदल गश्त व चेकिंग करने के निर्देश दिये। हिस्ट्रीशीटरों एवं जेल से छूटे अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगाह रखी जाए। परिक्षेत्र के थाना क्षेत्रों में संदिग्ध स्थान चिन्हित कर वाहन चेकिंग की जाए। साथ ही बैंक/एटीएम आदि के आसपास चेकिंग की जाए। महिला संबंधित अपराधों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण करवाया जाए। पूर्व से लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्वक शीघ्र निस्तारण किया जाए। जनपदों में थाने स्तर पर सैनिक सम्मेलन आयोजित कर अपने अधीनस्थों की समस्याओं को सुना जाए व निस्तारण किया जाए। गुन्डा एक्ट , गैंगस्टर की कार्यवाही की जाए।

## मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी



बस्ती : बैठक करते डीआईजी आरके भारद्वाज। फोटो : एसएनबी

फरियादियों की समस्याओं को नम्रता पूर्वक सुनकर भरोसा दिलाकर उसकी समस्याओं का निस्तारण किया जाए। माल मुकदमाती का निस्तारण किया जाय। निस्तारण में जिस थाने का कार्य सराहनीय रहे उसे जनपद स्तर पर सम्मानित किया जाय। वांछित एवं वारन्टी अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। वाहन चेकिंग के दौरान महिलाओं के प्रति नरमी बरती जाए। सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाय। सर्राफा बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए। ठंड आने वाली है। इसे लेकर अभी से ठोस कार्ययोजना बना ली जाए और चिन्हित गिरोहों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हो। बैठक में एसपी बस्ती आशीष श्रीवास्तव, एसपी संतकबीरनगर सोनम कुमार, एसपी सिद्धार्थनगर अमित कुमार आनन्द व परिक्षेत्रीय कार्यालय के समस्त शाखाओं के शाखा प्रभारी भी मौजूद रहे।

# नाबालिग छात्रा के साथ गैंगरेप का प्रयास, दो नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग छात्रा के स्कूल जाने के दौरान रास्ते में दो कामांध युवकों द्वारा छात्रा के साथ गुरूवार की सुबह गैंगरेप करने का प्रयास किया गया। छात्रा किसी तरह आरोपी युवकों के चंगुल से छूट कर धनघटा थाने पहुंच गयी और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने छात्रा की लिखित तहरीर के आधार पर दो युवको के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई लिखित तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय छात्रा ने बताया कि वह धनघटा कस्बा स्थित एक विद्यालय में पढ़ती है। रोज की तरह गुरूवार की सुबह करीब साढ़ें सात बजे वह घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। जैसे ही वह थाना क्षेत्र के रामजंगला स्थित सुनसान रास्ते पर पहुंची तो पहले से घात लगाकर छिपे थाना क्षेत्र के डेबरी गांव निवासी मोनू पुत्र उमा यादव तथा ऋषिकेश अग्रहरि पुत्र रामजी अग्रहरि नामक युवक उसे पकड़ लिए और उसके साथ गैंगरेप करने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपियों ने उसके शरीर पर मौजूद कपड़ों को भी फाड़ दिया। इतना ही नही विरोध करने पर आरोपियों ने उसे मारपीट कर घायल भी कर दिया। किसी तरह वह आरोपी युवकों के चंगुल से मुक्त हो सकी। छात्रा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ आईपीसी की धारा 376,511,323 तथा पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर नामजद आरोपियों की तलाश पुलिस ने शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि पीड़ित छात्रा को महिला आरक्षी की अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया गया है बाकी पुलिस नामजद आरोपियों की सरगर्मी से तलाश करने में जुटी हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# रंजिश में व्यक्ति को पीटा, दो नामजद

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के बारीडीहा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों ने एक व्यक्ति को बुधवार की देर शाम मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल की तहरीर पर दो हमलावरों के खिलाफ मारपीट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के वारीडिहा गांव निवासी देवेन्द्र लाल पुत्र राधिकालाल ने बताया कि बुधवार की देर शाम गांव निवासी विपक्षी शिवम राय पुत्र बंजरगी लाल तथा रूदल राय पुत्र चन्द्रबली राय पुरानी रंजिश को लेकर उसे घेर कर भद्दी भद्दी गाली और जानमाल की धमकी देने लगे। उसने जब गाली देने का विरोध किया तो उक्त दोनों हमलावर हो गए और उसे मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पुलिस ने घायल देवेन्द्र लाल की तहरीर पर उक्त दोनों हमलावरों शिवम राय और रूदल राय के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 504, 506, 352, 336 के तहत मुकदमा दर्ज कर घायल को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# मार्ग दुर्घटना में हुई मौत, मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने मार्ग दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर अभियोग दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दिया। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के पिपरा कला गांव निवासी कालीचरन ने प्रार्थना पत्र दिया है।

अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि दिनांक 12 नवंबर को करीब 7:30 बजे सुबह उनका बेटा अशोक कुमार ड्राइवरी का कार्य करता था। वह घर के कुछ काम से भुजैनी चौराहे के पास जयगुरुदेव आश्रम गया हुआ था। इसी बीच पीछे से उसे अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। घायलावस्था में उसे नजदीक के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के बाद डॉक्टरों ने घर भेज दिया। घर पहुंचने के बाद उसकी हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक देखकर गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफरकर दिया। वहां पर भी हालत में सुधार न होने के बाद डॉक्टरों के रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज लखनऊ ले गए। कोतवाल ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

# हादसे में घायल को अस्पताल भेजवाया

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर मार्ग दुर्घटना में घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया। पीआरवी 1483 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर से मार्ग दुर्घटना में एक व्यक्ति के घायल होने के संबंध में सूचना मिली। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों ने घटना स्थल पर पहुंचकर दुर्घटना में घायल रफीक पुत्र लतीफ अहमद निवासी दुनका थाना शाही जनपद बरेली को एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया।



रेंज कार्यालय पर गुरुवार को बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के एसपी संग अपराधों की समीक्षा बैठक करते डीआईजी आरके भारद्वाज।

# चुनाव को लेकर अलर्ट मोड में रहे पुलिस : डीआईजी

- बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के एसपी संग की बैठक
- अच्छा काम करने वाले थानों को जनपद स्तर पर किया जाए सम्मानित

**बस्ती, निज संवाददाता।** डीआईजी आरके भारद्वाज ने गुरुवार को रेंज के तीनों जनपदों के एसपी संग बैठक कर अपराध की समीक्षा की। इस दौरान नगर निकाय चुनाव की तैयारियों का मुद्दा ही छाया रहा। डीआईजी ने पुलिस को अलर्ट मोड पर रहने की नसीहत दी। साथ ही वाहन चेकिंग के दौरान महिलाओं के प्रति नरमी बरतने की सलाह भी दी।

डीआईजी ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव को देखते हुए दृष्टिगत शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयारी कर ली जाए। गुंडा, गैंगस्टर की कार्रवाई के अलावा सीआरपीसी की अन्य धाराओं के तहत पाबंद करने की कार्रवाई में तेजी लाने को कहा। परिक्षेत्र में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत ढाबा, होटल, बस स्टैंड आदि संवेदनशील स्थानों में रात्रि पैदल गस्त व चेकिंग की जाए। फरियादियों की समस्याओं को नम्रता पूर्वक सुनकर भरोसा दिलाकर उसकी समस्याओं का निस्तारण करें। तीनों एसपी से कहा कि निस्तारण में जिस थाने का कार्य सराहनीय रहे, उसे जनपद स्तर पर सम्मानित किया जाए।

# शांतिभंग की आशंका में दो का चालान

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में दो आरोपितों को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना धनघटा एव थाना महुली पुलिस ने एक-एक आरोपित को दबोचकर उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की।

# जांच के दौरान नियम तोड़ने वालों पर की कार्रवाई

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए गहनता से जांच पड़ताल की। 139 वाहनों के चालकों से एक लाख 36 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# लापता युवक का 24 घंटे बाद भी नहीं लगा सुराग

**हैंसर, हिन्दुस्तान संवाद।** धनघटा थाना क्षेत्र के सरयू नदी के बिड़हर घाट पुल पर बुधवार को देर शाम लावारिस हालत में एक बाइक मिली। जिस पर लोगों ने आशंका व्यक्त किया कि उक्त युवक मोटरसाइकिल खड़ी कर सरयू नदी की धारा में छलांग लगा दिया। जानकारी होने पर बिड़हर घाट चौकी इंचार्ज धर्मेद और स्थानीय गोताखोरों की मदद से काफी खोजबीन कराई गई लेकिन कहीं भी उसका अता पता नहीं चला। गुरुवार को भी खोजबीन का काफी प्रयास किया गया लेकिन सारा प्रयास असफल ही साबित हुआ। पुलिस के अनुसार यह बाइक खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत घटरम्हा गांव निवासी रामलौट के 20 वर्षीय पुत्र गोपीचंद की है। पुलिस के अनुसार परिजनों से बात के अनुसार वह घर पर विवाद करने के बाद घर वालों से कह कर निकला था कि अब वह वापस नहीं आएगा।

# सड़क दुर्घटना में घायल को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर से पीआरवी टीम को सूचना मिली कि मार्ग दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया है। इस सूचना पर पीआरवी टीम चार मिनट में घटनास्थल पर पहुंची तथा घायल बरेली जिले के दुनका थाना निवासी रफीक को एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचवाया तथा घटना के बारे में कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पीआरवी कर्मियों राजकिशोर तथा मुहम्मद मुख्तार के द्वारा किए गए इस कार्य की लोगों ने तारीफ की। (जासं)

# बीडीओ के न आने से नहीं हुई बीडीसी व प्रधानों की बैठक

**जागरण संवाददाता, सेमरियावां, संतकबीर नगर:** सेमरियावां ब्लाक के सभागार में गुरुवार को दोपहर के 12 बजे से लेकर पौने दो बजे तक ब्लाक प्रमुख, मजहरुन्निशा के साथ 121 में से 77 क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी), 113 में से नौ प्रधान बैठे रहे। कार्यवाही पंजिका में दस्तखत करने के बाद ये पौने दो घंटे तक बीडीओ का इंतजार करते रहे। वहीं, बाहर पुलिस फोर्स तैनात रही। इन सबके बीच बीडीओ के न आने पर ब्लाक प्रमुख पतोहू हाजरा खातून सहित अन्य बीडीसी व प्रधान के साथ यहां से निराश लौटी। इसको लेकर देर शाम तक कयासबाजी चलती रही। लोग तरह-तरह का कारण बताते रहे।



सेमरियावां ब्लाक परिसर मे होने वाली बैठक के मद्देनजर परिसर मे मौजूद एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी, सीओ अंशुमान मिश्र, राजीव कुमार यादव व अन्य• जागरण



सेमरियावां ब्लाक मे आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक मे शामिल बीडीसी व प्रधान। • जागरण

**ब्लाक प्रमुख ने कहा, बीमारी के बहाने गैरहाजिर रहे बीडीओ :** सेमरियावां की ब्लाक प्रमुख मजहरुन्निशा ने कहा कि बीडीओ बीमारी के बहाने जानबूझकर बैठक में नहीं आए। उन्होंने बीडीओ के बैठक में न आने की सूचना सीडीओ को दूरभाष पर दी थी। सूचना दिए जाने के बाद भी बीडीओ की जगह किसी अन्य अधिकारी को बैठक के लिए नामित नहीं किया गया। कार्यवाही रजिस्टर की प्रतिलिपि जिलाधिकारी को जल्द दूंगी। यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह विवश होकर न्यायालय का शरण लेंगी।

**दो तहसीलों के एसडीएम के साथ बाहर तैनात रही पुलिस फोर्स :** किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए सेमरियावां के ब्लाक सभागार के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। खलीलाबाद के एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी, सीओ अंशुमान मिश्र व तहसीलदार शेख आलमगीर, मेंहदावल के एसडीएम योगेश्वर सिंह व सीओ राजीव कुमार यादव यहां पर काफी देर तक जमे रहे। इसके अलावा दुधारा के थानाध्यक्ष अनिल कुमार दूबे व महुली के थानाध्यक्ष संतोष मिश्र, पुलिस चौकी बाघनगर के प्रभारी रजनीश कुमार राय, पुलिस चौकी पचपोखरी के प्रभारी विनोद यादव के अलावा कई पुलिस कर्मी तैनात रहे। प्रशासनिक व पुलिस विभाग के अधिकारी व पुलिस कर्मी यहां पर पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे।

> वह इस विषय पर बीडीओ से वार्ता करेंगे। यदि पहले से बैठक तय थी तो इसके बारे में हम सभी को भी जानकारी होनी चाहिए थी। वह इस मामले की जांच करेंगे इसके बाद उचित पहल करेंगे।
>
> **अतुल मिश्र**, मुख्य विकास अधिकारी

# तहसीलदार व थानाध्यक्ष की पहल से रास्ते का विवाद समाप्त

**जासं, धनघटा, संतकबीर नगर :** धनघटा थाना के उमरिया बाजार में पंचायत भवन के पास से गांव में जाने वाले रास्ते के विवाद को अधिकारियों ने गुरुवार को सुलझा दिया। प्रधान की पहल पर तहसीलदार ने यह पहल की।

तहसीलदार रत्नेश तिवारी व धनघटा के थानाध्यक्ष केडी सिंह गुरुवार को उमरिया बाजार में पहुंचे। लोगों ने बताया कि पंचायत भवन से होकर गांव में जाने वाले रास्ते को एक व्यक्ति ने रोक दिया है। इसी रास्ते से लोग पूर्व में आते-जाते थे। प्रधान ने इस समस्या को सुलझाने के लिए तहसीलदार से निवेदन किया था। इस पर तहसीलदार व थानाध्यक्ष समझाया-बुझाया। इससे बंद रास्ता खुल गया। इसको लेकर ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन व पुलिस की प्रशंसा की।

# पैदल गश्त कर दिया सुरक्षा का भरोसा

संतकबीर नगर : मेंहदावल के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मेंहदावल पुलिस ने कस्बे में पैदल गश्त किया। इस दौरान व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसी कैमरे लगवाने का निर्देश दिया गया। लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया गया। पटरियों से अतिक्रमण हटाने को लेकर भी दुकानदारों को हिदायत दी गई।

# अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जासं, संतकबीर नगर :** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने गुरुवार को एक अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। कोतवाली खलीलाबाद थाने में दी गई तहरीर में पिपराकला गांव निवासी कालीचरण पुत्र इंद्रमन ने उल्लेख किया है कि 12 अक्टूबर 2022 को सुबह करीब 7.30 बजे उनका बेटा अशोक कुमार घर के कुछ काम से भुजैनी चौराहे की तरफ जा रहा था।

वह जय गुरुदेव के आश्रम के पास पहुंचा था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दी। इससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आसपास के लोगों ने निकट स्थित एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया था। यहां के डाक्टरों ने हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जिला अस्पताल के डाक्टरों ने इन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज-गोरखपुर रेफर कर दिया। यहां पर हालत में सुधार न होने पर यहां के डाक्टरों ने लखनऊ स्थित किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी रेफर कर दिया था। उपचार के दौरान बेटे की मृत्यु हो गयी थी ।

# चार सगे भाई समेत पांच पर मुकदमा दर्ज

**संतकबीरनगर।** कोतवाली पुलिस ने इमिलडीहा गांव निवासी चार सगे भाई समेत पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया। आरोप है कि लोग घर में घुस कर सरिया से प्रहार कर पीड़ित का सिर फोड़ दिया। मारपीट के दौरान ही पीड़ित का सोने की चेन और पॉकेट से 5000 रुपये भी गिर गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इमिलडीहा गांव निवासी बृजेश उपाध्याय का आरोप है कि 15 नवंबर की शाम पांच बजे वह घर पर थे। गांव के राम कैलाश अपने भाई राम अचल, दिनेश, रमाकांत और भतीजे बालकेश के साथ गोलबंद होकर लाठी-डंडे के साथ उसके घर में घुस आए। आरोप है कि उसे अपशब्द कहते हुए सिर पर सरिया से प्रहार कर दिया।

शोर शराबा सुनकर लोगों को आता देखकर जानमाल की धमकी देते हुए लोग भाग गए। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि इस मामले में चार सगे भाई राम कैलाश, रामअचल, दिनेश, रमाकांत और बालकेश पर गोलबंद होकर घर में घुस कर मारने-पीटने, अपशब्द कहने और जानमाल की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# बगैर जिला स्तरीय अधिकारी हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक

## सेमरियावां : बैठक विधि मान्य है अथवा नहीं के सवाल पर पल्ला झाड़ रहे जिम्मेदार, नहीं आए जिला स्तरीय अधिकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

सेमरियावां। बृहस्पतिवार को ब्लॉक प्रमुख मजहरुन्निशा की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। इसमें प्रधान व बीडीसी सदस्य तो उपस्थिति हुए, लेकिन बीमार होने की वजह से बीडीओ शामिल नहीं हो पाए। बैठक बिना किसी जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी के हुई। इससे क्षेत्र पंचायत की इस बैठक पर संशय बरकरार है।

ब्लॉक प्रमुख मजहरुन्निशा ने बताया कि पहली नवंबर 2022 को क्षेत्र पंचायत की बैठक के लिए एजेंडा जारी किया था। इसके लिए बीडीओ सेमरियावां, डीएम, सीडीओ आदि उच्चाधिकारियों को रजिस्टर्ड डाक से पत्र भेजकर अवगत कराया। स्वयं अधिकारियों से मिलकर क्षेत्र पंचायत की बैठक के संबंध में सूचना दी थी। बृहस्पतिवार को बैठक में न तो कोई ब्लॉक और न ही जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



सेमरियावां ब्लॉक सभागार में बृहस्पतिवार को आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में मौजूद रहे क्षेत्र पंचायत सदस्य। संवाद

ब्लॉक प्रमुख मजहरुन्निशा के मुताबिक क्षेत्र पंचायत की बैठक में 86 सदस्य उपस्थित रहे। इसमें 12 प्रधान भी शामिल रहे।

बैठक में शामिल सदस्यों से कार्यवाही रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराया गया है। ब्लॉक प्रमुख के बेटे व पूर्व ब्लॉक प्रमुख मुमताज अहमद ने कहा कि बैठक में 86 सदस्य उपस्थित रहे। कार्यवाही रजिस्टर पर सबका हस्ताक्षर कराकर कोरम पूरा किया गया है। डीएम व सीडीओ से कार्यवाही रजिस्टर लेकर बात की जाएगी। फिर भी बात नहीं बनी तो हाईकोर्ट जाएंगे।

बीडीओ बीमारी का बहाना बनाकर बैठक में नहीं आए। डीडीओ सुदामा प्रसाद ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह बीडीओ विनोद मणि त्रिपाठी ने जिला अस्पताल की रसीद व्हाटसएस पर भेजा है।

उन्होंने कोई लिखित अवकाश का प्रार्थनापत्र नहीं दिया है। ऐसा हो सकता है कि बीमारी की वजह से वह पहले अपना उपचार करा रहे होंगे और बाद में स्वस्थ होने पर अवकाश के संबंध में प्रार्थनापत्र देंगे। सीडीओ अतुल मिश्र ने बताया कि क्षेत्र पंचायत के अधिनियम को पहले पढ़ेंगे ,उसके बाद ही बता पाएंगे।

बीडीओ के बीमार होने की जानकारी हुई है, लेकिन अवकाश के लिए उन्हें प्रार्थनापत्र अब तक नहीं दिया है।

### शांति व्यवस्था के लिए मुस्तैद रही पुलिस

शांति व्यवस्था के मद्देनजर एसडीएम खलीलाबाद अजय कुमार त्रिपाठी व एसडीएम मेंहदावल योगेश्वर सिंह के साथ सीओ सदर अंशुमान मिश्र, सीओ मेंहदावल राजीव यादव, एसओ दुधारा अनिल दुबे, एसओ मेंहदावल रविंद्र सिंह ब्लॉक परिसर में उपस्थित रहे। ब्लॉक परिसर में जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात रही। एसडीएम सदर अजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि शांति व्यवस्था के लिए ड्यूटी लगाई गई। बैठक की वैधानिकता के बारे में पूछने पर कहा कि अगर बैठक के नियम, प्रक्रिया का पालन न हो और जिस तरह बैठक होनी चाहिए, उस तरह न हो तो वह बैठक संशयित होगी।

बुधवार रात करीब नौ बजे सीने में तेज दर्द के साथ सांस संबंधी समस्या उत्पन्न हुई तो जिला अस्पताल गए, जहां से डॉक्टर ने रेफर कर दिया। उनकी पहले से लखनऊ के मेदांता से दवा चल रही है। तबीयत में सुधार नहीं होने से लखनऊ पहुंच कर दवा करवा रहे हैं। अवकाश के संबंध में सीडीओ के सहयोगी कर्मी को सूचना भेज दी है। उनके संबंध में जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, वह मनगढ़त है। बैठक विधि मान्य है अथवा नहीं, इस बारे में स्वस्थ होने के बाद ही जानकारी दे पाएंगे।

– विनोद मणि त्रिपाठी, बीडीओ सेमरियावां

# आरोपियों पर केस दर्ज करने का आदेश

संतकबीरनगर। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी ने किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश धनघटा पुलिस को दिया।

अधिवक्ता हरिशंकर यादव ने बताया कि पीड़िता के भाई ने कोर्ट में तहरीर दी। आरोप लगाया कि दस जुलाई की रात 15 वर्षीय बहन नित्यक्रिया के लिए घर से बाहर गई थी। रास्ते में आरोपी ने बहन हाथ पकड़ कर गलत काम करने की नीयत से छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर उसकी पत्नी व गांव के तमाम लोग पहुंच गए। संवाद

# भतीजी से दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी ने भतीजी से दुष्कर्म करने के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

विशेष लोक अभियोजक सत्य प्रकाश ने बताया कि दुधारा क्षेत्र एक गांव की रहने वाली पीड़ित मां ने पांच अक्तूबर को थाने में तहरीर दी।

आरोप लगाया कि 15 वर्षीय बेटी के साथ छह माह पहले 55 वर्षीय जेठ ने दुष्कर्म किया। बेटी पांच माह की गर्भवती हो गई। जानकारी होने पर वह बेटी के साथ थाने गई और मुकदमा दर्ज कराया। आरोपी जिला कारागार में बंद है। आरोपी ने जमानत प्रार्थनापत्र दाखिल किया।

जमानत का विरोध करते हुए विशेष लोक अभियोजक ने कहा कि पीड़िता ने अपने बयान में कहा है कि आरोपी ने डरा धमकाकर उससे तीन-चार बार दुष्कर्म किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-11-2022

# दुष्कर्म करने के आरोपी को बीस वर्ष की सजा

## अदालत से

गोंडा, विधि संवाददाता। विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) चन्द्र मोहन चतुर्वेदी ने दुष्कर्म करने के दोषी को बीस वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

विशेष अभियोजक (पोक्सो एक्ट) सुनील कुमार मिश्रा व अशोक कुमार सिंह के अनुसार थाना उमरीबेगमगंज अंतर्गत घरूकन पुरवा आदमपुर निवासी हुकुम दत्त चौहान के विरुद्ध इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि वादी की अविवाहित पुत्री को आरोपी अपहृत कर उसके साथ दुराचार किया। अदालत ने सुनवाई के बाद दोषी को बीस वर्ष का कठोर कारावास व तेईस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

**पिता और पुत्र को पांच वर्ष की सजा :** अपर सत्र न्यायाधीश सर्वजीत कुमार सिंह ने आर्म्स एक्ट के तहत पिता-पुत्र को पांच-पांच वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई।

एडीजीसी के अनुसार थाना मनकापुर के बरगाहजोत ललकपुर निवासी सुमन ने आरोपी गोरखनाथ व मनोज कुमार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके मुताबिक सुमन का आरोपियों से विवाद हो गया। इस पर उन्होंने अपनी लाइसेंसी बंदूक से वादिनी को मारा पीटा और अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने आरोपियों को पांच-पांच वर्ष की कैद व 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# युवक की हत्या में तीन लोग गिरफ्तार

## खुलासा

- इटियाथोक थानाक्षेत्र में पेड़ से लटका मिला था शव
- गांव की युवती से प्रेम-प्रसंग में गई युवक की जान

मेहनौन, संवाददाता। कोतवाली इटियाथोक बेलवा गांव के रहने वाले राजितराम के बेटे उमाशंकर की हत्या प्रेम-प्रसंग की वजह से हुई थी। बीते शनिवार को हत्या के बाद उमाशंकर का शव सड़क के किनारे पेड़ में लटका मिला था। पीड़ित पिता राजित राम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर इटियाथोक पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

हत्या के खुलासे के लिए सर्विलेंस और एसओजी की संयुक्त टीम को भी लगाया गया था। मृतक उमाशंकर की मोबाइल की कॉल डिटेल और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को साक्ष्य मिले कि उमाशंकर का गांव में ही एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। घटना के कुछ दिन पूर्व उमाशंकर आपत्तिजनक स्थिति में लड़की के घरवालों को दिखाई पड़ा। पुलिस के मुताबिक लड़की के पिता आज्ञाराम ने अपने दामाद मुकेश उर्फ बबलू के साथ उमाशंकर की हत्या की योजना तैयार की। उमाशंकर को फोन के माध्यम से लड़की के घर वालों ने अपने घर बुलाया और घटना को अंजाम देकर लाश को गांव से मुख्य मार्ग को जाने वाली सड़क पर लगे शीशम के पेड़ पर लटका कर फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक करमाकर पांडे ने बताया मृतक उमाशंकर की कॉल डिटेल और साक्ष्यों के आधार पर आज्ञाराम कश्यप निवासी बेलवा, मुकेश उर्फ बबलू निवासी इटियाथोक, बंदना पुत्री आज्ञाराम कश्यप निवासी बेलवा को पेट्रोल टंकी के पास से गिरफ्तार किया गया है।

## विवाहिता की हत्या में पति और सास गिरफ्तार

खोड़ारे। क्षेत्र के एक गांव में पिछले सप्ताह संदिग्ध परिस्थितियों में हुई नवविवाहिता हत्या मामले में पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज करके दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। खोड़ारे थाना क्षेत्र के महाराजगंज ग्रंट मगहरिया में बीते तेरह नवंबर को रात करीब नौ बजे संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता अफसाना खातून की मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंचे मायके के लोगों ने हत्या का अंदेशा जताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने मृतका के पिता नसरुल्लाह निवासी बनकटवा साबरपुर की तहरीर पर उसके पति सास-ससुर सहित पांच लोगों पर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने मृतका के पति वकीउल्लाह व सास सालहा खातून को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें जुटी हैं।

### आईटीआई के छात्र को पीटने और उसके सिर पर पेशाब करने के आरोपियों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

# छात्र से बर्बरता करने का आरोपी दबोचा

**शिकंजा**

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर दर्ज किया गया था मुकदमा
- मुकदमा दर्ज करने के बाद से ही पुलिस सरगर्मी से कर रही थी तलाश



गिरफ्तार आरोपी कप्तान उर्फ भूपेंद्र।

गोण्डा, संवाददाता। आईटीआई के छात्र को पीटने व सिर पर पेशाब करने की घटना के मुख्य आरोपी कप्तान उर्फ भूपेंद्र सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उस पर दर्ज एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमों की लंबी फेहरिस्त भी जारी की है। पुलिस का दावा है कि इस घटना में नामजद अन्य आठ आरोपियों की भी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में एक छात्र को पीटने और उसके सिर पर पेशाब करने की घटना का तीन वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो सामने आने के बाद चौकी इंचार्ज राम आशीष की तहरीर पर नौ दबंगों के विरुद्ध कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। एसपी आकाश तोमर ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। गुरुवार को नगर कोतवाली के निरीक्षक अनिल कुमार सिंह की टीम ने मुख्य आरोपी कप्तान सिंह उर्फ भूपेन्द्र सिंह निवासी सेहरिया वजीरगंज को गिरफ्तार कर लिया। एसपी आकाश तोमर ने बताया कि मामले में आरोपी आठ अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें दबिश दे रही हैं। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**सपा ने ट्विट कर उठाए कानून-व्यवस्था पर सवाल :** आईटीआई छात्र के साथ मारपीट के बाद पेशाब करने की घटना का वीडियो वायरल होने के बाद सपा पार्टी ने ट्वीट कर प्रदेश की योगी सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी ने एक वीडियो के साथ किए गए ट्विट पर तीखे सवाल किए हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी इसे रीट्वीट किया है। उधर, गुरुवार को जिले में सोशल मीडिया पर घटना को लेकर चर्चा रही।

### कप्तान पर चार साल में तीन थानों में दर्ज हुए 16 मुकदमे

गोण्डा। आईटीआई के छात्र की पिटाई कर सिर पर पेशाब करने की घटना का मुख्य आरोपी भूपेंद्र सिंह उर्फ कप्तान पर पिछले चार सालों में तीन थानों में कुल 16 मुकदमे दर्ज कराए गए। सबसे ज्यादा 13 मुकदमे उसके गृह थाने वजीरगंज में दर्ज हैं। वजीरगंज पुलिस उसके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट व गुंडा अधिनियम के तहत भी कार्रवाई कर चुकी है। छात्र पिटाई मामले में गुरुवार को उसकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके आपराधिक इतिहास की एक लंबी फेहरिस्त भी जारी की है।

### वर्ष 2018 में वजीरगंज में दर्ज हुआ था पहला मुकदमा

सेहरिया गांव के साधारण परिवार के कप्तान पर पहला मुकदमा जानलेवा हमले का दर्ज किया गया था। इसके बाद दूसरा मुकदमा 2019 में। वर्ष 2020 में छह, 21 में चार और 22 में अब तक तीन मुकदमें दर्ज किए जा चुके हैं। इसमें चार मुकदमें तो सिर्फ जानलेवा हमले के ही हैं। उसके विरुद्ध एक मुकदमा मोतीगंज तो दो मुकदमें कोतवाली नगर में दर्ज किए गए हैं। वजीरगंज पुलिस ने 2021 में उस पर यूपी गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की और 2022 में गुंडा अधिनियम के तहत भी कार्रवाई कर दी।

# क्षेत्राधिकारियों को नई तैनाती, शिल्पा बनीं सीओ सदर

**संसू, गोंडा :** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने जिले में तैनात पुलिस क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। वहीं शिल्पा वर्मा को क्षेत्राधिकारी सदर बनाया गया है।

एसपी ने बताया कि लक्ष्मीकांत गौतम को सीओ सिटी बनाया गया है। इनके कार्यक्षेत्र में कोतवाली नगर, कोतवाली देहात व थाना खरगूपुर शामिल किया गया है। इन्हें क्षेत्राधिकारी अपराध का भी प्रभार दिया गया है। सीओ सदर शिल्पा वर्मा को इटियाथोक, मोतीगंज व धानेपुर थाना का दायित्व दिया गया है। इसके साथ ही शिल्पा वर्मा को क्षेत्राधिकारी कार्यालय का प्रभार दिया गया है। सीओ सदर रहे विनय सिंह को क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज बनाया गया है। संजय तलवार सीओ मनकापुर व संसार सिंह राठी सीओ तरबगंज बने रहेंगे। सीओ कर्नलगंज मुन्ना उपाध्याय को क्षेत्राधिकारी यातायात बनाया गया है। क्षेत्राधिकारी निर्वाचन व आंकिक का प्रभार भी इन्हें दिया गया है। सौरभ कुमार वर्मा को क्षेत्राधिकारी लाइन बनाया गया है। इनके पास क्षेत्राधिकारी 112, महिला थाना, सहित अन्य शाखाओं का भी प्रभार दिया गया है।

# हत्या मामले में दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास

**जासं, गोंडा** : अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट डा. अनामिका चौहान ने हत्या के मामले में गौहानी शिवलालपुरवा के श्रीचंद यादव व लल्लू यादव को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट उदय प्रताप वर्मा व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अवनीश धर द्विवेदी के मुताबिक वादी ननकऊ यादव ने 11 मई 2015 को एफआइआर कराई थी। वादी के अनुसार उसका भाई जगन्नाथ विवाह मे भोजन बनाने का काम करता था। गांव के ही महादेव ने बताया कि उसका भाई पेड़ से लटका है।

पुलिस विवेचना में श्रीचंद व लल्लू यादव का नाम प्रकाश में आया था। उधर, अपर सत्र न्यायाधीश सर्वजीत कुमार सिंह ने जानलेवा हमले में ललकपुर के गोरखनाथ शुक्ल व मनोज शुक्ल (पिता-पुत्र) को पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ओम प्रकाश शुक्ल ने बताया कि वादिनी सुमन ने 30 मई 2018 को मनकापुर में एफआइआर कराई थी। पीड़िता के मुताबिक गांव के ही पिता-पुत्र ने रंजिश के कारण हमला कर दिया था। इससे उसका सिर फट गया। आरोपितों ने लाइसेंस बंदूक से फायर भी किया था। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। अपर सत्र न्यायाधीश ने पिता-पुत्र को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

## शराब व्यवसाइयों पर धोखाधड़ी का मुकदमा लाइसेंस निलंबित

डीएम डा. उज्ज्वल कुमार के निर्देश पर आबकारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने बुधनीबाजार में शराब की दुकानों का निरीक्षण किया। यहां अवैध रूप से शराब बिक्री करने का मामला प्रकाश में आया। बरामद की गई शराब बिक्री के लिए आवंटित नहीं की गई थी। आबकारी निरीक्षक ने विक्रेता बलरामपुर के बभनपुरवा निवासी रमेश चंद्र उपाध्याय व श्रावस्ती के अरविंद कुमार गुप्ता के खिलाफ खोड़ारे थाने में धोखाधड़ी व जालसाजी का मुकदमा कराया है। डीएम ने विक्रेताओं का लाइसेंस निलंबित करके कारण बताओ नोटिस जारी की है।

# युवक की पिटाई कर अमानवीय कृत्य करने का आरोपित गिरफ्तार

**संसू, गोंडा :** युवक की पिटाई कर उसके मुंह पर पेशाब करने के मुख्य आरोपित कप्तान सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए स्पेशल आपरेशन ग्रुप (एसओजी) सहित तीन टीमों को लगाया गया है।

नगर कोतवाली के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज के सामने दो गुटों में मारपीट का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। इसमें एक युवक की कुछ लोग पिटाई करते नजर आ रहे हैं। युवक गिड़गिड़ाता रहा लेकिन, आरोपित उसकी पिटाई करते रहे। इतना ही नहीं युवक से अभद्रता कर उसके मुंह पर पेशाब भी किया गया। इसका भी वीडियो बनाया गया है। घटना 31 अक्टूबर की बताई जा रही है। उप निरीक्षक राम आशीष की तहरीर पर दोनों गुटों के आठ लोगों के खिलाफ मारपीट, अमानवीय कृत्य करने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया है।

शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज के सामने गत 31 अक्टूबर को कप्तान सिंह, अंशुमान सिंह, सुधाकर सिंह, विवेक, अंकित व शिवा सिंह के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दो गुटों के बीच असलहे भी निकल आए। इसके बाद एक युवक को कुछ लोग पीटते हुए कालेज मैदान में लेकर गए। वहां उसके मुंह पर पेशाब भी किया। बुधवार को युवक की पिटाई व उसके साथ अमानवीय कृत्य किए जाने का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा लिखा है। वजीरगंज थाना के चड़ौवा के रहने वाले शिवा सिंह का कहना कि वह गत 31 अक्टूबर को अपने भाई से मिलने गायत्री पुरम गया था। घर वापस जाते समय विपक्षियों ने उसकी पिटाई कर दी। उसके साथ अमानवीय कृत्य भी किया गया। इतना ही नहीं पुलिस ने उसे ही अवैध असलहा के मामले में जेल भेज दिया था। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने कहा कि पहले किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी थी। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने कहा कि मारपीट कर अमानवीय कृत्य करने के मुख्य आरोपित वजीरगंज के सेहरिया निवासी कप्तान सिंह उर्फ भूपेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया गया है। कप्तान के खिलाफ विभिन्न थानों में 15 आपराधिक मुकदमा है।



नगर कोतवाली में गिरफ्तार आरोपित के साथ पुलिसकर्मी ● जागरण

# साजिश के तहत खाता खोलवाने वालों के खिलाफ मुकदमा करने का आदेश

**संसू, गोंडा :** प्रधानमंत्री योजना का लाभ दिलाने के नाम पर प्रधान डाकघर में गत अक्टूबर में करीब 35 लोगों का खाता खोला गया। चौंकाने वाली बत यह रही कि खाताधारकों को खबर भी नहीं लगी और उनके खाते से आनलाइन एक करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन हो गया। साजिश के तहत खाता खोलवाने वालों के खिलाफ के खिलाफ मुकदमा करने का आदेश पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने दिया है।

नगर कोतवाली के फोरबिसगंज पंत नगर के रहने वाले अशोक विश्वकर्मा, शुभम, सुरेंद्र कुमार, सुरैया, साजिया बानो, तबस्सुम, गुड्डू, सोनी, रईस, सुशीला सहित अन्य ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। कहा कि बीते अक्टूबर में पंत नगर व परेड सरकार गांव के रहने वाले तीन लोगों ने उन्हें प्रधानमंत्री सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर प्रधान डाक घर में खाता खोलवाया था। आरोपितों ने कहा कि नवंबर में उन लोगों के खाते में दस-दस हजार रुपये आ जाएंगे। पीड़ितों का कहना है कि खाता खोलवाने के समय तीनों आरोपितों ने उन लोगों के बजाए अपनों का मोबाइल नंबर फीड करा दिया। इससे उनके खाते के लेनदेन सहित अन्य किसी की जानकारी उन लोगों को नहीं हो सकी। अशोक, शुभम, सुरेंद्र कुमार, तबस्सुम ने बताया कि तीन दिन पूर्व उन्हें डाक विभाग से खाता संचालन को लेकर नोटिस मिली।

जानकारी की गई तो पता चला कि उनके खाते से तीन लाख से आठ लाख रुपये तक का आनलाइन लेन देन किया गया है।

# बाल अपराधों के प्रति किया जागरूक

करनैलगंज (गोंडा)। जूनियर बेसिक विद्यालय स्टेशन रोड पर गुरुवार को सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा को लेकर मिशन शक्ति टीम ने जागरूकता अभियान चलाकर स्कूली बच्चों व बालिकाओं को जागरूक किया।

महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराधों जैसे- छेड़छाड़, शोषण, दहेज उत्पीड़न, बाल अपराध, एसिड अटैक, सोशल मीडिया के माध्यम से उत्पीड़न, इत्यादि की रोकथाम व बच्चों को विद्यालय न भेजने वाले अभिभावकों से संपर्क स्थापित कर जागरूक किया।

मिशन शक्ति अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम चौकी कस्बा अंतर्गत स्थित जूनियर बेसिक विद्यालय स्टेशन रोड पहुंची।

मिशन शक्ति व यातायात माह नवंबर जागरूकता अभियान के दृष्टिगत कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं से संवाद किया। हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के सन्दर्भ में जागरूक किया गया।

इस मौके पर आरक्षी अभय प्रताप यादव व महिला आरक्षी ममता भारती मौजूद रहे। इधर, बेलसर के शिव शक्ति इंटर कॉलिज, पकड़ी में पुलिस ने यातायात जागरूकता पाठशाला का आयोजन किया। प्रधानाचार्य राधेश्याम दुबे, आरक्षी वीरेन्द्र प्रताप, नीरज वर्मा, अंकुर सिंह उपस्थित रहे। (संवाद)

# हत्यारोपी पिता-पुत्री समेत तीन गिरफ्तार

इटियाथोक (गोंडा)। प्रेम प्रसंग के चलते हुई किशोर की हत्या के एक मामले में पुलिस ने आरोपी पिता, पुत्री व दामाद को गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष पेश किया। जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।

रविवार को थाना क्षेत्र के बेलवा कर्मडीह गांव के निवासी उमाशंकर चतुर्वेदी (18) पुत्र राजित राम का शव गांव के पास शीशम के पेड़ से लटकता मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत गला दबाने से होने की बात सामने आने के बाद पुलिस की जांच में पूरा मामला प्रेम प्रसंग में हुई हत्या का मिला।

प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि उमाशंकर को गांव निवासी एक युवती के साथ आपत्तिजनक अवस्था में देख लड़की के घरवाले भड़क उठे। इयुवती के पिता आज्ञाराम कश्यप ने अपनी लड़की व दामाद मुकेश के साथ मिलकर उमाशंकर की गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को पेड़ से लटका दिया था।

पुलिस ने हत्या के तीनों आरोपियों को पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर गुरुवार को कोर्ट में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया। संवाद

# अवैध शराब की बिक्री पर मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

## डीएम ने निलंबित किया दुकान का लाइसेंस, निस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू

गोंडा। खोंडारे थाना के बुधनी बाजार में विदेशी मदिरा की दुकान में अवैध शराब की बिक्री होते पायी गई। डीएम के आदेश पर अबकारी निरीक्षक मनकापुर सत्येंद्र सिंह ने दुकान की जांच की।

दुकान पर रखे मदिरा में से तीन बोतल मास्टर ब्लैंड ब्रांड एक व बी ब्रांड के सात तथा हाफ इंपीरियल ब्लू ब्रांड के 11 बोतल संदिग्ध मिले। जिसकी यूपी एक्साइज एप से स्कैन कर जांच किया। छानबीन में पता चला कि यह मदिरा दुकान के लिए आवंटित ही नहीं है। इसकी बिक्री अवैध हो रही है। मामले में दुकान के लाइसेंस धारक रमेश चन्द्र उपाध्याय निवासी बभनपुरवा सादुल्लानगर बलरामपुर तथा विक्रेता अरविंद कुमार गुप्ता निवासी तेंदुआ पंडित, थाना व तहसील इकौना, श्रावस्ती के विरूद्व खोडारे थाने में केस दर्ज कराया। इसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को दी गई है।

जिलाधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार ने बताया कि दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। साथ ही निरस्तीकरण की प्रकिया शुरू कर दी गई है। लाइसेंसधारक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

# दो को पीटा, छह पर केस

परसपुर (गोंडा)। थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न कारणों को लेकर दो लोगों की लाठी-डंडे से पिटाई कर दी गई, जिससे वह घायल हो गए। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम पूरे लाली दीनपुरवा निवासी गीता ने बताया कि उसका बेटा प्रिंस बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे ग्राम दुरैनी सरदार पुरवा निवासी रामसेवक गौतम के घर निमंत्रण में गया था। वहां किसी बात पर प्रिंस की रामसेवक व उसके भाई ननके गौतम से कहासुनी हो गई। दोनों ने प्रिंस की लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। गीता की तहरीर पर रामसेवक व ननके के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। उधर, ग्राम परसपुर गिर्द गंगापुरवा के रहने वाले विकास सिंह ने बताया कि रोटावेटर के विवाद को लेकर गांव के ही तेज बहादुर सिंह, महावीर सिंह, विवेक सिंह व ग्राम राजापुर निवासी दिलीप सिंह ने उसकी पिटाई कर दी। (संवाद)

# छात्र के साथ अमानवीय कृत्य करने में एक गिरफ्तार

गोंडा। नगर कोतवाली क्षेत्र के टामसन इंटर कॉलेज में छात्र से मारपीट करने व अमानवीय कृत्य किए जाने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। गुरुवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी कप्तान सिंह उर्फ भूपेंद्र सिंह निवासी ग्राम सेहरिया वजीरगंज को गिरफ्तार किया है। जबकि अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम दबिश दे रही है।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि छात्र के साथ मारपीट व अमानवीय कृत्य का वीडियो वायरल होने के बाद कोतवाली नगर पुलिस को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के पर्यवेक्षण में टीमें गठित की गई थीं। बताया कि आरोपी कप्तान सिंह उर्फ भूपेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की तलाश की जा रही है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 18-11-2022

# नेपाल में चुनाव को लेकर सीमा सील

## भारत-नेपाल की समन्वय बैठक में सुरक्षा सहित कई अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा




एसएसबी मुख्यालय पर नेपाल से आए अधिकारियों का स्वागत करते डीएम डॉ. महेंद्र कुमार व अन्य। -संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बलरामपुर।** पड़ोसी देश नेपाल में आगामी 20 नवंबर को आम चुनाव होना है। इसको लेकर भारत-नेपाल सीमा सील कर दी गई है। साथ ही भारत-नेपाल सीमा पर पेट्रोलिंग भी बढ़ा दी गई है। भारत-नेपाल की समन्वय बैठक में सुरक्षा सहित अन्य कई मुद्दों पर दोनों देशों के अधिकारियों के बीच रणनीति तय की गई।

एसएसबी मुख्यालय पर नेपाल से आए सभी अधिकारियों का डीएम डा. महेंद्र कुमार ने स्वागत किया। नेपाल दांग जिले के मुख्य जिलाधिकारी हीरा लाल रेजमी ने आम चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए 72 घंटे पूर्व नेपाल सीमा सील किए जाने तथा बार्डर पर पेट्रोलिंग बढ़ाने में सहयोग की अपेक्षा की।

हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए डीएम ने कहाकि नेपाल में चुनाव को देखते हुए सीमा सील कर दी गई है। बैठक में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच सीमा स्तंभ, मादक पदार्थ व मानव तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने, सीमा पर हो रहे सड़क निर्माण, सीमा पर अवांछनीय गतिविधियों पर लगाम लगाए जाने तथा वन संपदा की सुरक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। दोनों देशों के अधिकारियों ने इन मुद्दों पर तय की गई रणनीति को अमल में लाए जाने की बात कही।

दांग जिले के मुख्य जिलाधिकारी ने डीएम बलरामपुर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं डीएम ने नेपाल के अधिकारियों को स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार की गई पेंटिंग भेंट की।

इस अवसर पर एसपी दांग वीर बहादुर, पुलिस अधीक्षक नेपाल प्रहरी विनोद केसी, नेपाल के कस्टम आफीसर बसंत राजौर, एसपी बलरामपुर राजेश कुमार सक्सेना, एसएसबी 9वीं वाहिनी के कमांडेंट उपेंद्र रावत, एडीएम न्यायिक डा. ज्योति गौतम व एसडीएम तुलसीपुर मंगलेश दूबे सहित एसएसबी 50वीं वाहिनी एवं 62वीं वाहिनी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### एसएसबी और सीमा स्थित सभी थानों की पुलिस भारत-नेपाल बार्डर की करेगी निगरानी

# नेपाल में 20 को आम चुनाव, सीमा सील

**चौकसी**



एसएसबी नौवीं वाहनी मुख्यालय सभागार में बैठक में चर्चा करते इंडो-नेपाल अफसर

बलरामपुर, संवाददाता। पीलीभीत गांव स्थित एसएसबी नौवीं वाहनी मुख्यालय पर इंडो नेपाल अधिकारियों की बैठक में नेपाल में होने जा रहे आम चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई। तय हुआ कि 72 घंटे पूर्व यानी गुरुवार देर रात नेपाल की सीमा सील कर दी जाएगी। एसएसबी व सीमा स्थित सभी थानों की पुलिस बार्डर की निगरानी करेगी। यह देखा जाएगा कि कोई भी अराजक तत्व भारतीय क्षेत्र से नेपाल की सीमा में घुसने न पाए। साथ ही इंडो-नेपाल अधिकारियों ने सीमा स्तंभों की सुरक्षा तथा मादक पदार्थों एवं मानव तस्करी को रोकने पर जोर दिया। वन संपदा की सुरक्षा पर भी व्यापक चर्चा की गई।

पड़ोसी देश नेपाल में 20 नवंबर को आम चुनाव होना है। भारत-नेपाल के बीच सदियों से रोटी-बेटी का संबन्ध रहा है। दोनों देशों के लोगों का निर्बाध आवागमन बना रहता है। चुनाव के मद्देनजर नेपाल राष्ट्र में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। शान्तिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से नेपाल के अधिकारी यहां उच्चाधिकारियों से चर्चा करने आए थे। नेपाल राष्ट्र स्थित दांग जिले के मुख्य विकास अधिकारी हीरा लाल रेजमी ने कहा कि दोनों देशों के बीच सदियों पुराना संबन्ध है। आवश्यकता पड़ने पर एक दूसरे की मदद करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। कहा कि गुरुवार देर शाम नेपाल की सीमा सील कर दी जाएगी। एसपी राजेश कुमार सक्सेना से सहयोग मांगते हुए बोले कि किसी भी अवांछनीय तत्व का प्रवेश नेपाल में होने से रोकें। मानव तस्करी की घटनाएं बहुत हद तक कम हो गई हैं। जिसमें भारतीय पुलिस का सक्रिय सहयोग रहा है। मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर यहां की पुलिस का शिकंजा कसा है। दोनों देशों को और सतर्क रहने की जरूरत है। सीमा स्तंभों की निगरानी सुरक्षा बलों को करना आवश्यक है। अराजक तत्व स्तंभों से भी छेड़छाड़ कर सकते हैं। डीएम डा. महेन्द्र कुमार ने दांग के सीडीओ को पूरी तरह सहयोग करने का भरोसा दिलाया। कहा कि सीमा सील होते ही भारतीय क्षेत्र में पेट्रोलिंग शुरू कर दी जाएगी। इसमें एसएसबी के जवान भी मुस्तैद रहेंगे। डीएम ने दांग के सीडीओ स्वयं सहायता समूह की ओर से बनाई गई पेंटिंग भेंट की।

### वन संपदा की सुरक्षा पर हुई देर तक चर्चा

इंडो नेपाल अधिकारियों ने वन संपदा की सुरक्षा पर भी चर्चा की। एक दशक पूर्व नेपाली वन माफिया सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के भांभर रेंज में सक्रिय थे। दारा पहाड़ी नाला दोनों देशों की सीमा का निर्धारण करता है। नेपाल के लोग भारतीय क्षेत्र में घुसकर कीमती वृक्षों को काटकर उठा ले जाते थे। नेपाल के सीमावर्ती गांव में छोटी आरा मशीनें लगी थीं, जिनसे लकड़ियों चीरकर मनचाहा आकार दिया जाता था। भारतीय क्षेत्र में वन विभाग व नेपाल में एसएसबी की सख्ती से यह गोरखधंधा न के बराबर रह गया है। दांग के सीडीओ हीरा लाल रेजमी ने कहा कि नेपाल राष्ट्र इस विषय पर सख्त है। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने नेपाल में होने जा रहे आम चुनाव में सक्रिय योगदान देने की बात कही। इस अवसर पर श्रावस्ती के एसपी, नेपाल के पुलिस अधीक्षक प्रहरी वीर बहादुर, पुलिस अधीक्षक दांग, अपर इनवेस्टीगेशन डायरेक्टर विनोद केसरी, नौवीं वाहनी बटालियन एसएसबी के कमांडेंट, उपेन्द्र तिवारी, 50वीं वाहनी एसएसबी के सेना नायक आदि मौजूद रहे।

# सड़क की पटरियों पर कब्जा किया

ललिया। शिवपुरा बाजार के ब्लाक चौराहा पटरी के दोनों तरफ फल, सब्जी आदि के ठेला लगाने से सड़क पर वाहनों की कतार लग जाती है। बाजार निवासी संतोष कुमार, दिनेश कुमार, विकास कुमार, विश्वनाथ, प्रताप नारायण, राजेश कुमार, राकेश कुमार ने बताया कि इस चौराहे पर सीएचसी व ब्लाक आने जाने वाले लोगों को कठिनाइयां हो रही है। लोगों ने अतिक्रमण हटवाने की मांग अधिकारियों से की है।

# अवैध तरीके से शुल्क वसूलने का आरोप

तुलसीपुर। नेपाल भारत से सटे वित्त मंत्रालय भारत सरकार के राज्य सीमा शुल्क केंद्र कार्यालय जरवा पर नेपाली मोटरसाइकिल चालकों से अवैध वसूली होने का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इसके बदले उन्हें एक रसीद दी जाती है। इससे सब्जियों के आयात-निर्यात पर कस्टम के प्रतिबंध से दोनों देशों के मैत्रिक संबंधों पर भी असर पढ़ रहा है।

नेपाल के दांग जिला निवासी श्रीकांत चौधरी ने बताया कि कस्टम कार्यालय जरवा पर मोटरसाइकिल चालकों से 30 रुपए वसूली की जा रही है। कस्टम कार्यालय जुलाई में संचालित हुआ है।

# पुलिस उपाधीक्षक का प्रशिक्षण पूर्ण होने पर मिला स्टार



प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद पुलिस उपाधीक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह ( मध्य ) को स्टार लगाते एसपी राजेश कुमार सक्सेना ( बाएं ) व तुलसीपुर सीओ कुंवर प्रभात सिंह ( दाएं )

● फोटो पुलिस मीडिया सेल

# दुष्कर्म आरोपित को आजीवन कारावास

**संसू, बलरामपुर** : नगर कोतवाली की पुलिस ने दुष्कर्म आरोपित को आजीवन कारावास की सजा दिलाने में सफलता पाई है। न्यायालय ने अभियुक्त शिवमंगल तिवारी निवासी बिशुनीपुर को आजीवन कारावास के साथ 39 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि एक महिला ने अभियुक्त के विरुद्ध शादी का ढोंग रचाकर दुष्कर्म करने, गालीगलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की तहरीर दी थी। शिवमंगल के विरुद्ध नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी श्रीश्चंद्र को सौंपी गई थी। मानीटरिंग सेल प्रभारी केके यादव, विशेष लोक अभियोजक रणधीर सिंह की ओर से मामले में प्रभावी पैरवी की गई। न्यायालय ने अभियुक्त को दोषसिद्ध ठहराते हुए आजीवन कारावास व जुर्माना की सजा सुनाई है।

# दो आरोपित गिरफ्तार

**हरैया सतघरवा :** पुलिस ने जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के मंगराकोहल निवासी श्रीपति आर्य व वीरेंद्र आर्य को जेल भेज दिया गया है।(संसू)

# 72 घंटे सील रहेगी सीमा, नेपाल आवागमन बंद

## एसएसबी कैंप में हुई बैठक, नेपाल में 20 नवंबर को है आम चुनाव, सहयोग के लिए अपील

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** नेपाल में 20 नवंबर को आम चुनाव है। नेपाल के अधिकारियों ने स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से आम चुनाव कराने के लिए सहयोग की अपील की है। गुरुवार आधी रात 12 बजे जिले से लगी नेपाल सीमा सील कर दी गई। नेपाल जाने वाले सभी रास्तों पर आवागमन बंद हो गया है। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही सीमा पर आवागमन बहाल किया जाएगा। नेपाल में होने वाले आम चुनाव को लेकर दोनों देश के जिला स्तरीय अधिकारियों के बीच समन्वय बैठक एसएसबी कैंप में हुई।



एसएसबी मुख्यालय पर नेपाल मे चुनाव को लेकर एसएसबी व पुलिस अधिकारियो के साथ बैठक के बाद जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार (दाएं) को स्मृति चिन्ह देते नेपाल के दांग जिले के मुख्य जिलाधिकारी हीरा लाल रेजमी (बाएं) ● फोटो सूचना विभाग

जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार ने नेपाल से आए अधिकारियों का स्वागत किया। नेपाल के दांग जिले के मुख्य जिलाधिकारी हीरा लाल रेजमी ने आम चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए 72 घंटे पहले सीमा सील किए जाने, पेट्रोलिंग बढ़ाने व अराजकतत्वों पर नजर रखने के लिए सहयोग करने की अपेक्षा की। सीमा स्तंभों पर चौकसी बढ़ाने, मादक पदार्थों व मानव तस्करी, सीमा पर सड़क निर्माण, अवांछनीय गतिविधियों पर अंकुश लगाने और वन संपदा की सुरक्षा सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार ने हर स्तर पर सहयोग करने का भरोसा दिलाते हुए दांग जिले के मुख्य जिलाधिकारी को स्वयं सहायता समूह की ओर से बनाई गई पेंटिंग भेंट की।

- गुरुवार आधी रात 12 बजे जिले से लगी नेपाल सीमा कर दी गई सील, आने जाने के सभी रास्ते हुए बंद

कहा कि बैठक में जिन मुद्दों पर चर्चा की गई है, उन बातों पर पूरी तरह से अमल कराया जाएगा। सीमावर्ती सभी थानों के साथ एसएसबी पूरी तरह मुस्तैद है। दांग जिले के मुख्य जिलाधिकारी ने डीएम डा. महेंद्र कुमार को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। एसएसबी नौवीं, 50वीं व 62वीं वाहिनी की ओर से सहयोग के लिए सुझाव दिए गए। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर राजेश कुमार सक्सेना, पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविंद कुमार मौर्य, पुलिस अधीक्षक नेपाल प्रहरी विनोद केसरी, पुलिस अधीक्षक दांग वीर बहादुर, एसएसबी नौवीं वाहिनी के कमांडेंट उपेंद्र तिवारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डा. ज्योति गौतम व उप जिलाधिकारी तुलसीपुर मंगलेश दूबे मौजूद रहे।

# बर्दाश्त नहीं की जाएगी जांच करने में लापरवाही

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** लंबित विवेचनाओं का निस्तारण तय समयावधि में सुनिश्चित किया जाए। सीओ स्तर के अधिकारी नियमित तौर पर इसका पर्यवेक्षण सुनिश्चित करे। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता और देरी बर्दाश्त नहीं होगी। यह चेतावनी गुरुवार को एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने दी। वह महाराजगंज तराई में आयोजित बैठक में पुलिस से जुड़े काम काज की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने लंबित विवेचनाओं से जुड़े मामलों के साथ ही वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी, आईजीआरएस से आने वाली शिकायतों के निस्तारण, रात्रि गश्त, वाहन चेकिंग में कार्रवाई तथा अवैध शराब की धरपकड़ से जुड़े कार्यों की समीक्षा की।

बैठक के बाद एसपी ने पैदल गश्त कर इलाके में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया। बैठक में सीओ ललिया राधारमण सिंह व सीओ प्रशिक्षण राघवेंद्र प्रताप सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**बलरामपुर।** उतरौला क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन न्यायिक तहसीलदार उतरौला को सौंपा। ज्ञापन में बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान किए जाने, छुट्टा मवेशियों की समस्या से निजात दिलाए जाने, गोदहना गांव में बाढ़ राहत किट वितरण की जांच कराए जाने, ग्राम सभा की जमीन से अवैध कब्जा हटवाए जाने तथा ग्राम पंचायत रामपुर बगनहा के मजरे मंगलनडेरा का विद्युतीकरण कराए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपते समय भाकियू जिलाध्यक्ष तिलक राम वर्मा, राम उग्रह वर्मा, विजय यादव, बनवारी लाल, मनी राम, अंबिका प्रसाद व राज बहादुर शर्मा आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म मामले में दोषी को आजीवन कारावास

बलरामपुर। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के मामले में वृहस्पतिवार को विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट विनोद कुमार पंचम ने फैसला सुनाया है। इस मामले में एक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

मॉनीटरिंग सेल प्रभारी केके यादव ने बताया कि वर्ष 2014 में एक युवती ने कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि गांव के ही एक युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मारपीट की गई। विवेचना सीओ श्रीशचंद्र ने करके न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट विनोद कुमार पंचम ने प्रकरण की सुनवाई की।

उभय पक्षों की बहस सुनने के बाद न्यायालय ने शिव मंगल तिवारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने 39 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। एसपी राजेश कुमार सक्सेना के निर्देशन में आपरेशन शिकंजा के तहत इसकी पैरवी विशेष लोक अभियोजक रणधीर सिंह ने की। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 18-11-2022

# यातायात पुलिस ने 77 वाहनों को किया चालान

बहराइच । विभिन्न चौराहों-तिराहों पर यातायत नियमों से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया। ट्रैक्टर-ट्रालियों, पिकअप, मैक्स व अन्य कामर्शियल गाड़ियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया। इसके अतिरिक्त वाहन चेकिंग अभियान के तहत 77 वाहनों से 2. 70 लाख रुपए का चालान किया गया। जिसमें तीन ऐसे वाहनों का चालान किया गया। जो नो एंट्री क्षेत्र में संचालन करते हुए पाए गए। गल्ला मंडी चौकी के पास हाईवे सड़क पर खड़े वाहनों को सड़क से हटवाया गया। चालान किया गया व अवैध टैक्सी व बस स्टैंड बना कर वाहनों का संचालन न करने को अपील किया गया। दो पहिया वाहन चालकों को सदैव हेलमेट व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने व वाहन संचालन करते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने को जागरूक किया गया।

# वाराणसी के लिए इंटरसिटी का संचालन शुरू

**जासं, बहराइच** : काशी विश्वनाथ के लिए बहराइच से वाराणसी के बीच बीते डेढ़ माह से बंद चल रही इंटरसिटी ट्रेन का संचालन फिर से शुरू हो गया है। ट्रेन संचालन होने से रेल यात्रियों में हर्ष व्याप्त है।

लंबे इंतजार के बाद गुरुवार से इंटरसिटी पटरी पर दौड़ने लगी। ट्रेन संचालन के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। पुराने समय पर ही ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। 22 अगस्त से शुरू हुआ था। एक माह बाद तक संचालन होने के बाद 23 सितंबर से ट्रेन का संचालन बंद कर दिया गया था।




बहराइच रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ी इंटरसिटी ट्रेन ● जागरण

वाराणसी डिवीजन में एनआई (नान इंटरलाकिंग) का कार्य शुरू होने के चलते ट्रेन संचालन को रोक दिया गया था। चार अक्टूबर से पुनः इसके संचालन की बात कही गई थी, लेकिन कार्य पूरा न होने के कारण यात्रियों के मंसूबों पर पानी फिर गया।

इंटरलाकिंग कार्य पूरा होने के बाद बनारस से चलकर बुधवार देर रात 11 बजे बहराइच पहुंची। गुरुवार सुबह नियति समय पर ट्रेन बहराइच से वाराणसी के लिए रवाना की गई। रेलवे स्टेशन मास्टर गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि यार्ड का पूरा होने के बाद इसका संचालन फिर शुरू किया गया है।

# नेपाल में चुनाव, 72 घंटे सील रहेगी सीमा

**संसू, बहराइच:** नेपाल में 20 नवंबर को आम चुनाव है। गुरुवार आधी रात 12 बजे जिले से लगी नेपाल सीमा सील कर जाएगी। इससे रुपईडीहा सीमा पर आवागमन बंद हो जाएगा। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही सीमा पर आवागमन बहाल किया जाएगा।

नेपाल के अधिकारियों ने स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से आम चुनाव कराने के लिए सहयोग की अपील की है। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने बताया कि पड़ोसी देश में चुनाव के मद्देनजर प्रशासन अलर्ट है। एएसपी देहात अशोक कुमार ने कहा कि रुपईडीहा बार्डर पर सक्रियता बढ़ा दी गई है। एसएसबी के साथ पुलिस कर्मी भी मौजूद रहेंगे।



भारत-नेपाल का रुपईडीहा बार्डर ● जागरण

# धारा बढ़ाने के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जाएगा जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** तांत्रिक द्वारा दुष्कर्म करने के बाद गंभीर हालत में इलाज के लिए भर्ती कराई गई युवती ने लखनऊ में बुधवार को दम तोड़ दिया। दुष्कर्म पीड़िता की मौत के बाद पुलिस के हाथ-पांव फूल गए।

आरोपी तांत्रिक से पुलिस अभी कोसों दूर नजर आ रही है। शायद यही कारण है कि अभी तक पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। एसपी ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजना का निर्देश दिया है।

देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 26 वर्षीय युवती से तांत्रिक ने बीमारी ठीक करने का झांसा देकर अपने पास बुलाया। आरोप है कि

## लखनऊ में इलाज के दौरान दुष्कर्म पीड़िता की मौत के बाद पुलिस के फूले हाथ-पांव

तांत्रिक ने युवती से दुष्कर्म किया। युवती को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया था। युवती की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई।

युवती का शव बृहस्पतिवार को बहराइच लाया गया। जहां पर पोस्टमार्टम की कार्रवाई करने के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। एसपी केशव चौधरी ने बताया कि प्रकरण में देहात कोतवाली पुलिस को निर्देश दिया गया है कि धारा की बढ़ोतरी कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए।

# निकाय चुनाव को चुनौती के रूप में स्वीकार करें



## निर्वाचन व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए डीएम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बहराइच।** नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के लिए कलेक्ट्रेट में डीएम ने बैठक की। बैठक में अब तक की गयी तैयारियों की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने सभी प्रभारी अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन जैसे अतिमहत्वपूर्ण कार्य को राज्य निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप कराये जाने को एक चुनौती के रूप में स्वीकार करें।

डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक स्तर पर राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करा जाए। सभी अधिकारियों से कहा कि मतपत्र का नमूना तैयार करते समय अभ्यर्थियों के नामों को अंकित करने में पूरी सावधानी बरती जाए, ताकि इनमें किसी प्रकार की त्रुटि न रहने पाये। जिला निर्वाचन योजना/सांख्यिकी सूचना के संबंध में डीएम ने निर्देश दिया कि बुकलेट की तैयारी में भी ऐसी ही बातों का ख्याल रखें, ताकि सभी विवरण पूरी तरह से शुद्ध रहें।

जिलाधिकारी ने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सभी अधिकारी जिन्हें पूर्व में भी ऐसे चुनौतीपूर्ण कार्यों को संपन्न कराये जाने का अनुभव है, सौंपी गयी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर जनपद में फ्री एंड फेयर इलेक्शन सम्पन्न कराएंगे। मौके पर सीडीओ कविता मीना, एडीएम मनोज, एसडीएम सदर सुभाष सिंह धामी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राकेश कुमार मौर्या, जिला विकास अधिकारी महेंद्र कुमार पांडेय, वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति समेत अन्य मौजूद रहे।

# मुकदमा दर्ज करवा कर सील किए जाएंगे अवैध नर्सिंग होम

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** अवैध क्लीनिकों व अस्पतालों के विरुद्ध कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। हालात यह हैं कि जिस चिकित्सा केंद्र के विरुद्ध कार्रवाई के लिए डीएम द्वारा स्वास्थ्य विभाग को आदेश दिया जाता है। वहां भी विभागीय अधिकारी महज खानापूर्ति करते हैं। इसका संज्ञान लेते हुए नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय ने शीघ्र ही अभियान चलाकर ऐसे निजी क्लीनिकों व अस्पतालों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराने व उन्हें सील करने की बात कही है।

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में 35 क्लीनिक व 63 अस्पताल संचालित हो रहे हैं, लेकिन हालात यह हैं कि शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी चौक चौराहों व गली मोहल्लों में बिना रजिस्ट्रेशन व मानक के निजी अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है। इन अस्पतालों में न तो योग्य चिकित्सक हैं न ही आवश्यक उपकरण। बेहतर इलाज के नाम पर सिर्फ मरीजों का शोषण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन अस्पतालों की जांच भी नहीं की जाती है।

बीते अगस्त माह में पयागपुर विधायक द्वारा शिकायत करने पर डीएम डॉ.दिनेश चंद्र ने पयागपुर सीएचसी का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान यहां तैनात

## अधोमानक मिलने पर रद्द कर दिया जाएगा रजिस्ट्रेशन

> बिना रजिस्ट्रेशन व अधोमानक संचालित होने वाले निजी क्लीनिकों व अस्पतालों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया जाएगा। जिन अस्पतालों में पहले मिली खामियों के आधार पर कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। वह संचालित होते पाए गए तो मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।
>
> **-ज्योति राय,** नगर मजिस्ट्रेट

चिकित्सक डॉ.अतुल मिश्रा द्वारा जिला चिकित्सालय पर निजी नर्सिंग का संचालन किए जाने की सूचना मिली थी। जिस पर डीएम ने नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय व सीएमओ डॉ.एसके सिंह के नेतृत्व में जांच टीम का गठन कर कार्रवाई के आदेश दिए थे। जांच के दौरान नर्सिंग होम बिना रजिस्ट्रेशन संचालित होते पाया गया।

यहां पीआईसीयू का संचालन भी किया जा रहा था। जबकि मौके पर कोई भी योग्य चिकित्सक नहीं मौजूद था। सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा यहां भर्ती मरीजों को जिला चिकित्सालय में स्थानांतरित कर नर्सिंग होम बंद कराने के लिए सीएमओ को आदेश दिया था, लेकिन आज भी यह नर्सिंग होम बिना रजिस्ट्रेशन संचालित किया जा रहा है। यही हाल अन्य निजी क्लीनिकों व अस्पतालों का भी है।

SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-11-2022

# नियम उल्लंघन पर 199 वाहनों का चालान

श्रावस्ती। सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात व पुलिस की ओर से लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत199 वाहनों का यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। इनका चालान कर वाहन स्वामियों पर दो लाख 92 हजार 700 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# रंजिश में युवक की पिटाई कर किया घायल

जमुनहा। थाना मल्हीपुर के गडरियनपुरवा निवासी मिश्रीलाल पुत्र सुक्खा ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि पुस्तैनी जमीन के विवाद में मनोज कुमार, त्रिभवन प्रसाद पुत्रगण जगदेव, रेखा देवी पत्नी मनोज कुमार व जगदेव की पत्नी आपस में गाली गलौज कर रहे थे। उसके द्वारा मना करने पर सभी ने मिश्रीलाल की लाठी डण्डो से बुरी तरह पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# 70 लीटर कच्ची शराब बरामद

श्रावस्ती। अवैध शराब बनाने के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आबकारी निरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह, उमाशंकर चौधरी और बलराम सिंह की संयुक्त टीम ने थाना न्यू मॉडर्न श्रावस्ती के ककरा गांव में दबिश दी। दबिश के दौरान 70 लीटर शराब बरामद की गई और 240 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट कर कुल पांच अभियोग पंजीकृत कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

# धोखाधड़ी के आरोपी की संपत्ति जब्त होगी

## आदेश

गिरंटबाजार। धोखाधड़ी के वांछित आरोपी के खिलाफ धारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा की कार्रवाई की गई। इसके लिए आरोपी के घर नोटिश जारी कर एक महीन के अन्दर न्यायालय में हाजिर हो कहा गया है। हाजिर न होने पर आरोपी के सभी सम्पति की कुर्की की जाएगी।

मल्हीपुर थाना क्षेत्र के गिरंटबाजार निवासी इस्लाम उर्फ भूरे पुत्र मुस्तकीम के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की ओर से निरंतर दबिश दी जा रही है। लेकिन आरोपी फरार है। न्यायालय ने आरोपी इस्लाम उर्फ भूरे के विरुद्ध 14 नवंबर को धारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा का आदेश जारी किया गया। जिसके अनुपालन में बुधवार को मल्हीपुर प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक उमेश सिंह की ओर से टीम के साथ इस्लाम उर्फ भूरे के घर पर धारा 82 सीआरपीसी की नोटिस चस्पा किया गया तथा प्रचार-प्रसार कर मुनादी कराई गई।



धोखाधड़ी के वांछित के घर चस्पा की गई कुर्की की नोटिस।

# शातिर गुण्डा व जिलाबदर अपराधी बंदी

## शिकंजा

**श्रावस्ती, संवाददाता।** अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने वांछित चल रहे शातिर गुण्डा व जिलाबदर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। अपराधी को थाने लाकर जेल भेज दिया गया।

गिलौला थाने के प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र राय के कुशल निर्देशन में गुरुवार को उपनिरीक्षक राज किशोर वर्मा की ओर से टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण व एचएस निगरानी किया जा रहा था। तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जिला बदर अपराधी अंगनू पुत्र राम सनेही निवासी कटहा थाना गिलौला को ग्राम कटहा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी अंगनू पुत्र रामसनेही एक शातिर गुंडा व जिला बदर अपराधी है। 26 जुलाई 2022 में जिला मजिस्ट्रेट श्रावस्ती की ओर से उसे जिला बदर अपराधी घोषित किया गया था। नोटिस निर्गत के बावजूद भी जनपद में निवास करते हुए पाया गया। गिरफ्तारी के आधार पर गुरुवार को थाना गिलौला में वांछित धाराओं समेत उत्तर प्रदेश गुण्डा निवारण अधिनियम में मामला पंजीकृत किया गया है। अंगनू अपराधिक प्रवृत्ति का एक शातिर गुंडा है। जिसकी ओर से थाना गिलौला तथा आसपास के क्षेत्रों में मानव शरीर व संपत्ति संबंधी कई अपराध कारित किये जाते रहे हैं। इसकी अपराधिक गतिविधियों से क्षेत्र के लोगों में भय व्याप्त रहता था।

## भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

जमुनहा, संवाददाता। एसआई जीतेन्द्र हजारिका ने गुरूवार को टीम के साथ सरहद पर लगे पिलर संख्या 641 के पहले भारतीय क्षेत्र में नाकाबंदी की। थोड़ी देर बाद एक संदिग्ध व्यक्ति सिर पर बोरा रखे आता दिखा। करीब आने पर जवानो ने आवाज देकर रुकने को कहा। लेकिन आरोपी बोरा फेंक कर वापस नेपाल की ओर भागने लगा। लेकिन चौकन्ने जवानो ने घेरकर उसे पकड़ लिया। बोरे की तलाशी लेने पर उसमें कर्णाली सौंफी 150, कर्णाली रंगीन 54, रेशमी इलाइची 21 व कर्णाली स्पेशल 15 शीशी सहित कुल 240 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई। पकड़े गये कोरियर की पहचान थाना मल्हीपुर के बांसगढ़ी निवासी रामजी पुत्र छोटेलाल के रूप में हुई।

# रिफ्लेक्टिव पेन्ट लगाया गया

श्रावस्ती। यातायात माह नवम्बर के अनुपालन में यातायात पुलिस की ओर से सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

प्रभारी निरीक्षक यातायात मनीष पाण्डेय की ओर से टीम के साथ जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। साथ ही ठंड के मौसम में कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टिव पेन्ट लगाया गया। यातायात प्रभारी ने बताया कि नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# वाहनों में चस्पा किए रिफ्लेक्टिव पेंट

**श्रावस्ती :** सड़क हादसों व उनसे होने वाली मौत को रोकने के लिए यातायात माह मनाया जा रहा है। गुरुवार को यातायात प्रभारी मनीष पांडेय ने टीम के साथ सड़क पर पहुंच कर वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टिव पेंट लगाकर चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।( वि.)

# विभिन्न चेक पोस्ट पर 199 वाहनों का किया चालान

**श्रावस्ती :** विभिन्न चेक पोस्ट पर पुलिस की ओर से अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान यातायात नियमो का उल्लंघन करने पर 199 वाहनों का चालान किया गया। दो लाख 92 हजार 700 रुपये का शमन भी किया गया।( वि.)

# धोखाधड़ी के फरार आरोपित के घर नोटिस चस्पा

**श्रावस्ती :** धोखाधड़ी के आरोपित गिरंट बाजार निवासी इस्लाम उर्फ भूरे की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की ओर से निरंतर दबिश दी जा रही थी, लेकिन वह फरार चल रहा है। गुरुवार को न्यायालय के आदेश उसके घर पर नोटिस चस्पा कर मुनादी कराई गई।( वि.)

# जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

श्रावस्ती : गिलौला पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कटहा निवासी जिला बदर अपराधी अंगनू को उसके गांव से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपित को न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया। ( वि.)

# शांति भंग के आरोप में दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने बुधवार रात गश्त के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई की गई है। वहीं जिला पुलिस ने गुरुवार को चेकिंग अभियान के दौरान 199 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान किया। इस दौरान पुलिस ने 2,92,700 रुपये जुर्माना भी वसूला। (संवाद)

# 240 शीशी नेपाली शराब बरामद

**जमुनहा (श्रावस्ती)।** एसएसबी व जमुनहा चौकी पुलिस की संयुक्त टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से टीम ने 240 शीशी नेपाली शराब बरामद की। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। एसएसबी 42वीं वाहिनी कोदिया के सहायक उपनिरीक्षक जितेंद्र हजारीका जमुनहा पुलिस चौकी प्रभारी कृष्ण गोपाल राय टीम के साथ सीमा क्षेत्र में पेट्रोलिंग करने निकले थे। इस दौरान इंडो-नेपाल सीमा स्थित पिलर संख्या 641 से होलस पुरवा ककरदरी के बीच गुरुवार भोर एक युवक को गिरफ्तार किया गया। जिसकी पहचान चौकी क्षेत्र के फतेहपुर बनगई के मजरा बासगढ़ी निवासी रामजी पुत्र छोटे लाल के रूप में हुई। जिसके पास मौजूद बोरी से टीम ने 240 शीशी नेपाली करणाली व लीची करणाली शराब बरामद की। जिसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (संवाद)